फाल्गुन कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 6 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 346, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होता : जयशंकर 16

लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज 15

## अपहरण के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह दोषी

जौनपुर, एजेंसी

- अपर जिला सत्र अदालत आज सुनाएगी सजा

जौनपुर की अपर सत्र अदालत ने बाहुबली पूर्व सांसद और जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव धनंजय सिंह समेत दो अभियुक्तों को अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में मंगलवार को दोषी करार दिया। अदालत बुधवार को सजा सुनाएगी। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के प्रबंधक मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई, 2020 को जौनपुर के लाइन बाजार थाने में धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम के खिलाफ अपहरण और रंगदारी मांगने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि विक्रम ने उनका अपहरण कर धनंजय के आवास पर ले गया। जहां धनंजय सिंह ने धमकी देने के बाद रंगदारी मांगी। मुकदमा दर्ज होने के बाद धनंजय सिंह गिरफ्तार भी हुए थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने धनंजय सिंह और संतोष विक्रम को दोषी करार दिया है।

## रेणुका को पुलिस भर्ती बोर्ड अध्यक्ष पद से हटाया

**लखनऊ।** सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले को गंभीरता लेते हुए शासन ने उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को पद से हटाकर प्रतिक्षारत में डाल दिया है। डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को भर्ती बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शासन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक मामले में चूक, परीक्षा रद होने के बाद भर्ती बोर्ड की आंतरिक समीक्षा समिति की रिपोर्ट नहीं देना और इस मामले में अब तक एफआईआर दर्ज न कराना भी, उनके खिलाफ शासन की नाराजगी की वजह बन गई थी।

## योगी मंत्रिमंडल का विस्तार, चार और कैबिनेट मंत्री शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में दिलाई शपथ मुख्यमंत्री भी रहे मौजूद
- दारा सिंह, सुनील शर्मा, सुभासपा के ओपी राजभर रालोद से अनिल शामिल

**अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार-दो के मंत्रिमंडल में चार नए कैबिनेट मंत्रियों को शामिल किया गया है। मंगलवार को राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने चारों को शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह पहला शपथ ग्रहण समारोह रहा।

कैबिनेट मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ लेने वाले नए मंत्रियों में भाजपा से दारा सिंह चौहान और सुनील शर्मा हैं। वहीं, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) से अनिल कुमार शामिल हैं। दरअसल, राजभर को तो एनडीए में शामिल होने के बाद ही बेसब्री से मंत्रीपद मिलने का इंतजार था, पिछले दिनों उन्होंने पद न मिलने पर होली न मनाने की चेतावनी भी दी थी। इसके साथ ही प्रदेश मंत्रिमंडल में अब 22 कैबिनेट समेत 56 मंत्री हो गए हैं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नवनिर्वाचित मंत्रियों को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दीं। जो चार मंत्री बनाए गए हैं उनमें दो पूर्वी उत्तर प्रदेश से व दो पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हैं।



शपथ लेने के बाद राज्यपाल आनंदी बेन और मुख्यमंत्री योगी के साथ नए मंत्री।

### ये हैं नए कैबिनेट मंत्री

**ओमप्रकाश राजभर** : गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा से विधायक। एनडीए के घटक दल सुभासपा के अध्यक्ष। योगी आदित्यनाथ के पहले कार्यकाल में भी मंत्री थे।

**दारा सिंह चौहान** : मऊ की घोसी सीट से सपा विधायक थे, फिर भाजपा में आकर घोसी से उपचुनाव लड़े और पराजित। पहले एमएलसी बनाया गया, अब कैबिनेट मंत्री।

**सुनील शर्मा** : 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में साहिबाबाद विधानसभा सीट पर रिकॉर्ड जीत हासिल की। 2 लाख 14 हजार 386 वोटों से सपा गठबंधन प्रत्याशी अमरपाल शर्मा को हराया।

**अनिल कुमार** : मुजफ्फरनगर जिले की अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीट पुरकाजी से सपा में रहते हुए रालोद के सिंबल पर वर्ष 2022 में विधायक निर्वाचित।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुरुवार को केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के आगमन के मद्देनजर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा निरस्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली कश्मीर यात्रा होगी। मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री की हाईप्रोफाइल दौरे को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा उपाय बढ़ाए गए हैं और सभी आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं।

### स्पाइसजेट ने 1.12 करोड़ डॉलर का विवाद निपटाया

**नई दिल्ली।** आर्थिक संकट में फंसी एयरलाइन स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि उसने 1.12 करोड़ डॉलर की राशि से जुड़े विवाद में विमान पट्टे पर देने वाली कंपनी क्रॉस ओशन पार्टनर्स के साथ समझौता कर लिया है। एयरलाइन ने कहा कि इस विवाद निपटान समझौते के तहत बिना किसी अतिरिक्त लागत के एयरफ्रेम और इंजन के हस्तांतरण से उसे लाभ होगा। स्पाइसजेट ने बयान में कहा कि क्रॉस ओशन पार्टनर्स की तरफ से दायर याचिका पर दोनों पक्षों ने दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष यह संयुक्त घोषणा की।

# निजी नलकूपों को मिलेगी मुफ्त बिजली

- 14.78 लाख ग्रामीण व शहरी नलकूपों का बिल माफ करने का फैसला
- सात करोड़ किसानों को चुनाव से पहले राज्य सरकार ने दी बड़ी राहत
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में हुए 29 अहम फैसले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 29 अहम फैसले लिए गए। किसानों के निजी नलकूपों की बिजली बिल पूरी तरफ मुफ्त कर दी गई। सरकार ने 14.78 लाख ग्रामीण और शहरी नलकूपों की बिजली बिल पिछले साल के अप्रैल माह से ही शून्य कर दी है। दावा किया कि इससे करीब सात करोड़ किसानों को राहत देकर चुनाव में किए गए वादे को पूरा किया गया है। वहीं, होमगार्ड के भोजन भत्ता को 30 रुपये से बढ़ाकर 120 रुपये किया गया है।

मुख्यमंत्री आवास पर हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद लोकभवन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों के दौरान घोषणा की थी कि किसानों को उनके निजी नलकूपों पर शतप्रतिशत छूट दी जाएगी। राज्य में लगभग 14 लाख 73 हजार ग्रामीण नलकूप हैं, जबकि 5,188 शहरी नलकूप हैं। सरकार ने लगभग 200 ग्राम पंचायतों को नगर ग्राम पंचायतों में बदल दिया है, इसलिए शहरी और ग्रामीण का फर्क खत्म करके इसे मर्ज कर दिया है। इस तरह कुल 14 लाख 78 हजार नलकूपों पर किसानों को बिजली बिल पर छूट का लाभ मिलेगा। शर्मा ने बताया कि मेरे पास खुद भी ट्यूबवेल है और इसी आधार पर हम कह सकते हैं कि एक ट्यूबवेल से 8 से 10 किसान लाभान्वित होते हैं, जिसके खेत तक पानी पहुंचता है।

इस तरह लगभग डेढ़ करोड़ किसानों को इस योजना से लाभ होने वाला है। प्रति किसान यदि 5 सदस्यों के परिवार की गणना करें तो लगभग 6-7 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। किसानों को अब एक अप्रैल 2023 से कोई बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके पहले का यदि कोई बकाया है तो उसके लिए हम ब्याज रहित योजना लेकर आएंगे और उसका भी क्रियान्वयन आने वाले दिनों में किया जाएगा। 2023-24 में मुख्यमंत्री ने इस योजना के लिए 2400 करोड़ और 2024-25 के बजट में 1800 करोड़ का प्रावधान किया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।

### सरकार ने प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को भी दी मंजूरी



सरकार ने प्रदेश में इनवायरमेंट फ्रेंडली एनर्जी के प्रोडक्शन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन के रूप में बड़े कारखाने जैसे फर्टिलाइजर प्लांट, पेट्रोकेमिकल प्लांट और स्टील प्लांट में होता है। अभी तक हाइड्रोजन पैदा करने की जो तकनीक थी वो बिजली या गैस के सहारे होती थी, जिसे ग्रे हाइड्रोजन कहा जाता है। ग्रे हाइड्रोजन को ग्रीन हाइड्रोजन में परिवर्तित करने की दिशा में बहुत बड़ा काम शुरू हुआ है। पॉलिसी में आने वाले चार साल यानी 2028 तक प्रतिवर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति की समयावधि पांच वर्ष रखी गई है। समयावधि में जो उद्योग यहां आएंगे उन्हें 5 हजार 45 करोड़ रुपये सब्सिडी व अन्य राहतों के रूप में प्रदान किए जाएंगे। 10 से 30 प्रतिशत तक कैपिटल एक्सपेंडीचर पर सब्सिडी देंगे। पहले 5 उद्योगों को 40 प्रतिशत तक छूट प्रदान करेंगे। इसके तहत एनर्जी बैंकिंग का भी प्रावधान कर रहे हैं। इंट्रास्टेट बिजली भेजने पर जो चार्जेस लगते हैं उस पर 100 प्रतिशत तक छूट देंगे।

### राज्य राजधानी क्षेत्र के गठन का रास्ता साफ

मंत्रिमंडल ने उप्र राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों के गठन अध्यादेश से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य है कि दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर यहां नियोजित विकास किया जा सके। काफी समय से नागरिकों की सुविधा की दृष्टि ये आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि राज्य राजधानी क्षेत्र में लखनऊ के साथ शामिल बाराबंकी, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव के अलावा अन्य पड़ोसी जिलों में भी अनियोजित विकास न हो। इस अध्यादेश के तहत सभी प्राधिकरणों के कोऑपरेशन-कोऑर्डिनेशन से विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। किसी प्राधिकरण का मर्जर नहीं होगा, सभी का अस्तित्व बरकरार रहेगा।

## तौकीर रजा 2010 के दंगे का मास्टर माइंड

विधि संवाददाता, बरेली

### कोर्ट ने किया तलब

- कोर्ट से 7 आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट भी जारी
- कमिश्नर, डीआईजी, एसएसपी डीएम को भी माना सहयोगी
- भड़काऊ भाषण देने के बावजूद हटा दिया था चार्जशीट से नाम

**अमृत विचार :** फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने आईएमसी अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा को वर्ष 2010 में बरावफात के दिन शहर में हुए दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए तलब किया है। मंगलवार को विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव की गवाही के बाद चार्जशीट में तौकीर का नाम न शामिल किए जाने का संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने आदेश जारी किया। इसी आधार पर तत्कालीन कमिश्नर, डीएम, डीआईजी, एसएसपी को भी मौलाना का सहयोगी मानते हुए आदेश की प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भेजी है। सात आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किए गए हैं।



शहर में 2010 में हुए दंगे के बाद प्रेमनगर पुलिस ने बलवा, विधि विरुद्ध जमाव, हत्या की कोशिश जैसी गंभीर धाराओं में 178 नामजद और हजारों अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। राज्य बनाम शहजादे आदि नाम से यह केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में विचाराधीन है। डीजीसी क्राइम सुनीति कुमार पाठक के मुताबिक कोर्ट ने पाया कि दंगे के दिन तौकीर रजा ने कोहाड़ापीर में मंच से पुलिस-प्रशासन और हिंदुओं को ललकारा था कि आधे घंटे में चाहबाई से जुलूस नहीं निकलने दिया गया तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। खून की नदियां बहा दूंगा। हिंदुओं के घर को तहस-नहस कर आग के हवाले कर दूंगा। किन्तु चार्जशीट से मौलाना तौकीर का नाम हटा दिया गया। मंगलवार को केस के विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने विवेचना के तथ्यों का उल्लेख करते हुए अदालत में बताया कि दंगे वाले दिन तौकीर रजा ने दोपहर में कोहाड़ापीर आकर भड़काऊ भाषण दिया था। कोर्ट ने मौलाना तौकीर को 11 मार्च को सुनवाई पर तलब किया है।

## 7 राज्यों में 17 ठिकानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली/चेन्नई, एजेंसी




- बंगलुरु जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने और रामेश्वर कैफे में विस्फोट का मामला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी द्वारा कर्नाटक में बेंगलुरु की जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने से जुड़े मामले में मंगलवार को सात राज्यों के 17 स्थानों पर छापेमारी की है। वहीं, एक मार्च को बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में चेन्नई एवं रामनाथुरुम जिले में करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की है।

केंद्रीय जांच एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि बेंगलुरु शहर पुलिस ने पिछले साल जुलाई में सात पिस्तौल, चार हथगोले, एक मैगजीन सहित अन्य गोला-बारूद की जब्ती के बाद मामला दर्ज किया था। शुरुआत में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था और उनसे पूछताछ के बाद एक और गिरफ्तारी हुई। लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी टी. नासिर इस मामले में जुनैद अहमद के साथ आरोपी है। नासिर ने बेंगलुरु की केंद्रीय जेल में पांच लोगों को कट्टरपंथी बनाया था। जुनैद अहमद फरार है। उधर, एनआईए ने गत एक मार्च को कर्नाटक के बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में चेन्नई एवं रामनाथुरुम जिले में छापे मारे। करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की जा रही है। एनआईए ने यह पता लगाने के लिए छापेमारी की कि बेंगलुरु कैफे विस्फोट के तमिलनाडु के किसी संगठन से कोई संबंध है या नहीं। प्रारंभिक जांच में विस्फोट में कर्नाटक के बाहर के लोगों के साथ कुछ संदिग्ध संबंधों की संलिप्तता का पता चला है, जिसके कारण गृह मंत्रालय ने जांच एनआईए को सौंपी। उत्तरी चेन्नई के मन्नाडे और मुथियालपेट और दक्षिणी रामनाथपुरम जिले में भी छापेमारी की जा रही है।

### शिवकुमार-सिद्धरमैया को मिला धमकी भरा मेल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि उन्हें और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को एक ईमेल मिला है जिसमें 25 लाख अमेरिकी डॉलर (20.7 करोड़ रुपये) का भुगतान नहीं करने पर राज्य में विस्फोट करने की धमकी दी गई है। राज्य कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उन्होंने ईमेल को पुलिस अधिकारियों को भेज दिया है और पुलिस ईमेल भेजने वाले का पता लगाने का प्रयास कर रही है।



सिद्धरमैया



डीके शिवकुमार

## फेसबुक-इंस्टाग्राम ठप, लॉग इन न होने से लोग रहे परेशान

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत सहित कई देशों में असर जीमेल-यूट्यूब भी प्रभावित

जीमेल, यूट्यूब, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों के तमाम उपयोगकर्ताओं को मंगलवार को भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में अपने खातों के संचालन में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। गूगल और मेटा के अधीन संचालित विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर उपयोगकर्ताओं के खाते अचानक ही निष्क्रिय नजर आने लगे। उन्हें इन खातों को खोलने पर अचानक एप बंद होने की स्थिति का सामना करना पड़ रहा था। सोशल मीडिया नेटवर्क पर होने वाली गड़बड़ियों पर नजर रखने वाले मंच डाउन डिटेक्टर के मुताबिक, गूगल और मेटा के विभिन्न ऐप में नेटवर्क खराब होने की समस्या भारतीय समयानुसार रात नौ बजे के आसपास आई थी।

लोगों की शिकायत है कि उन्हें फेसबुक, इंस्टाग्राम, जीमेल, यूट्यूब के खातों से लॉग-आउट कर दिया गया है। रोबोज डॉटइन टेक के सीईओ मिलिंद राज ने कहा कि मुझे संदेह है कि यह एक वैश्विक साइबर हमला है। फेसबुक और इंस्टाग्राम का संचालन करने वाली कंपनी मेटा के संचार निदेशक एंडी स्टोन ने कहा कि हम समस्या दूर करने पर काम कर रहे हैं।

## भारतीय एप को बहाल करने पर सहमत हुआ गूगल

**नई दिल्ली।** प्ले स्टोर पर सेवा शुल्क भुगतान को लेकर गूगल और भारतीय कंपनियों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप के बाद गूगल भारतीय ऐप को बहाल करने पर सहमत हो गई है। दूरसंचार और सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि गूगल और स्टार्टअप समुदाय ने हमसे मुलाकात की है, बेहद रचनात्मक चर्चा हुई है। गूगल सभी ऐप को सूचीबद्ध करने के लिए सहमत हो गई है। गूगल ने भुगतान निर्देशों का पालन नहीं करने का हवाला देते हुए शुक्रवार को प्ले स्टोर से एक दर्जन डेवलपर्स के एप को हटा दिया था।

## बॉन्ड के चक्कर में कोऑपरेटिव बैंक ने गंवाए 2.08 करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 28 मार्च 2023 को हुई थी धोखाधड़ी की घटना, नौ महीने बाद दर्ज हुई एफआईआर

**अमृत विचार :** रामपुर जिले की दि न्यू अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक को जालसाज ने 2.08 करोड़ रुयये का चूना लगा दिया। बॉन्ड खरीदने के चक्कर में बैंक ने पूंजी गंवा दी। बैंक ने यह धनराशि 28 मार्च 2023 को जालसाज के खाते में ट्रांसफर की थी। इस मामले में नौ महीने बाद बैंक के सचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी जीवन तिवारी ने मुरादाबाद साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज कराया है। इसमें देबानजाय राय पुत्र मोंजायब्रत राय नामजद हुआ है जो पश्चिम बंगाल में 24 परगना उत्तर के दम-दम कोलकाता का निवासी और मेसर्स फिनिडियाज निवेश साईं कृपा इंफ्रा सिक्योरिटीज का उपाध्यक्ष है।

> दि न्यू अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के मामले में कार्रवाई चल रही है। घटना के काफी समय बाद मामला संज्ञान में आया। इस प्रकरण में बैंक को दो करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।
> – **धर्मेंद्र सिंह**, प्रभारी निरीक्षक, साइबर क्राइम थाना।

दि न्यू अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के सचिव ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने अपनी ई-मेल आइडी से बैंक की ई-मेल आइडी पर 100 रुपये प्रति बॉन्ड की दर से कोटेशन प्रस्तुत की थी। ब्याज दरों को देखकर बैंक ने दो करोड़ के बॉन्ड खरीद लिए थे। 28 मार्च 2023 को बैंक ने आरटीजीएस से साईं कृपा इंफ्रा सिक्योरिटीज के खाते में कुल 2,07,86,142 रुपये ट्रांसफर कर दिए थे। यह पैसा एचडीएफसी बैंक शाखा श्रीभूमि कोलकाता में ट्रांसफर हुआ था, लेकिन पैसा ट्रांसफर होने के बाद भी बॉन्ड नहीं मिले। 30 मार्च 2023 को फर्म प्रतिनिधि ने कहा कि डील निरस्त हो गई है, ठगी का अहसास होने पर बैंक के सहायक प्रबंधक निमिश अग्रवाल आदि स्थानीय एचडीएफसी बैंक शाखा पहुंचे। जालसाज के खाते की जांच में पता चला कि वो अपने खाते से पूरी धनराशि निकाल चुका है।

## एसपी ऑफिस पर युवक ने खुद को लगाई आग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



- वाहन का था विवाद पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत था युवक
- 50% झुलसा, लखनऊ किया रेफर, एएसपी सिटी करेंगे जांच

> ताहिर अली ने एसपी कार्यालय गेट पर आग लगाई है। उसके पास दो वाहन थे। वह उमेश तिवारी नाम के एक व्यक्ति के साथ काम करता था। उमेश ने उससे वाहन खरीदकर पैसे दे दिए थे, दूसरे वाहन की किश्तें जमा कर रहा था। ताहिर चाहते थे कि दोनों वाहन उन्हें मिल जाएं। जो विवाद की जड़ था। घटना की जांच एएसपी सिटी संजय कुमार को सौंपी गई है। – **अशोक कुमार मीणा**, एसपी

**अमृत विचार :** पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत युवक ने एसपी ऑफिस पर पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा लिया। पुलिसकर्मियों व अन्य लोगों ने आग बुझाया, लेकिन तब तक वह 50 प्रतिशत झुलस गया था। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया। एसपी ने मामले की जांच एएसपी सिटी को सौंपी है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव सेहरान निवासी ताहिर अली (45) के पास दो पिकअप वाहन थे। जिसे डेढ़ वर्ष पूर्व सदर बाजार क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी एक ग्रामीण को किराए पर दिए थे। आरोप है कि उसने गाड़ी लौटाने से मना कर दिया। बाद में एसपी के आदेश पर 13 अक्टूबर 2023 को वाहन बरामद कर कैंट चौकी में खड़े करा दिए गए थे। 16 अक्टूबर 2023 को ताहिर को वाहन दे दिए गए थे। पीड़ित का आरोप है कि वह चौकी से वाहन लेकर कांट जा रहा था, तभी उक्त ग्रामीण ने मारपीट कर वाहन छीनने का प्रयास किया जिसकी सदर बाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बाद में चौकी इंचार्ज और सिपाहियों के साथ आरोपी उसके घर पहुंचा और जबरन वाहन उठा ले गया। तभी से दोनों वाहन कैंट चौकी पर खड़े थे। उसने वाहन रिलीज को कोर्ट में अर्जी लगाई। वहां से बीती छह फरवरी की तारीख मिली थी। आरोप है कि सदर बाजार और पुलिस चौकी कैंट वाहन गायब करा दिए। मंगलवार दोपहर 12 बजे पत्नी व बच्चों के साथ एसपी कार्यालय गेट पर पहुंचा और अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। आग लगाने के बाद वह एसपी कार्यालय की तरफ भागा। पुलिस कर्मियों और मौजूद लोगों ने किसी तरह आग को बुझाया।

## नक्सली गतिविधियों में लिप्त दंपती को एटीएस ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप

**अमृत विचारः** एटीएस ने नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के जयंतीपुर प्रीतम नगर से कृपाशंकर सिंह और उसकी पत्नी बिन्दा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन को पकड़ा गया है। दोनों पति-पत्नी वहां छिपकर किराए के मकान में रह रहे थे। दोनों भाकपा (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, माओवादी) के प्रमुख सदस्य रहे हैं। कृपाशंकर सिंह मूलतः कुशीनगर का जबकि उसकी पत्नी रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वाली है।

एटीएस ने 5 जुलाई 2019 में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सभी पर देश के विभिन्न राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल होने और किसानों, मजदूरों को बहलाकर नक्सल संगठन के लिए काम करने के लिए तैयार करने का आरोप था। जांच के दौरान दो अभियुक्त मनीष श्रीवास्तव और अमिता श्रीवास्तव को उसी समय गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। साल 2023 में दो और अभियुक्तों बृजेश कुशवाहा और प्रभा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

**‘अमृत विचार’ आपके साथ**

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

**शहर में आज**



☞ ज्वाला क्लब के मैदान पर क्रिकेट का तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला सुबह 10:30 बजे।

☞ हॉकी टूर्नामेंट का पहला मुकाबला रुहेला टाइगर हॉकी मैदान पर पूर्वाह्न 11:30 बजे।

## जिले में 40 साल का रिकार्ड दे रहा गवाही, आजम खां के सवा दो साल जेल में रहने से नहीं मिल सका विकास का मौका

# निधि तो खूब मिली, लेकिन माननीयों की सुस्ती विकास की रफ्तार पर पड़ी भारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



राजेंद्र शर्मा।



बेगम नूरबानो।



मुख्तार अब्बास नकवी।



जयाप्रदा।



डॉ. नेपाल सिंह।



मोहम्मद आजम खां।



घनश्याम सिंह लोधी।

**अमृत विचार :** रामपुर का दुर्भाग्य रहा कि निधि तो खूब मिली लेकिन, कुछ माननीयों ने यहां विकास कराने में दिलचस्पी नहीं ली। दूसरी बार 13वीं लोकसभा के लिए चुनी गईं बेगम नूरबानो ने जिले में काफी विकास कराया जबकि, आजम खां के सवा दो साल जेल में रहने के कारण विकास रफ्तार नहीं पकड़ सका। नेपाल सिंह के लिए पैसे की कमी नहीं रही लेकिन, उसके सापेक्ष वह विकास को रफ्तार नहीं दे सके। कभी सरकार ने भी हाथ खींच लिया।

जिले में विकास रफ्तार नहीं पकड़ सका जबकि, शासन से प्राप्त धनराशि की कमी नहीं रही। 10वीं लोकसभा के लिए भाजपा के लिए चुने गए राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने सांसद निधि के दो करोड़ पांच लाख में से एक करोड़ 37 लाख रुपये खर्च किए। उन्हेंने 95 सड़कों के अलावा अन्य कार्य कराए। 11वीं लोकसभा के लिए कांग्रेस के टिकट पर चुनीं गईं बेगम नूरबानो को एक करोड़ 50 लाख रुपये मिले और उन्होंने 129 करोड़ 79 लाख खर्च कर 39 सड़कों के अलावा अन्य कार्य कराए। 12वीं लोकसभा के लिए भाजपा के टिकट पर मुख्तार अब्बास नकवी चुने गए और उन्होंने दो करोड़ पांच लाख में से दो करोड़ 40 लाख रुपये खर्च कर 70 सड़कों समेत 120 कार्य कराए। 13वीं लोकसभा में कांग्रेस के टिकट पर चुनी गईं बेगम नूरबानो ने 6 करोड़ 42 लाख में से जिले में छोटे-बड़े 697 कार्य कराए। सपा नेता आजम खां के कार्यकाल में शासन से पैसे की कम प्राप्ति हुई और जिलेभर में महज 17 कार्य इनके कार्यकाल में हुए। 14वीं लोकसभा में सपा के टिकट पर फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा ने चुनाव लड़ा और तीन करोड़ की निधि में सड़कों समेत 27 विकास कार्य कराए। 15वीं लोकसभा में चुनाव जीतने के बाद जयाप्रदा ने तीन करोड़ 12 लाख की निधि में एक करोड़ 97 लाख रुपये से छोटे-बड़े कार्य कराए। 16वीं लोकसभा में भाजपा के टिकट पर चुने गए डॉ. नेपाल सिंह ने जिले में 337 सड़कें बनवाईं। विद्युतीकरण और पांच स्कूलों का निर्माण कराया। 17वीं लोकसभा के लिए चुने गए मोहम्मद आजम खां ने महज 17 कार्य कराए थे। 17वीं लोकसभा में आजम खां के इस्तीफा देने के बाद वर्ष 2022 में हुए उपचुनाव में घनश्याम सिंह लोधी ने भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की और जिले में विकास के पहिये को घुमाया। उन्होंने साढ़े पंद्रह करोड़ से सड़कें, सोलर लाइट और प्याऊ का निर्माण कराया। इसके अलावा अन्य छोटे-बड़े कुल 703 कार्य कराए हैं। सांसद निधि के आंकड़ों का स्त्रोत डीआरडीए है।

### आजम खां की सांसद निधि का भी घनश्याम लोधी ने किया उपयोग

पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां ने वर्ष 2019 में सपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा और फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा को करारी शिकस्त देकर लोकसभा का सफर तय किया। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2022 में लोकसभा से त्याग पत्र दे दिया। आजम खां के त्याग पत्र देने के बाद सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए घनश्याम सिंह लोधी को भाजपा ने लोकसभा उपचुनाव में टिकट थमाया। उनका चुनाव प्रचार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रामपुर पहुंचे और फिजिकल कॉलेज मैदान में जनता से तमाम वादे किए। बिलासपुर चीनी मिल का विस्तारीकरण के साथ वहां की पेराई क्षमता बढ़ाने का भी ऐलान किया, जो पूरा नहीं हुआ है। पूरा सीजन किसान परेशान होते रहे। रुद्र-बिलास चीनी मिल की पुरानी मशीनें हांफ कर बंद हो जाती हैं। घनश्याम सिंह लोधी ने उपचुनाव जीत लिया और आजम खां की सांसद निधि कि 57 लाख रुपयों का उपयोग किया।

> सांसद द्वारा भेजे गए प्रस्तावों को जिलाधिकारी ने स्वीकृत कर भेजा था। सभी प्रस्तावों की स्वीकृति मिलने के बाद उन पर कार्य शुरू करा दिया गया है। सांसद ने प्याऊ, सोलर लाइट, सड़कों और अंत्येष्टि स्थल के प्रस्ताव दिए थे। –डीके तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए

### रठौंडा मेले का आज नकवी करेंगे उद्घाटन

**रामपुर, अमृत विचार:** किसान रठौंडा मेले का उदघाटन पूर्व केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी बुधवार को करेंगें। विशिष्ट अतिथि कृषि राज्यमंत्री बल्देव सिंह औलख रहेंगे। मेले में अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, सांसद घनश्याम सिंह लोधी, शाहबाद मिलक विधायक राजबाला, शहर विधायक आकाश सक्सेना, ब्लाक प्रमुख अर्चना गंगवार, मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, जिलाधिकार जोगिन्दर सिंह, सीडीओ डा. नंद किशोर कलाल और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी मौजूद रहेंगे। **स्टेडियम में आज से तीन दिवसीय किसान मेला:** उप कृषि निदेशक ने बताया कि कृषि सूचना तंत्र सुदृढ़ीकरण और कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय विराट किसान मेला का आयोजन छह से आठ मार्च तक राजकीय शरीरिक प्रशिक्षण मैदान में होगा। जिसमें जनपद सहारनपुर, बिजनौर, रामपुर, मुरादाबाद, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच और श्रावस्ती के कृषको और अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

**एक नजर**

### कल थम जाएगी राणा चीनी मिल की चेन

**शाहबाद, अमृत विचार :** राणा चीनी मिल की चेन गुरुवार रात को थम जाएगी। चीनी मिल के चालू पेराई सत्र का समापन हो जाएगा। राणा मिल मौजूदा पेराई सत्र बंद करने जा रही है। कल गुरुवार को राणा मिल की चेन थम जाएगी। मिल के जीएम केपी सिंह ने बताया कि सात मार्च को मिल का पेराई सत्र समाप्त हो रहा है। लिहाजा, किसान अपने शेष गन्ने की आपूर्ति समय रहते कर दें। साथ ही उन्होंने किसानों से अपील कर कहा कि आगामी सत्र के लिए क्षेत्र के किसान गन्ने की उन्नतिशील प्रजातियों की बुआई करें।

### विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान का आगाज

**रामपुर, अमृत विचार :** विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान के अंतर्गत चमरौआ, मिलक विधानसभा में भी कार्यक्रम का आगाज हुआ। अपना दल एस के जिलाध्यक्ष चौधर घनवीर सिंह संधू ने कहा कि लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर ओम प्रकाश सैनी, करतार लोधी, सुरेश सिंह लोधी, कुंवर पाल यादव, महेश चंद्रवंशी आदि रहे।

# भारी वाहनों के लिए मार्ग परिवर्तित

## अजीतपुर बाइपास से लेकर शाहबाद के रास्ते गुजरेंगे, पुलिस तैनात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



पुलिसकर्मियों से जानकारी लेते एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आठ मार्च को महाशिव रात्रि पर कांवड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने मंगलवार शाम से ही भारी वाहनों के लिए मार्ग परिवर्तित कर दिया है। शहर के अंदर आने वाले भारी वाहनों को वाया शाहबाद से होकर निकाला जाएगा। इसका पालन कराने के लिए कोसी नदी के पुल पर पुलिस टीम को तैनात कर दिया गया है।

महाशिवरात्रि का पर्व शिव और पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। शिव भक्त मंदिरों में जाकर मन्नत मांगते हैं। मन्नत पूरी हो जाने पर हर वर्ष शिवरात्रि से पहले भक्त कांवड़ लेने के लिए टोलियों के साथ रवाना हो जाते हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में भक्त हरिद्वार, बृजघाट के लिए रवाना हो रहे हैं। इस बार आठ मार्च को शिवरात्रि है। मात्र दो दिन शेष बचे हैं। गुरुवार से गंगा जल लेकर भक्त लौटने शुरू हो जाएंगे। शिवभक्तों की सुरक्षा के लिहाज से मंगलवार शाम से मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है। कोसी नदी के पुल पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। दोपहर को एएसपी ने ड्यूटी चेक की। पुलिसकर्मियों को सख्ती के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। कहा कि कोई भी चालक भारी वाहन शहर के अंदर न ले जा सके। भारी वाहनों को हाईवे से गुजारा जाए।

> शिवरात्रि को लेकर भारी वाहनों के लिए मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है। नियमों का पालन कराया जा रहा है। यह आदेश नौ मार्च तक रहेगा। –विजेंद्र कुमार, टीआई

### शिवरात्रि के लिए मंदिरों में शुरू हुईं तैयारियां

शिवरात्रि पर शिव भक्त मंदिरों में जल चढ़ाने आएंगे। उसे देखते हुए मंदिरों को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है। जलाभिषेक के लिए मंदिरों में तैयारियां की जा रही हैं। मंदिरों में भक्तों की लाइन के लिए बैरिकेडिंग की जा रही है। मंदिरों में सफाई कराई जा रही है।

### शहर के अंदर होकर गुजरेंगी रोडवेज बसें

कांवड़ लेकर आने वाले भक्तों की सुरक्षा के लिए आसपास मुख्य चौराहों पर पुलिस को तैनात किया जाएगा। कोसी नदी के पुल के पास टैंट लगाकर अस्थायी चौकी भी बनाई गई। रोडवेज बसों को अभी शहर के अंदर से ही होकर गुजारा जाएगा। ताकि यात्रियों को परेशानी नहीं हो सके।

### शाहबाद गेट बिजलीघर की जिम्मेदारी राम सिंह को

**रामपुर, अमृत विचार:** शाहबाद गेट बिजलीघर की जिम्मेदारी राम सिंह को मिली है। राम सिंह के पास रजा इंटर कॉलेज बिजलीघर का भी चार्ज है। राम सिंह से पहले शाहबाद गेट बिजलीघर में आलोक तिवारी की तैनाती थी। उन्होंने अब यहां से विद्युत निगम के अधिकारियों द्वारा हटा दिया गया है। राम सिंह ने बताया कि उनके पास पहले से रजा इंटर कालेज का चार्ज है इसके अलावा शाहबाद गेट बिजली घर का भी अतिरिक्त चार्ज दिया है। **टीम ने बिजली चोरी पकड़ी :** बिजली चोरी पर रोक लगाए जाने के लिए मंगलवार को विद्युत निगम की टीम ने चेकिंग की। जिसमें पहाड़ी गेट क्षेत्र के मोहल्ला तालाब मुल्ला ऐरम में पांच घरों से अतिरिक्त केबिल के जरिए चोरी की जा रही थी। सभी के खिलाफ बिजली चोरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एसडीओ विनय कुमार ने बताया कि चोरी पर रोक लगाए जाने के लिए चेकिंग कराई गई जिसमें पांच घरों से चोरी मिली। उपभोक्ता बिजली चोरी नहीं करे।

## जिलाधिकारी व एसपी ने चुनाव की तैयारियों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**निर्देश**

- मंडी परिसर में क्षतिग्रस्त भवन दुरुस्त कराने के लिए कहा
- उपजिला निर्वाचन अधिकारी ली व्यवस्थाओं की जानकारी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने नवीन मंडी परिसर का निरीक्षण कर लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने डिकोडिंग सेंटर, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, विधानसभा वार पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, स्ट्रांग रूम समेत अन्य निर्धारित स्थल का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेमसिंह से पूर्व में आयोजित निर्वाचन के दौरान कराई गई व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। कहा कि सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। जरूरी स्थलों पर मजबूत बैरिकेटिंग होनी चाहिए। पोलिंग पार्टियों व प्रत्याशियों की सुविधा के दृष्टिगत साइनेज भी पर्याप्त मात्रा में लगाए जाएं। मंडी परिसर में क्षतिग्रस्त भवन दुरुस्त कराने को कहा।

इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव और नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा सहित समस्त एसडीएम भी मौजूद रहे। उधर, अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त हेम सिंह ने बताया कि बुधवार को निर्वाचन के मद्देनजर सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी जाएगी। प्रशासन की ओर से चुनावी तैयारियों को तेजी से पूर्ण किया जा रहा है।



आंबेडकर पार्क से रैली निकलतीं भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

## महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने शहर में निकाली स्कूटी रैली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी की ओर से महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने स्कूटी रैली निकाली। रैली का आगाज जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली आंबेडकर पार्क से शुरू होकर स्टार चौराहे से होते हुए गांधी समाधि पर जाकर संपन्न हुई।

महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने नारी शक्ति का प्रदर्शन किया। स्कूटी रैली की अगआई महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पारुल अग्रवाल ने की।

इस दौरान प्रेम शंकर पांडेय, प्रमोद आहूजा, आशु गुप्ता, पूनम सागर, स्वेता शर्मा व नीलम सहनी आदि रहीं।

### रोडवेज वर्कशाप के पास नाले की कराई गई सफाई

**रामपुर, अमृत विचार:** रोडवेज वर्कशाप स्थित नगर पालिका की टीम ने नालियों की सफाई कराई। बारिश होने पर सड़कों पर जलभराव की समस्या से लोगों को दिक्कत होती है। दुकानों के कई दिन तक जलभराव रहता है।

दुकानदारों ने बताया कि कई नालियों की सफाई नहीं होने से लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है, सिविल लाइंस कोतवाली स्थित जो नाला है कि कई वर्षों से चोक है। नाले की सफाई नहीं होने पर पानी की निकासी नहीं होती है। मंगलवार को खाद्य एवं सफाई निरीक्षक अविनाश कुमार ने नाली की सफाई कराने के लिए कर्मचारियों को लगाया। यह कार्य करीब तीन से चार दिन तक कार्य कराया जाएगा। जिससे कि लोगों को परेशानी न हो।



फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते सांसद घनश्याम सिंह लोधी।

## सांसद ने किया प्रदर्शनी का आरंभ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सांसद घनश्याम सिंह लोधी और जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना विभाग की ओर से लगाई गई तीन दिवसीय प्रदर्शनी का मंगलवार दोपहर फीता काटकर आरंभ किया।

इस दौरान सांसद ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आम जनमानस के सर्वांगीण विकास की सरकार की मंशा को साकार रूप मिल रहा है। देश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। लोगों को रोजगार के अवसर दिए जा रहे हैं। देश में गरीबी में भी कमी दर्ज की गई है। सांसद ने योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए एक एलइडी वैन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, एडीएम प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य आदि रहे।

# विवाह योजना में साढ़े छह हजार आवेदन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**योजना**

- समाज कल्याण विभाग ने सत्यापन के बाद 1000 पात्रों का किया चयन
- नौ मार्च को फिजिकल कॉलेज स्टेडियम में होगा सामूहिक विवाह का कार्यक्रम

**अमृत विचार :** जनपद में साढ़े छह हजार लोगों ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने के लिए समाज कल्याण विभाग में आवेदन किए हैं। इन आवेदनों का सत्यापन कर एक हजार पात्रों को चिह्नित किया गया है। नौ मार्च को शहर के फिजिकल कॉलेज स्टेडियम में सामूहिक विवाह कार्यक्रम होगा। इसे लेकर विभाग के अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है।

जनपद में छह ब्लॉक हैं। इनमें स्वार, सैदनगर, बिलासपुर, मिलक, शाहबाद, चमरौआ और शहरी क्षेत्र के साढ़े छह हजार लोगों ने आवेदन किए हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी के लिए अब ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सीमा अधिकतम दो लाख रुपये तक निर्धारित होगी। पुत्री की आयु 18 और पुत्र की आयु 21 वर्ष होना अनिवार्य है। इन सभी को शर्तों को पूरा करना होगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय आवेदक को आधार कार्ड तहसील द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र, आय से संबंधित प्रपत्र अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के प्रकरण में जाति से संबंधित प्रमाण पत्र तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।

> मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत साढ़े छह हजार लोगों ने आवेदन किया है। इनका सत्यापन कराने के बाद 1000 को पात्र को चिह्नित किया गया है। नौ मार्च को कार्यक्रम होना है, आवेदन कराए जाने के लिए समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया है कि कार्यालय में आए आवेदनों का सत्यापन करें। –सूरज कुमारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी



बिलासपुर में कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपा की महिला कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## महिलाओं के लिए खोला योजनाओं का पिटारा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** पूर्व विधायक बीना भारद्वाज ने महिला कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शक्ति, देश की महिलाओं को समर्पित अनेक योजनाएं संचालित हैं। उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि, उजाला योजना, मुद्रा लोन, ड्रोन दीदी योजना, लखपति योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री ने एक गारंटी सुनिश्चित की है।

बिलासपुर में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत रन फॉर नेशन, रन फॉर मोदी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक बीना भारद्वाज ने फीता काटकर दौड़ का आगाज किया। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री महिलाओं को लेकर समर्पित हैं। उनके नेतृत्व में महिलाओं का विकास किया जा रहा है। आगे भी यह विकास निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में बिलासपुर के ब्लॉक प्रमुख कुलवंत औलख, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, चेतन पार्वती, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पारुल अग्रवाल, शकुंतला लोधी, पूनम सागर, मधुबाला गुनगुन, विजयलक्ष्मी शर्मा आदि मौजूद रहे।

**युवा महोत्सव** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहा युवा महोत्सव उमंग, मेंहदी रचना में मुस्कान रहीं प्रथम

# रंगोली, कार्टून और मेहंदी की छात्र-छात्राओं ने की रचना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



प्रतियोगिता में हाथों मेहंदी रचाकर दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा महोत्सव उमंग के दूसरे दिन मंगलवार को छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसमें क्विज, रंगोली रचना, कार्टून रचना, संस्मरण लेखन, मेहंदी रचना समेत अन्य प्रतियोगिताएं हुईं।

मेहंदी रचना प्रतियोगिता के आयोजन मंडल में डॉ. रेणु सिंह, डॉ. नेहा नागपाल, डॉ. सोनिया यादव, निर्णायक मंडल में डॉ. कुसुम लता, डॉ. सीमा तेवतिया शामिल रहीं। मेंहदी रचना में मुस्कान प्रथम, दानिया शमसी द्वितीय और सना मेहरुन्निसा को तीसरा स्थान मिला। क्विज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन एवं निर्णायक मंडल में डॉ. मोहम्मद नासिर, डॉ. मोहम्मद कामिल हुसैन, डॉ. नेहा नागपाल, डॉ. माया भारती, डॉ. कैश मियां, डॉ. अमेउद्दीन अंसारी, डॉ. संतोष यादव शामिल रहे। प्रश्नोत्तरी में प्रभात विश्वास प्रथम, शुभम सिंह, अरविंद यादव, योगेश द्वितीय और अदीब आलम सेहरीन सदफ को तीसरा स्थान मिला। रंगोली प्रतियोगिता में पहले ग्रुप में योगेश, समरीन, कनीज, फातमा मोसिम रजा प्रथम, चमन सिंह, प्रभात विश्वास, ममता गंगवार, कविता, कायनात दूसरे स्थान पर और इल्मा, दानिश नुजहत, शुएब, अनस तीसरा स्थान पर रहे। रंगोली आयोजन मंडल में डॉ. कुसुम लता डॉ. आकांक्षा, डॉ. दीक्षा, निर्णायक मंडल में डॉ.अजीता रानी, डॉ. रेशमा, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. आयुष रहे। कार्टून रचना प्रतियोगिता के आयोजन मंडल में डॉ. जहांगीर, डॉ. रेखा, डॉ. नरेश, डॉ. माया भारती, डॉ. प्रमोद कुमार एवं निर्णायक मंडल में डॉ. नितिन चौधरी, डॉ. रेशमा, डॉ. शैलेंद्र रहे। कार्टून रचना में रिदा प्रथम, प्रभात विश्वास द्वितीय और तरुणा और खुशी कश्यप तीसरे स्थान पर रहीं। संस्मरण लेखन प्रतियोगिता में अजमी प्रथम, जेहरा तारिक द्वितीय व वैशाली को तीसरा स्थान मिला। इस दौरान प्राचार्य डॉ. दीपा अग्रवाल व चीफ प्रॉक्टर डॉ. जागृति मदान, डॉ. मीनाक्षी गुप्ता मौजूद रहीं।

## एक नजर

### फेसबुक और इंस्टाग्राम हुई बंद, लोग परेशान

**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार रात करीब नौ बजे फेसबुक और इंस्टाग्राम मोबाइल में बंद हो गया। इससे लोग घबरा गए। एक दूसरे को संदेश के माध्यम से जानकारी दी। करीब डेढ़ घंटे बाद फेसबुक शुरू हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली। मंगलवार रात करीब नौ बजे लोग काम निपटाने के बाद फेस बुक और इंस्टाग्राम पर सक्रिय हो गए थे। इस बीच अचानक से फेसबुक और इंस्टाग्राम बंद हो गए। कुछ अपने मोबाइल को बंद करके खोलने लगे। लोगों के सोशल मीडिया पर मैसेज चलने लगे कि फेसबुक पर साइबर अटैक का हो गया है। ज्वालानगर निवासी प्रिया बताती हैं कि करीब नौ बजे अचानक से फेसबुक बंद हो गई। इसके अलावा इंस्टाग्राम भी नही चल रहा है। वहीं बबिता शर्मा का कहना है कि कुछ पल के लिए ऐसा लगा कि मोबाइल में परेशानी आ गई है बाद में पता चला कि फेसबुक ही बंद हो गई है।

# हादसे में बहेड़ी के फैक्ट्री कर्मी की मौत

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

**अमृत विचार:** मिलक थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बहेड़ी के फैक्ट्री कर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा कर परिजनों को सूचना दी।

जिले बरेली के बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव उलहेतापुर में धर्मेंद्र का परिवार रहता है। उनका पुत्र प्रदीप



(30) रुद्रपुर की एक फैक्ट्री में काम करता था। मंगलवार तड़के 4 बजे वह अपने परिजनों से रुद्रपुर फैक्ट्री जाने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन, वह किसी काम से मिलक आ गया था। रुद्रपुर लौटते समय बिलासपुर रोड स्थित गंगापुर मंदिर के पास सुबह करीब छह बजे किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान सड़क पर जाम लग गया। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौक पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और शिनाख्त कराने का प्रयास करती रही। इसके बाद युवक के मोबाइल पर घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलने के बाद प्रदीप के परिजन भी आ गए।

### मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

प्रदीप की मौत के बाद उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पति के मरने की जानकारी मिलने के बाद उसकी पत्नी यह सदमा सहन नहीं कर सकी और बेहोश हो गई। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतक ने अपने पीछे पत्नी व दो मासूम पुत्र छोड़े हैं। मृतक की पत्नी का कहना है कि उनकी देखभाल अब कौन करेगा। मृतक के रिश्तेदार भी अस्पताल पहुंच गए।

### युवक की मौत मामले में बस चालक पर रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** तीन दिन पहले सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने बस के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव महूनागर निवासी राजीव कुमार के अनुसार, दो मार्च को उसका भाई विवेक देवीपुरा शादी में शामिल होने जा रहा था। रास्ते में शाहबाद-बिलारी मार्ग पर मंगोली व राणा चीनी मिल के बीच उसकी बाइक को बस ने टक्कर मार दी। हादसे में विवेक की मौत हो गई। इसके बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने राजीव की तहरीर पर अज्ञात बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### मशीन चोरी प्रकरण में भी सुनवाई टली, अब दोनों मामलों में 13 मार्च और 22 को होगी

# शत्रु संपत्ति मामले में गवाह के नहीं आने से सुनवाई टली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में शत्रु संपत्ति के मामले में मंगलवार को गवाह के नहीं आने से सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 13 मार्च को सुनवाई होगी। उधर, मशीन चोरी प्रकरण के मामले में विवेचना चलने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 22 मार्च को सुनवाई होगी।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ वर्ष 2019 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें शत्रु संपत्ति कब्जाने का भी मामला है। यह मामला सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अल्लामा जमीर रिजवी ने अजीमनगर थाने में दर्ज कराया था। इसमें शत्रु संपत्ति को जौहर यूनिवर्सिटी में शामिल करने का आरोप है। जौहर यूनिवर्सिटी का संचालन जौहर ट्रस्ट करता है। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जौहर ट्रस्ट के चेयरमैन आजम खां समेत अन्य सदस्यों को नामजद किया था। पुलिस ने जांच पूरी कर कोर्ट में आजम खां के साथ ही उनके बड़े बेटे अदीब आजम, छोटे बेटे अब्दुल्ला आजम, डॉ. तजीन फात्मा, चमरौआ से विधायक नसीर अहमद खां, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन सलीम कासिम, मुश्ताक अहमद सिद्दीकी, निकहत अखलाक, जेडआर सिद्दीकी, फसी जैदी, सैयद गुलाम रिजवी, रहमत हुसैन जैदी, वसीम रिजवी, उबैद उल हक, मसूद खां गुड्डू के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। इस मामले की सुनवाई एमपीए-एमएल स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में हो रही है। पिछली तारीख पर 14 आरोपियों पर कोर्ट ने आरोप तय कर दिए थे। इस मामले में मंगलवार को गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई।

### डूंगरपुर के तीन मामलों में हुई सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में मंगलवार को डूंगरपुर से जुड़े तीन मामलों की सुनवाई हुई। पत्रावली बहस में लगी हुई थी। तीनों मामलों में बचाव पक्ष ने बहस की। इसके बाद सुनवाई के लिए कोर्ट एक मामले में छह मार्च, दूसरे में 11 मार्च और तीसरे में 12 मार्च की तारीख नियत कर दी है। सपा शासन काल जाने के बाद भाजपा सरकार ने आने के बाद आजम खां की घेराबंदी कर दी थी। डूंगरपुर में बने मकानों पर बुलडोजर चलवाने के मामले में आजम खां सहित काफी लोगों को आरोपी बनाया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही थी। मंगलवार को तीन मामलों में सुनवाई हुई।

▸▸ 2019 में आजम खां के खिलाफ दर्ज हुए थे कई मुकदमे

# सीआरपीएफ जवान की मौत मामले में रिपोर्ट

## पिता-पुत्रों समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में दर्ज हुआ मामला

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव रहमतगंज में पारिवारिक विवाद निपटाने गए सीआरपीएफ के जवान की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मृतक के पिता ने पिता-पुत्र समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव रहमतगंज में सोमवार दोपहर बाद हरस्वरूप और उसके पुत्रों में विवाद हो रहा था। मामला दूर की रिश्तेदारी का होने के कारण सीआरपीएफ के जवान धर्मेंद्र यादव उर्फ भूरा पुत्र जोगेंद्र सिंह यादव विवाद को निपटने के लिए उनके मकान पर पहुंचा। आरोप है कि विवाद को छोड़ पिता-पुत्रों ने सीआरपीएफ के जवान की बंदूक से गोली मारकर हत्या की। उस टूटी हुई बंदूक को भी पुलिस ने घर के आंगन से बरामद कर लिया था। गोली मारने से पहले सीआरपीएफ के जवान को लाइसेंसी बंदूक की बटों से भी पीटा गया था। मंगलवार को जैसे ही उसका शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। पिता जोगिंदर सिंह और जवान की मां, भाई बहन रो-रोते बेहाल हो गए। पुलिस ने जोगिंदर सिंह यादव की तहरीर पर हरस्वरूप और उनके पुत्र रामकुमार कृष्ण कुमार, राजेश कुमार, ललित कुमार को नामजद किया है।

पुलिस ने धारा 34, 323, 504, 506, 307 और 302 के तहत ममाला दर्ज किया है। चौकी इंचार्ज रोहित कुमार ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई है, लेकिन अभी आरोपी फरार हैं। मृतक का अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ पट्टीकला के कोसी पुल श्मशान घाट पर किया गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस व सीआरपीएफ के अधिकारी भी मौजूद रहे। जिला अस्पताल में डीआईजी सीआरपीएफ पहुंचे। जहां उन्होने मृतक के पिता से जानकारी ली।



पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र चढ़ाने जाते स्वार पुलिस इंस्पेक्टर संदीप त्यागी।

**घटना**

▸▸ सीआरपीएफ के अधिकारियों ने राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

▸▸ गांव रहमतगंज में पारिवारिक विवाद निपटने के दौरान गोली लगने से हुई थी जवान की मौत

### पंचतत्व में विलीन हुए धर्मेंद्र यादव

**मसवासी, अमृत विचार :** सीआरपीएफ जवान के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद मंगलवार को वह पंचतत्व में विलीन हो गए। सीआरपीएफ के अधिकारियों सहित क्षेत्र के लोगों ने नाम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। जवान की अंतिम यात्रा में हजारों लोगों का हुजूम उमड़ा। सोमवार को दो भाइयों का विवाद निपटाने के दौरान झगड़ा कर रहे एक पक्ष कृष्ण कुमार उर्फ पिंटू ने अपने पिता हरस्वरूप की लाइसेंसी बंदूक से सीआरपीएफ जवान धर्मेंद्र उर्फ भूरा के सर में गोली मार दी। जब तक परिजन अस्पताल पहुंचते तब तक सीआरपीएफ जवान धर्मेंद्र उर्फ भूरा की मौत हो चुकी थी। मंगलवार दोपहर सीआरपीएफ जवान धर्मेंद्र उर्फ भूरा के शव को गांव लाया गया। उसकी अंतिम यात्रा पट्टी कलां स्थित मोक्ष धाम पहुंची। जहां सीआरपीएफ के अधिकारियों, परिजनों सहित, थाना प्रभारी संदीप त्यागी, मसवासी चौकी प्रभारी रोहित कुमार, नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह, भाजपा स्वार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन कुमार सहित क्षेत्र के लोगों ने जवान को मुख्याग्नि दी। इसके बाद वह पंचतत्व में विलीन हो गया।

### गांव में दुकानों पर लटके ताले, ग्रामीणों में दहशत

**मसवासी, अमृत विचार :** सीआरपीएफ जवान की गोली लगने से हुई मौत के बाद से गांव में सन्नाटा पसर गया है। गांव में दहशत का माहौल है। गांव के दुकानदार अपनी दुकानों के ताले लगाकर घर बैठे हुए हैं। कोतवाली प्रभारी संदीप त्यागी ने बताया की जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

### ट्रक की टक्कर से घायल कार सवार की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**भोट, अमृत विचार:** रामपुर-काठगोदाम हाईवे पर 26 फरवरी की रात हुए हादसे में घायल युवक की दिल्ली स्थित एक अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पत्नी की तहरीर पर मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

उत्तराखंड के रूद्रपुर के बागवाला कोलडिया गांव निवासी अनीता यादव के अनुसार, 26 फरवरी को उसके पति शशि प्रताप यादव अपने साथी संजीव कुमार ,धर्मेन्द्र सिंह व विपिन वर्मा के साथ दिल्ली से रूद्रपुर आ रहे थे। नेशनल हाईवे में चस्का पंजाबी ढाबा के पास विपरीत दिशा से आ रहे कैंटर चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में उनके पति समेत चारों लोग घायल हो गए थे। चारों घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान ही 29 फरवरी को उनके पति शशि प्रताप यादव की मैक्स हास्पिटल वैशाली में मौत हो गई। अन्य तीनों घायलों की हालत गंभीर बताई गई है।



गांव अनवा में घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम। ● अमृत विचार

# वसूली के दौरान अमीनों से बकाएदार ने की अभद्रता

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** वसूली के दौरान बकाएदार और उसके परिजनों ने संग्रह अमीनों से अभद्रता की। टीम ने सख्ती दिखाई तो बकाएदार व परिजन हाथापाई पर उतारू हो गए। इसके बाद नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित ने पुलिस बुलाई तो आरोपी फरार हो गए।

मंगलवार को नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम गांव अनवा गई थी। यहां टीम ने शोभित और गोपाल के यहां वसूली करने पहुंची थी। दोनों सगे भाइयों पर बैंक लोन का करीब तीन लाख रुपये बकाया है। आरोप है कि टीम को देखते ही बकाएदार और उनके परिजन भड़क गए। उन्होंने अमीन प्रेमशंकर, विजेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, सर्वेश, मक्खन लाल और भूप सिंह के साथ अभद्रता की। अमीनों ने समझाया तो आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ हाथापाई कर दी। नायब तहसीलदार ने बताया कि वह गाड़ी में गली के बाहर मौजूद थे। अभद्रता देख उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद कोतवाल ओमकार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन इससे पहले ही आरोपी गांव से फरार हो गए। अमीन भूप सिंह ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है, लेकिन शाम तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी थी।

# प्रशासन से उठ रहा पीड़ितों का भरोसा

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** गांव सिलईबड़ा में छात्र की मौत के एक सप्ताह बाद भी सन्नाटा है। घटना स्थल व गांव में जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात हैं। हालांकि धीरे-धीरे गांव का माहौल सामान्य हो रहा है। लेकिन मृतक के घर पहुंचने वाले लोगों से प्रतिदिन बस्ती का माहौल गर्म हो जाता है।

बवाल के आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने पर लोगों में खौफ है। दलित बस्ती के लोग दहशत में दिन और रात गुजार रहे हैं। पुलिसकर्मियों की निगरानी में ग्रामीण अपनी दैनिक दिनचर्या को अंजाम दे रहे हैं। गांव की मुख्य सड़क पर स्थित दुकानें अब खुलने लगी हैं, लेकिन दुकानों पर अभी वव रौनक नहीं लौटी है।

दुकानों और चौराहों पर अक्सर घटना की चर्चा शुरू हो जाती है, लेकिन पुलिस को देख लोग कुछ भी बोलने से डर रहे हैं। एसडीएम और सीओ पुलिस बल के साथ लगातार घटना स्थल व बस्ती का जायजा ले रहे हैं। घर में अधिकारियों व पुलिस देख मृतक के परिजन खौफजदा हो जाते हैं। अधिकारियों के सबालों पर परिजन चुप्पी साध लेते हैं।

अधिकारी आरोपियों के खिलाफ कड़ी करवाई करने का मृतक के परिजनों को आश्वासन दे रहे हैं लेकिन एक सप्ताह बाद परिजनों का अब पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों से भरोसा उठ रहा है। आरोपियों के खिलाफ करवाई को परिजन अब दलित संगठनों के पदाधिकारियों से संपर्क करने में जुट गए हैं।



सिलईबड़ा गांव में तैनात पुलिस बल और पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

▸▸ सिलईबड़ा गांव में पुलिस तैनात, लोग कुछ भी बोले से बच रहे, पसरा है सन्नाटा

### किसान की एक एकड़ गन्ने की फसल जली 1.5 लाख का नुकसान

**सैदनगर, अमृत विचार:** अजीमनगर थाना क्षेत्र में किसान का एक एकड़ गन्ने की फसल जल गई। पीड़ित किसान ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। घटना थाना क्षेत्र के खेमपुर के नजदीक मझरा चांद गांव की है।

गांव निवासी महमूद अली एवं हाफिज जलीस का कोसी नदी के पास गन्ने का खेत है। आरोप है कि सोमवार शाम किसी ने खड़े गन्ने के खेत में आग लगा दी। ग्रामीणों ने आग की लपटें उठती देखीं तो उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना खेत मालिक को मिली तो वह घटना स्थल पर पहुंच गए। लेकिन तब तक करीब एक एकड़ गन्ने की फसल जल गई थी। किसान के मुताबिक, उसका करीब डेढ़ लाख का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

# ईओ और जेई से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन ने केमरी में निर्माणाधीन एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री का अवलोकन किया। मानकों में कमियां मिलने पर डीएम ने अधिशासी अधिकारी और अधिशासी अभियंता से स्पष्टीकरण मांगा।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत केमरी द्वारा निर्माण कार्य के पर्यवेक्षण में जिलाधिकारी को लापरवाही मिली। संबंधित जेई द्वारा तकनीकी मानकों का भी गंभीरता पूर्वक अनुपालन सुनिश्चित नहीं कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए अधिशासी अधिकारी तथा जेई को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, नगर मजिस्ट्रेट को मेटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) के निर्माण की निर्धारित मानकों के अनुरूप जांच कराने के लिए निर्देश दिया। प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय से कहा कि जिले की नगर पालिका और नगर पंचायतों में निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता की मॉनिटरिंग के लिए आवश्यकता के अनुरूप रामपुर विकास प्राधिकरण के इंजीनियरों से भी सहयोग प्राप्त किया जाए। अधिशासी अधिकारी और जेई को निर्देशित किया कि कमियों को दुरुस्त करते हुए मानक के अनुरूप निर्माण कार्य होना चाहिए। 15 दिन के बाद पुनः औचक रूप से निरीक्षण किया जाएगा। जिसमें कमियां मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी।



एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

▸▸ एमआरएफ सेंटर में जिलाधिकारी को मानकों में मिलीं कमियां

▸▸ निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री का किया अवलोकन

### हादसे में घायल वृद्धा ने उपचार के दौरान तोड़ा दम, कोहराम

**शाहबाद, अमृत विचार:** सड़क पार कर रही वृद्धा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीर घायल को सीएचसी से रामपुर रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

नगर का मोहल्ला मंगोली शाहबाद-बिलारी मुख्य मार्ग किनारे बसा हुआ है। मोहल्ला निवासी रामगुलाम की पत्नी मोहनिया (60) सोमवार रात सड़क पार कर रहीं थीं। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। लोगों ने उन्हें घायल देखकर पुलिस को सूचना दी। घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर रामपुर रेफर किया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मंगलवार शाम उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है।

### सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**रामपुर, अमृत विचार:** मिलक तहसील क्षेत्र के गांव खेमपुर में 800 मीटर कच्चे रास्ते का निर्माण करने में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के मंत्री और मुरादाबाद के मुख्य अभियंता से ठेकेदार की शिकायत की है। इस मामले की जांच कराने की मांग की है।

सोमपाल सिंह गौतम ने लोनिवि मंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि खेमपुर से रहसेना तक की 800 मीटर की सड़क का निर्माण ठेकेदार गुलवेज अली द्वारा कराया जा रहा है। कार्य में पत्थर, रेता और सड़क की चौड़ाई करने में कम डामर डालकर कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जो कार्य कराया जा रहा है उसकी उच्च अधिकारियों से जांच कराई जाए। पत्र भेजने वालों में नंद राम, भिखारी लाल, धर्मकीर्ति, सोहनलाल, बल्देव सिंह, सिपाही लाल, छोटे लाल, चेतराम और सत्यपाल शामिल हैं।

**निर्देश** लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने ठेकेदारों को युद्ध स्तर पर कार्य कराने के दिए निर्देश

# आचार संहिता लगने से पहले सुधरेंगी 200 सड़कें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगने से पहले 10 मार्च तक जनपद की 200 सड़कें चकाचक होंगी। इस समय 100 सड़कों पर मरम्मत 50.55 करोड़ के बजट से की जा रही है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने संबंधित ठेकेदारों को युद्ध स्तर पर कार्य कराने के निर्देश दिए हैं। नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी, जो धनराशि से उसे जून तक जमा कराया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग ने वर्ष 2023 से दिसंबर से जनवरी तक 200 सड़कों की टेंडर प्रक्रिया पूरी की है। इन सड़कों की काफी समय से मरम्मत नहीं हो पाई थी। शहरी के बाहर सड़कें और ग्रामीण इलाकों की सड़कों के बारे में शिकायतें आ रहीं थीं। इनके बाद पिछले साल दिसंबर में जनपद भर से विभागों से जर्जर सड़कों को चिह्नित किया गया। इनमें 41 सड़कों के निर्माण कार्य के लिए स्टीमेट तैयार किए गए थे, जिसके बाद सड़कों के प्रस्ताव बढ़ गए। कुल 200 सड़कों के निर्माण और मरम्मत कार्य के लिए चिह्नित कर ली गईं। इसके बाद जनवरी तक शासन स्तर को भेज दिया गया था। इसके बाद शासन स्तर से करीब 50.55 करोड़ का बजट स्वीकृति के साथ सड़कों पर काम शुरू करवा दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि अभी करीब 100 सड़कों पर काम चल रहा है। जिनको इस 10 मार्च तक पूरा करना है। ठेकेदारों को चुनाव से पहले इन कार्यों को पूरा करने के लिए कहा गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार आचार संहिता से 100 सड़कों की मरम्मत कराई जानी है।

बताया कि सड़कों की मरम्मत और निर्माण कार्य के लिए आई राशि से सड़कों का निर्माण कार्य कराना है। इसके बाद जून तक जो धनराशि शेष रह जाएगी उसको सरेंडर करना जरूरी होगा।



ज्वालानगर में सड़क पर जलभराव से बचकर गुजरता युवक। ● अमृत विचार

“चुनाव से पहले करीब 200 सड़कों का निर्माण कराना है। ऐसे में ठेकेदारों से युद्ध स्तर पर काम करने के लिए निर्देश दे दिए गए हैं। काम को समय पर जो ठेकेदार पूरा नहीं करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ आचार संहिता भी जल्द लगने वाली है। ऐसे में इनकी मरम्मत और निर्माण पूरा करने के बाद जो राशि बचेगी, वह सरेंडर कराई जाएगी। -केवी सिंह, एक्सईएन, प्रांतीय लोक निर्माण विभाग

### दुष्कर्म पीड़िता ने दी आत्महत्या की धमकी

**रामपुर, अमृत विचार:** देवर के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर दुष्कर्म पीड़िता ने 11 मार्च को विधानसभा के सामने आत्महत्या करने की धमकी दी है। पीड़िता इस मामले में पुलिस अधीक्षक को भी जानकारी दे चुकी है।

टांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कुछ दिन पहले राज्य महिला आयोग गोतमी नगर लखनऊ को एक पत्र भेजा था। इसमें उसने बताया कि 18 अक्टूबर 2023 को उसका देवर उसके घर में आ गया था। जहां उसे जबरन कोल्ड ड्रिंक और समोसे खिलाए। जब वह नशे की हालत में आ गई तो उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना के बारे में जब महिला ने पति को बताया तो उसने कहा कि उसकी शिकायत पिता से की जाएगी। पीड़िता ने 24 नवंबर को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया लेकिन, उस पर कार्रवाई नहीं हो सकी। उसके पति ने भी उसका साथ नहीं दिया। कार्रवाई नहीं होने पर उसने आत्महत्या की धमकी दी है।

# चचेरे भाई की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया आरोपी भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दढ़ियाल क्षेत्र में सुभाष स्मारक इंटर कॉलेज खांडी खेड़ा केंद्र पर युवक अपने चचेरे भाई के स्थान पर बोर्ड परीक्षा देते पकड़ा गया था। कक्ष निरीक्षकों ने उसे पकड़ने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने मंगलवार को उसे कोर्ट में पेश किया, कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है।

सोमवार सुबह की पाली में हाईस्कूल की अंग्रेजी की परीक्षा थी। सुभाष स्मारक इंटर कॉलेज खांडी खेड़ा केंद्र पर बोर्ड परीक्षाएं हो रही हैं। यहां जनता इंटर कालेज पीपली नायक के पंजीकृत छात्रों का सेंटर है। अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान केंद्र के कक्ष संख्या नौ में तैनात कक्ष निरीक्षक गगनदीप कौर तथा शबाना को एक परीक्षार्थी पर शक हो गया था। पूछताछ की तो उनका शक सही निकला। पता चला कि टांडा क्षेत्र के गांव देवीपुरा निवासी नसीम अली पुत्र मतलूब अली के स्थान पर इसका मौसिम अली परीक्षा दे रहा था। यह युवक ग्राम देवीपुरा की महिला प्रधान का बेटा है। उसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया था। टांडा थाने में मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

▸▸ सुभाष स्मारक इंटर कॉलेज खांडी खेड़ा में पकड़ा गया था युवक

**एक नजर**

### तहसीलदार ने नागरिकों से मांगा सहयोग

**बिलासपुर, अमृत विचार :** केमरी थाने में मंगलवार को तहसीलदार निश्चय कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें धर्मगुरु, निकाय व ग्रामीण जनप्रतिनिधि, कोटा डीलर और लोग उपस्थित रहे। बैठक में आगामी शिवरात्रि, होली, रमजान आदि त्योहारों पर शांति व्यवस्था तथा शासन-प्रशासन की गाइडलाइन बताई। तहसीलदार ने सबसे आग्रह किया कि संभ्रांत नागरिक प्रशासन का पूरा सहयोग कर त्योहारों को सौहार्दपूर्वक मनाएं।

### पुलिस लाइन में हुआ रिहर्सल

**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी पुलिस लाइन पहुंचे। जहां सभी पुलिसकर्मियों को दंगा रिहर्सल को लेकर सख्त निर्देश कि बवाल के समय किसी प्रकार से निपटना चाहिए। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण रिहर्सल कर निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता टांडा

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम अनुराग सिंह को ज्ञापन सौंपा। समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर जिला सचिव साबिर अली के नेतृत्व में मंगलवार को उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देने तहसील पहुंचे। एसडीएम द्वारा मौके पर ज्ञापन लेने नहीं आने पर भाकियू कार्यकर्ता नाराज होकर एसडीएम कार्यालय के सामने वहीं धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी करने लगे। जिसके बाद एसडीएम ने मौके पर आकर ज्ञापन लिया। ज्ञापन में कहा गया है कि बेमौसम बारिश एवं तेज हवाओं के चलते खराब हुई गेहूं की फसल का लेखपालों के जरिए मौका मुआयना कराकर शीघ्र किसानों को नुकसान का मुआवजा दिलाया जाए। छुट्टा एवं आवारा पशुओं को पकड़वाकर नजदीकी गोशाला में भिजवाया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों ने अपने खेतों में जो गन्ना लगवाया था वह बीमारी के कारण खेत में खड़े-खड़े सूख गया। इसके अलावा आलू, मटर व सरसों की खेती को छुट्टा पशु खा रहे हैं। इन हालात में किसानों को साठा धान लगाने की अनुमति दी जाए।

इस अवसर पर साबिर अली, मजहर अली लाला, बलजीत सिंह, फारूक अली, मुरारी पूरन सिंह चौहान, राजपाल सिंह, राजकुमार, निशान सिंह, मारूफ अली, राजाराम, प्रताप सिंह, जावेद, विपिन राजा, हीरा सिंह, नगर अध्यक्ष मजहर अली उर्फ लाला, रोहताश सिंह, आदि किसान मौजूद रहे।

### कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक, आजीविका संवर्द्धन पर हुई चर्चा

## मशरूम उत्पादन और कड़कनाथ मुर्गा पालन जरूरी: डीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार दोपहर जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि समस्त कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराया जाए। भूमि संरक्षण अधिकारी ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, वाटरशेड विकास घटक 2.0 संचालित है। इसके तहत विकास खंड स्वार में वाटरशेड का चयन केंद्र सरकार ने किया है। प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के तहत पेरीफेरल बांध, मार्जिनल बांध, तालाब निर्माण, जीर्णोद्धार, चैकडैम, ड्रॉप स्पिलवे, कृषि वानिकी के कार्य, उत्पादन प्रणाली के तहत कृषि वानिकी, बागवानी, पशुपालन, बकरी पालन एवं मधुमक्खी पालन के कार्य हैं।



बैठक में अधिकारियों के साथ मौजूद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह।

बैठक में भूमि संरक्षण अधिकारी नरेन्द्र पाल ने बताया कि भूमि संरक्षण इकाई की ओर से कुल तीन योजनाओं का संचालन जनपद में किया जा रहा है। खेत तालाब योजना के तहत जनपद में आठ तालाबों का निर्माण किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि इन तालाबों में जल संरक्षण के साथ मत्स्य पालन भी कराया जाए। इससे कृषकों की आय में अतिरिक्त वृद्धि हो सकेगी। भूमि संरक्षण अधिकारी ने बताया कि जनपद में पंडित दीन दयाल किसान समृद्धि योजना संचालित है। कुल सात परियोजनाओं में भूमि समतलीकरण, कंटूर बांध, मार्जिनल बांध, श्यूट स्पिलवे एवं फसल का उत्पादन किया गया है।

आजीविका संवर्द्धन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह के माध्यम से मिनी दाल मिल, डेयरी पालन, बकरी पालन, स्थानीय छोटी दुकान, टेंट हाउस, ऑयल एक्स्पेलर, मधुमक्खी पालन एवं सिलाई, कढ़ाई आदि के कार्य कराए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि आजीविका संवर्द्धन के अन्तर्गत मशरूम का उत्पादन व कड़कनाथ मुर्गा पालन के कार्य भी कराए जाएं। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि समस्त योजनाओं में कार्य मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराए जाएं। जल एवं भूमि संरक्षण के संबंध में अधिक से अधिक कृषकों को जागरूक किया जाए। योजना के अन्तर्गत चैकडैम का निर्माण उचित स्थान पर कराया जाए।

इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नन्द किशोर कलाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उपायुक्त ग्रामीण आजीविका रोजगार मिशन, प्रभागीय वन अधिकारी, एसडीओ (सिंचाई), सहायक अभियन्ता (लघु सिंचाई), उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर, जिला प्रबन्धक अग्रणी बैंक आदि उपस्थित रहे।

# बर्बाद फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दे सरकार

### मिलक-बिलासपुर रोड पर भाकियू के पदाधिकारियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, केमरी

**अमृत विचार:** तेज हवा के साथ बारिश से फसलों में हुए नुकसान का मुआवजा की मांग को लेकर मंगलवार को किसान सड़कों पर उतर आए। भाकियू के पदाधिकारियों ने फसलों के मुआवजे के लिए प्रदर्शन किया। इस दौरान मिलक-बिलासपुर रोड पर कुछ देर जाम भी लग गया। जिला महासचिव रईस अहमद ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों से वार्ता करे। सरकार अपना तानाशाही रवैया बदले और किसानों को दिल्ली में जाने दे।

नगर कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन की पंचायत हुई। इसके बाद मिलक बिलासपुर रोड पर अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। किसान नेताओं ने कहा कि बात किसानों को अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने का हक संविधान में है। देश एक प्रजातंत्र देश है और किसी हिटलर का देश नहीं। प्रदेश सरकार फसलों में हुए नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दे। प्रदर्शन करने वालों में जमील अहमद, प्रधान सादिक अहमद, नासिर अली, तेज बहादुर सिंह, शकील अहमद, शफीक अहमद, दानिश अली, अकील अहमद, मोहम्मद जमील, अनु रोहिल्ला, फैज अली, अमन सिंह नवाब अली, नियाज अहमद, रेहान अली आदि मौजूद रहे।



केमरी में मुआवजा की मांग को लेकर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार



पंचायत में मौजूद प्रदेश महासचिव हसीब अहमद व अन्य। ● अमृत विचार

### कोसी नदी से ज्यादा मिट्टी नहीं उठाने दी जाएगी

**रामपुर, अमृत विचार :** भाकियू (टिकैत) की पंचायत में कोसी नदी में हो रहे खनन का विरोध किया गया। किसानों का कहना था कि एक कंपनी नेशनल हाईवे के लिए कोसी नदी से अवैध खनन कर रही है। ऐसे में उपजाऊ जमीन का अस्तित्व खतरे में है। प्रदेश कैंप कार्यालय में मंगलवार को हुई पंचायत में कई गांवों के किसान पहुंचे। उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे का चौड़ीकरण किया जा रहा है। कंट्रक्शन कंपनी कोसी नदी में अधिक गहराई से मिट्टी उठवा रही है। अवैध खनन से किसानों की उपजाऊ जमीन का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। भाकियू कार्यकर्ताओं ने कंट्रक्शन कंपनी को चेतावनी दी। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि मानक से ज्यादा मिट्टी उठाने नहीं दी जाएगी। तीन मीटर गहराई से ज्यादा मिट्टी उठाने से कई गांव कोसी के निशान पर आ जाएंगे। उपजाऊ जमीन भी खतरे में पड़ जाएगी। इस मौके पर चौधरी राजपाल सिंह, मोहम्मद मुस्तकीम, जुबैद आलम, जब्बार, हुकुम सिंह, गुलाम मोहम्मद, दीप चंद लोधी आदि रहे।



गांव सनकरा में प्रदर्शन करते भाकियू भानू के पदाधिकारी व किसान। ● अमृत विचार

## प्रदर्शन कर साठा धान उत्पादन की मांगी अनुमति

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार:** बेमौसम बारिश से गेहूं की फसल में नुकसान को लेकर किसानों ने पंचायत की। इसके बाद प्रदर्शन जिले में साठा धान उत्पादन की मांग उठाई। किसानों का कर्ज माफ करने की भी मांग की।

भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारी ने मंगलवार को सनकरा गांव में पंचायत की। इसमें मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि बेमौसम बारिश से गेहूं और सरसों की फसल में नुकसान हुआ है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी किसानों की सुध नहीं ले रहे हैं। सरकार की तरफ से कोई भी अधिकारी या कर्मचारी फसलों का सर्वे करने नहीं पहुंचा है। किसान ने कर्ज लेकर फसल तैयार की थी और बारिश ने चौपट कर दी। फसल चौपट होने के कारण किसान कर्ज अदायगी को लेकर चिंतित है। सरकार को तत्काल किसानों को खराब फसल का मुआवजा देने व कर्ज माफी की घोषणा करनी चाहिए। कहा कि किसानों को बारिश से हुए नुकसान को देखते हुए जिला प्रशासन को अबकी बार साठा धान लगाने की अनुमति प्रदान करे। अगर गेहूं और सरसों की फसल खराब नहीं हुई होती तो किसान साठा धान लगाने की अनुमति की मांग नहीं करते क्योंकि, किसान भी भू गर्भ में जल स्तर को लेकर चिंतित हैं। इसके बाद बारिश से बर्बाद हुई फसल के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने प्रदर्शन भी किया। इस दौरान जाकिर वारसी, मौलाना मोहम्मद फरमान वारसी, मोहम्मद फहीम, इल्यास प्रधान, जाहिद अली, हाजी ताहिर, नन्हे अली, राशिद अली, रईस अहमद, महावीर सागर, राहुल सागर, मोंटी सागर, विनोद कुमार, असगर अली, जुबैर अली, हनीफ अली, चिंटू सिंह, मोहित सैनी आदि मौजूद रहे।



रामपुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को खड़ी आस्था स्पेशल ट्रेन। ● अमृत विचार

## आस्था स्पेशल ट्रेन का रामपुर रेलवे स्टेशन पर हुआ ठहराव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** अयोध्या से चलकर जालंधर जा रही आस्था ट्रेन मंगलवार को अपराह्न सवा तीन बजे रामपुर पहुंची। कुछ देर रुकने के बाद मुरादाबाद के लिए रवाना हो गई। इस दौरान तीन चार यात्री ट्रेन में सवार हुए।

जनवरी में अयोध्या में रामलला को विराजमान किया गया था। इसके बाद लोग राम लला के दर्शन करने के लिए बसों और ट्रेनों से जा रहे हैं। आस्था स्पेशल ट्रेन भी चलाई गई। जो जालंधर से अयोध्या के लिए चल रही है। यह ट्रेन कुछ दिन पहले अयोध्या गई थी। वहां से लौटते समय से यह ट्रेन कुछ देर के लिए प्लेटफार्म नबंर एक पर रुकी। बाद में मुरादाबाद के लिए रवाना हो गई। आरपीएफ इंचार्ज दिनेश कुमार मीणा ने बताया कि आस्था स्पेशल ट्रेन अयोध्या के लिए चलाई गई है जो, वहां से लौटकर आई।

## युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा पर चुनावी बांड को लेकर प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आरिफ अल्वी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को छह मार्च तक चुनावी बांड दाताओं के नाम का खुलासा करने का आदेश दिया है।

उसने इस योजना को असंवैधानिक माना है। लेकिन एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट से समय सीमा 30 जून तक बढ़ाने की अपील की है। इससे पता चलता है कि एसबीआई और भाजपा मिलकर उन भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए मिलीभगत कर रहे हैं, जिन्होंने भाजपा को रिश्वत के रूप में पैसा दिया था। एसबीआई पूरी तरह भाजपा सरकार की शाखा के रूप मे कार्य कर रही है। आम जनता को चूना लगाकर उद्योगपतियों की जेब भर रही है। कांग्रेस की मांग है कि जल्द से जल्द एसबीआई बांड दाताओं के नाम कोर्ट और जनता के सामने उजागर किए जाए। युवा कांग्रेस ने सभी राज्य इकाइयों को पूरे भारत में एसबीआई शाखाओं पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करने का निर्देश दिया है। जिसमें उनसे सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करने और दानदाताओं के नाम उजागर करने की मांग की गई। इस मौके पर शरीफ अहमद, फैजान अल्वी, विक्की नफीस, आजम खां, मणि कपूर, महफूज खान, राकेश कुमार, अजहर अली, जमील मियां, पप्पू सैनी, रियाज अहमद, रिषभ रस्तोगी, मोअज्जम अली, सलीम अहमद आदि मौजूद रहे।





प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**▸▸ भाजपा शाखा के रूप में काम करने का एसबीआई पर लगाया आरोप**

### भ्रष्टाचार मुक्त हो प्रत्येक सरकारी कार्यालय : शंखधार

**मिलक, अमृत विचार:** भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने उप जिलाधिकारी मिलक राजेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। तहसील के प्रत्येक कार्यालय को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने को सुझाव देकर अमल कराने का अनुरोध किया है।

जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश हैं, किसी भी सरकारी कार्यालय में निजी कर्मचारी से कार्य न कराया जाए। लेकिन मिलक तहसील क्षेत्र में जितने भी सरकारी विभागों के कार्यालय हैं, उन सभी की सूची उपजिलाधिकारी कार्यालय के निकट चस्पा होनी चाहिए। खतौनी निकलवाने का शुल्क मात्र 5 रुपये निर्धारित है, वही किसानों से लिया जाए। इस दौरान नगर अध्यक्ष ब्रह्मशंकर पाण्डेय, डॉ. रमेश गंगवार व विशाल दुबे मौजूद रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन अंबावता के पदाधिकारियों ने समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इसके बाद एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें उनका कहना है कि तहसीलों में किसानों से अवैध वसूली की जा रही है जिसे बंद कराया जाए।

मंगलवार को जिलाध्यक्ष सरदार सुच्चा सिंह के नेतृत्व में किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंनें समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पिछले दिनों हुई बेमौसम हुई ओला वृष्टि से किसानों के फसलों को भारी नुकसान हुआ। उस नुकसान का सही आकलन कर उनका मुआवजा दिलाया जाए।

तहसीलों में निजी लोगों द्वारा सरकारी सीटों पर बैठकर अवैध वसूली की जा रही है। साठ साल के ऊपर के किसानों को पांच हजार रूपये मासिक पेंशन दी जाए। ज्ञापन देने वालों में हारून खां, फरीद खां, नादिर रजा खां, शादाब खां, बाबू खां, नसीम मियां आदि शामिल रहे।

**सम्मान** जिला नेशनल एथलेटिक्स संघ के कार्यक्रम में खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

## राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर रहे खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** जिला नेशनल एथलेटिक्स संघ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नारायणा ग्रुप ऑफ एजुकेशन की एजीएम डॉ. उजमा कमर ने उन युवा खिलाड़ियों को सम्मानित किया, जो राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। ये युवा खिलाड़ी गुजरात में नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेकर आए हैं।

स्कूल में मंगलवार को कार्यक्रम में एजीएम उजमा कमर ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। युवाओं के लिए खेल वह गहना है, जो बचपन से लेकर बुढ़ापे तक साथ रहता है। इस कार्यक्रम में जिले के उन खिलाड़ियों को सम्मान दिलवाया गया जो गुजरात के जिला अहमदाबाद में आयोजित चैंपियनशिप में राष्ट्रीय स्तर पर रामपुर का नाम रोशन कर आए हैं। डॉ. अनूप सिंह ने कहा कि खेल प्रोत्साहन से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ता है। एथलेटिक्स संघ के जिला सचिव फरहत अली खान ने बताया कि शीघ्र जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी।

इसमें सब जूनियर जूनियर और सीनियर प्रतिभावान खिलाड़ी भाग लेंगे। इस दौरान टीम लीडर दीपक राजवंशी, दिव्यांश सिंघल, महावीर सिंह, मनोज सिंह, जीशान अहमद, शादाब अंसारी, अरमाना, अंकिता, सोनिया ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान ज्वाइंट सेक्रेटरी एथलेटिक संघ रणदीप सिंह भी रहे।



प्रमाण पत्र दिखाते विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### डीएम ने सीएचसी का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**बिलासपुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में मरीजों के विवरण संबंधी रजिस्टर का अवलोकन किया।

कोल्ड चेन के लिए निर्धारित कक्ष में पहुंचकर विभिन्न प्रकार की वैक्सीन के वितरण की स्थिति के बारे में चिकित्साधीक्षक डॉ. एएच अंसारी से जानकारी प्राप्त की। अधीक्षक से डीएम ने सिजेरियन डिलीवरी की संख्या, दवाइयों की उपलब्धता तथा प्रसव के उपरांत भर्ती अवधि के दौरान महिलाओं के खानपान की स्थिति के बारे में जानकारी ली। अधीक्षक से डीएम ने केंद्र के संचालन के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में भी पूछा। अधीक्षक ने बताया कि परिसर की रेलिंग टूटी होने के कारण समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। आसपास के घरों से कूड़ा फेंका जा रहा है।

## 10338 ने दी गृह विज्ञान की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** मंगलवार को 68 केंद्रों पर पहली पाली में हाईस्कूल की गृह विज्ञान की परीक्षा हुई। इसमें संस्थागत के पंजीकृत 10929 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 10338 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। 591 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। संस्थागत के पंजीकृत 43 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 38 ही परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे।

यूपी बोर्ड की परीक्षा में मंगलवार को पहली पाली में हाईस्कूल की परीक्षा गृह विज्ञान सुबह 8:30 से 68 केंद्रों पर परीक्षा शुरू हुई। इसके अलावा इंटरमीडिएट की व्यावसयिक शिक्षा की परीक्षा भी पहली पाली में हुई। जिसमें पंजीकृत संस्थागत के 317 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 298 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। 19 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। उधर, दूसरी पाली में 42 सेंटरो पर हाईस्कूल कप्यूटर की परीक्षा और इंटरमीडिएट की भूगोल, कृषि भौतिकी एवं जलवायु विज्ञान, कृषि जन्तु विज्ञान की परीक्षा हुई। हाईस्कूल की कंप्यूटर की परीक्षा में पंजीकृत 267 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 260 परीक्षार्थी ही शामिल हुए, जबकि सात गैर हाजिर रहे। इसके अलावा व्यक्तिगत के पंजीकृत तीन परीक्षार्थियों के सापेक्ष दो परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। एक परीक्षार्थी गैर हाजिर रहा। इंटरमीडिएट में पंजीकृत 1384 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1264 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने आए, 120 गैर हाजिर रहे। इसके अलावा व्यक्तिगत के पंजीकृत 61 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 59 ही परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि दो गैर हाजिर रहे।



निरीक्षण के बाद मौजूद जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली व अन्य। ● अमृत विचार

**▸▸ इंटरमीडिएट के 19 परीक्षार्थियों ने छोड़ी व्यवसायिक शिक्षा की पराक्षा**

**▸▸ 68 परीक्षा केंद्रों पर हुई पहली पाली में गृह विज्ञान की परीक्षा**

# 9000 उपभोक्ताओं को सात घंटे नहीं मिली बिजली

## डूंगरपुर बिजलीघर में कराई गई जर्जर तारों की मरम्मत, काम में जुटे रहे कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर के डूंगरपुर बिजलीघर के जर्जर तारों की मरम्मत के लिए समस्त फीडर सात घंटे तक बंद रहे। इसके चलते नौ हजार उपभोक्ताओं को सात घंटे तक बिजली संकट झेलना पड़ा। शहर के कई मोहल्लों में पूर्वाह्न 11 से शाम छह बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही। मंगलवार शाम विद्युत निगम के अधिकारियों ने बताया कि कार्य कराने के लिए पांच घंटे तक आपूर्ति बाधित रहना थी, लेकिन कार्य अधिक होने के चलते बाधित आपूर्ति को सुचारू कराए जाने के लिए सात घंटे का समय लग गया।

डूंगरपुर बिजलीघर 10 एमवीए हैं यहां पांच-पांच एमवीए के दो ट्रांसफार्मर हैं। इनसे नौ हजार उपभोक्ताओं के घरों में आपूर्ति जा रही है। बिजलीघर के कंट्रोल रूम की छत पर काफी जर्जर की स्थिति में हैं। बरसात में छत से पानी टपकता है। जो कंट्रोल रूम में पैनलों में पानी आने से बड़ी खराबी आ जाती है जिससे उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिलने की वजह से काफी परेशानी होती है। बिजलीघर की 11 हजार की लाइन भी जर्जर है। आए दिन फॉल्ट होते हैं। उपभोक्ताओं की समस्या को देखते हुए मंगलवार को बिजलीघर के लिंटर, जर्जर तारों को सही कराया गया। यह कार्य पूर्वान्ह 11 से शाम छह बजे तक किया गया। सात घंटे तक बिजली नहीं मिलने से लोगों के घरों में पानी की टंकियां खाली हो गईं और इन्वर्टर भी ठप हो गए। अवर अभियंता संतोष कुमार कौशल ने बताया कि जर्जर तारों, कंट्रोल रूम में रंगाई-पुताई कराई गई है। लाइनों में आए दिन खराबी को सही कराए जाने के लिए फीडरों को बंद कराया गया। अब सप्लाई नार्मल करा दी गई है।



खंभों पर जर्जर तारों को ठीक करते बिजली विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

**▸▸ पूर्वाह्न 11 से शाम छह बजे तक ठप रही शहर की विद्युत आपूर्ति**

### लाइनलॉस पर रोक, राजस्व में लांए तेजी

विद्युत निगम के उच्च अधिकारियों द्वारा शहर के 13 बिजलीघरों के एसडीओ, जेई को मार्च माह का 20 करोड़ रुपये का लक्ष्य मिला है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए एसडीओ द्वितीय प्रद्युम्न सिंह ने डूंगरपुर बिजलीघर पहुंचकर बिजली कर्मचारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने टेक्नीशियन ग्रेड दो कन्हैया लाल, देवेश कुमार से राजस्व की रिपोर्ट तलब की। जिसमें लापरवाही मिलने पर दोनों को निर्देशित किया कि राजस्व के कार्य सुधार लाए। कहा कि जिन उपभोक्ताओं पर निगम का बकाया है इसके लिए दो टीम बनाकर अभियान चलाए। अभियान के दौरान उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक बकाया जमा कराए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। बिजलीघर में साफ सफाई का विशेष तौर पर ध्यान रखें।

### बिल जमा करने को भटकते रहे उपभोक्ता

डूंगरपुर बिजलीघर में मेंटीनेंस कार्य के चलते कैश काउंटर बंद रहा। बिल जमा करने के लिए उपभोक्ताओं ने नवाबगेट बिजलीघर की ओर रूख किया। बिल जमा करने के लिए उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिल जमा करने आए उपभोक्ताओं से कर्मचारियों ने कहा कि बिजलीघर में खराबी आ जाने की वजह से बिल जमा नहीं हो पा रहे है। कुछ उपभोक्ता कर्मचारियों को बिल का पैसे देकर घर की ओर चले गए।

> डूंगरपुर बिजलीघर की 11 हजार की लाइन की जर्जर तारों को सही करने, सब स्टेशन में मरम्मत कराए होने के चलते पूर्वान्ह 11 से शाम चार बजे तक सप्लाई बाधित रही। उपभोक्ताओं की सप्लाई को देखते हुए सप्लाई को नार्मल करा दिया गया है।
> –**प्रद्युम्न सिंह**, एसडीओ द्वितीय डूंगरपुर

## एक नजर

### हेड ब्वॉय ऋतिक और हेड गर्ल चुनी गईं छवि

**रामपुर, अमृत विचार :** चमरौआ ब्लॉक क्षेत्र के गांव मुंडियाखेड़ा स्थित कंपोजिट विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को चुनाव प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। हेड ब्वॉय के लिए कक्षा सात के ऋतिक एवं हेड गर्ल के लिए छवि कक्षा सात की छवि को हेड गर्ल के लिए चुना गया। बच्चों के बीच से ही प्रत्याशी बनाए गए। विद्यालय के अन्य छात्र छात्राओं ने गुप्त मतदान के द्वारा अपने हेड ब्वॉय और हेड गर्ल को प्रजातांत्रिक रूप से निर्वाचित किया। विद्यालय प्रभारी छत्रपाल सिंह ने विजेताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर चंचल कुमार गुप्ता, विवेक कुमार एवम रीना कुमारी उपस्थित रहे।

### दोषियों पर कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** महिला समन्वय के पदाधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में लोगों पर हो रहे अत्याचार को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। उनका कहना है कि पश्चिम बंगाल के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इन पर बंगाल सरकार और पुलिस प्रशासन कार्रवाई करें। ज्ञापन देने वालों में डा. मीनू मल्होत्रा, सुधा, निवेदिता मित्तल, सरस्वती चौहान, बबीता चौहान, खुशी मौर्य, श्रेया मदान, बबीता चौहान आदि शामिल रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में दो गोकश घायल, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** स्वार थाना क्षेत्र के गांव रतनपुरा के जंगल में मंगलवार रात पुलिस टीम की हिस्ट्रीशीटर गोकश अपराधियों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान गोली लगने से दो आरोपी घायल हो गए। बाद में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप त्यागी के अनुसार, उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग पशुओं को काटने की तैयारी कर रहे हैं।

तभी पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने फायरिंग कर दी। इसके जवाब में पुलिस टीम ने फायरिंग की तो दो आरोपियों के पैरों में गोलियां गईं। इसके बाद पुलिस ने आरोपी आरेफीन निवासी नरपतनगर व आजम उर्फ प्रधान निवासी गांव दून्दावाला को गिरफ्तार कर लिया। गोली लगने से घायल आरोपियों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पुलिस दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास तलाश रही है। मुठभेड़ के दौरान मौके पर अधिकारी भी पहुंच गए थे।



मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस टीम। ● अमृत विचार



घटनास्थल पर पड़ा आरोपी।



घायल आरोपी। ● अमृत विचार

## वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**टांडा, अमृत विचार:** विधायक शफीक अहमद अंसारी ने कहा कि शिक्षा बहुत जरूरी है, शिक्षा भविष्य का पासपोर्ट है। क्योंकि कल उनका है जो आज इसकी तैयारी करते हैं। शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार जिसका का उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं।

नगर के आजाद इंटरनेशनल मॉडल स्कूल के वार्षिकोत्सव का मंगलवार को आयोजन हुआ। विधायक का स्कूल के प्रबंधक मौलाना असजद ओसामा ने बुके देकर स्वागत किया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने छात्र छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया। आजाद इंटरनेशनल मॉडर्न स्कूल की छात्रा अंजुम को स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि शरीफ नेताजी, अकबर अली, नवेद, सगीर अहमद रहे।



सांसद घनश्याम सिंह लोधी को पगड़ी पहनाते जिला मंत्री महेन्द्र सैनी। ● अमृत विचार

# भाजपा ने हर वर्ग के व्यक्ति के लिए किया कार्य : सांसद

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि जिन कल्याणकारी योजनाओं को निचले स्तर के हर वर्ग के व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार ने किया है, वह आज तक किसी सरकार ने नहीं किया।

मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज के सामने भाजपा जिला मंत्री के प्रतिष्ठान पर नगर पहुंचे सांसद घनश्याम सिंह लोधी का स्वागत किया। सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि पिछले केंद्र सरकार ने नौ वर्ष और प्रदेश सरकार के छह वर्ष में भाजपा सरकार द्वारा जिन कल्याणकारी योजनाओं को निचले स्तर के हर वर्ग के व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया है, वह कार्य इससे पहले किसी सरकार ने नहीं किया। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री महेन्द्र सैनी, प्रशांत शर्मा, नौबतराम सैनी, देवेन्द्र दिवाकर, राजेश आदि रहे।



बिलासपुर में सुझाव पेटी के साथ मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# कार्यकर्ताओं ने सुझाव पेटी लेकर क्षेत्र में किया भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** बिलासपुर क्षेत्र के गांव रास डांडिया में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सुझाव पेटी लेकर भ्रमण किया। लोगों से घर-घर जाकर संपर्क कर सुझाव पेटी में सुझाव पत्र डालने का आग्रह किया। जनता को एक संदेश दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक संकल्प है, 2047 तक भारत विश्व में सबसे शक्तिशाली देश बनकर उभरे। इसे सफल बनाने के लिए हमें नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना होगा। घर-घर संपर्क में कई लोगों ने सुझाव पेटी में अपने सुझाव भी डाले। इस दौरान मंडल अध्यक्ष इन्द्रजीत यदुवंशी, रवि गंगवार, दुर्गेश गंगवार, सत्यप्रकाश लोधी, धर्म प्रकाश गंगवार, रामकिशोर मोर्या, कृपाल तुरैहा, रघुवीर गंगवार, ओम प्रकाश मोर्या, प्रदीप गंगवार, सुरेन्द्र मोर्या, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गीता को सुनने से इच्छाएं होती हैं पूर्ण : शास्त्री

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** कथा व्यास आचार्य पंडित श्री मुमुक्षु कृष्ण शास्त्री ने बताया कि श्रीमद् भागवत गीता एक कल्पवृक्ष है। इसे सुनने से जीव की समस्त इच्छाएं पूर्ण होती हैं।

सिविल लाइन स्थित आवास-विकास कॉलोनी में भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। इसमें मंगलवार को कथा व्यास ने कहा कि माया मोह से मुक्ति मिल जाती है। व्यास ने संतों के बारे में बताया कि जीव को कभी संतों का उपहास नहीं करना चाहिए। संत सेवा से ही जीव के कर्म विधि में परिवर्तन संभव है। जिस प्रकार आत्मदेव ब्रह्मांड को संत की सेवा से प्राप्त फल से गोकर्ण जैसा पुत्र प्राप्त हुआ। इसके द्वारा धुंधकारी जैसी पिशाच आत्मा भागवत कथा सुनकर मुक्ति दिलाए। व्यास ने श्राद्ध के महत्व को बताते हुए कहा कि श्राद्ध करना चाहिए। श्राद्ध करने से पितृ खुश होते हैं। भगवान हर पल भक्त की रक्षा करते हैं। द्रौपदी की अर्धपुकार पर साड़ियों का अंबार लगा दिया। लाभाग्रह से पांडवों की रक्षा की ब्रह्मअस्त्र से सुभद्रा के गर्भ को बचाया। पांडवों की रक्षा के लिए सारथी बनकर सदैव उनके साथ रहे। शिव के विवाह का बड़ा सुंदर वर्णन किया। सुंदर भजनों से वातावरण भक्ति मय हो गया। कथा से पूर्व मुख्य यजमान के रूप में राजेश कुमार पत्नी अनीता देवी एवं सह यजमान के रूप में सुनील सक्सेना पत्नी प्रभा सक्सेना ने श्रीमद भागवत ग्रंथ एवं व्यास का पूजन किया। इस दौरान उमेश शर्मा, राकेश गुप्ता, राधेश्याम यादव, पीयूष कुमार, कृष्ण गोपाल शर्मा, अंकित कुमार, दिनेश कुमार, नरेश चंद्र शर्मा, विष्णु शरण अग्रवाल, सुनीता, इंदु, अनीता, अजय कुमार, मंजू गुप्ता, सुभाष सक्सेना, उमेश शर्मा, कविता भाटिया, सीमा गुप्ता, सीमा गुप्ता आदि मौजूद रहे।



आवास-विकास कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा सुनते भक्त। ● अमृत विचार

## कार्यक्रम में गिनाईं केंद्र सरकार की उपलब्धियां

**शाहबाद, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी अनुभव शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने शाहबाद क्षेत्र का भ्रमण किया। गांव परिक्रमा कार्यक्रम के तहत किए जिला अध्यक्ष ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

शाहबाद के गांव शेखुपुरा और परौता में परिक्रमा के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की पहचान गरीबों के उत्थान से है। केंद्र सरकार गरीबों को समर्पित है। मुफ्त राशन देने से लेकर गरीबों को आवास देने तक का काम केंद्र सरकार ने किया है। इस सरकार में सबका साथ सबका विकास हो रहा है। इस दौरान ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा रमेश कठेरिया, बूथ अध्यक्ष हरि किशोर, सोहन लाल गुप्ता, जितेंद्र कुमार, नत्थू सिंह, रघुनाथ सिंह, केदारी सिंह, प्रदीप, संजीव व प्रदीप आदि रहे।

**आयोजन** हरियाल स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्याल के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए शहर विधायक

# संस्कार–संस्कृति का भंडार है विद्यालय

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर संस्कार, संस्कृति और ज्ञान का भंडार है। विद्यालय न सिर्फ विद्यार्थी के चरित्र निर्माण में सहयोगी साबित होते हैं, बल्कि सशक्त राष्ट्र की नींव भी मजबूत करने का कार्य करते हैं। ऐसे में इन विद्यालयों की आवश्यकताओं और विद्यार्थियों की सहूलियत का ध्यान रखना ही हमारी प्राथमिकता होगी।

शहर विधायक आकाश सक्सेना मंगलवार को हरियाल गांव स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि शामिल हुए। मां सरस्वती और भारत मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। छात्राओं के मनमोहक डांडिया नृत्य, सामूहिक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद बच्चे स्कूल के बैंड से बरात निकालते नजर आए, जिसमें कुछ बच्चे नृत्य भी कर रहे थे। इस दौरान शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि हमारी शिक्षा भी सरस्वती शिशु मंदिर से हुई है।

लिहाजा, हम इन विद्यालयों की महत्वता जानते हैं। इस तरफ भी माता-पिता और समाज के लोगों को ध्यान आकर्षित करना चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि सभी को संस्कार और संस्कृति के विकास के साथ ही अच्छी शिक्षा के लिए अपने बच्चों को सरस्वती शिशु मंदिर जैसे विद्यालयों में अवश्य पढ़ाना चाहिए।



कार्यक्रम आरंभ के दौरान मौजूद शहर विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

# टांडा में भूखंड के रास्ते की पैमाइश से खरीदार असंतुष्ट

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार:** नगर में धड़ल्ले से बड़े पैमाने पर मानकविहीन भूखंड किए जा रहे हैं। लोग समूह बनाकर इस काम में जुटे हैं। भूखंडों का विक्रय करते समय चौड़े रास्ते सहित सुविधाओं की बात कही जाती है। भूखंड की रकम देने और रजिस्ट्री कराने के बाद भूमि पर कब्जे के समय मौके पर प्लॉटिंग की हकीकत सामने आती है। कहीं रास्तों को लेकर, तो कहीं भूखंड की क्रयशुदा वास्तविक पैमाइश को लेकर आये दिन विवाद होते रहते हैं।

मंगलवार को नगर के मोहल्ला इमामबाड़ा पर प्लॉटिंग के पास रास्ते की चौड़ाई को लेकर प्लॉटिंग करने वालों और खरीदारों के मध्य विवाद का मामला सामने आया। वह पालिका कार्यालय से लिपिक धनीराम सैनी व शुभम को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने तहसील से लेखपाल नवीन काम्बोज एवं कानूनगो सोमपाल सिंह को भी प्लॉटिंग स्थल पर बुलवा लिया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। राजस्वकर्मियों से रास्ते की पैमाइश कराई गई। पैमाइश से खरीदार पक्ष असन्तुष्ट दिखे। उनका कहना है कि लेखपाल द्वारा पैमाइश के दौरान भूखंडों के क्रेतागण से कोई बात नहीं की गई और न ही उनका पक्ष सुना गया,उनके द्वारा प्लॉटिंग करने वालों को ही अधिक महत्व दिया गया।

> नगर में अवैध तरीके भूखंड की शिकायतें मिल रही हैं। इनकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। मोहल्ला इमामबाड़ा पर भूखंड के रास्ते की राजस्व कर्मियों से पैमाइश की गई है। इसे लेकर खरीदार असन्तुष्ट हैं।
> –**पुनीत कुमार**, अधिशासी अधिकारी टांडा

## सार संक्षेप



बैठक में लोगों से बात करते अजीमनगर कोतवाल पवनवीर सिंह राणा।

### त्योहार को मिलजुल कर मनाने की अपील

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाने में मंगलवार को त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान क्षेत्र के लोगों से सभी त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। बैठक में प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा ने कहा कि शिवरात्रि, रमजान और होली नजदीक है। उन्होंने क्षेत्र के धार्मिक एवं सामाजिक लोगों से एक दूसरे के त्योहार को मिलजुल कर मनाने की अपील की। कहा कि त्योहार के दौरान कोई भी नई परम्परा नहीं डाली जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से कांवड़ यात्रा के दौरान मार्गों से अतिक्रमण हटाने और रमजान में सफाई रखने की भी अपील की। प्रभारी निरीक्षक ने प्रत्येक गांव से आए व्यक्तियों से होली के दहन स्थल के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर निरीक्षक वीरेश कुमार, एसएसआई सुभाष सिंह, एसआई मनोज कुमार, योगेश कुमार, गजेंद्र सिंह, विकास कुमार, प्रधान हाफिज जवाब हुसैन, मोहम्मद रऊफ अली, अहमद सगीर अहमद, अतुल गुप्ता, मोहम्मद राशिद, अफरोज खान, मोहम्मद अफजल, राजपाल आदि मौजूद रहे।

### गोफा इलेविन ने एसवी क्लब को 34 रन से हराया

**रामपुर, अमृत विचार :** ज्वाला क्लब के मैदान पर चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत मंगलवार को दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला गोफा इलेविन और एसवी क्लब के बीच खेला गया। मैदान पर एसवी क्लब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोफा इलेविन ने 206 रन बनाए। जिसमें हेमराज ने 91 रन और शंकर ने 29 रनों का योगदान दिया। वहीं एस वी क्लब की ओर से राहुल ने दो विकेट लिए 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एस वी क्लब की पूरी टीम 172 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस तरह से यह मुकाबला गोफा 11 ने 34 रनों से जीत लिया। एसवी क्लब की ओर से जेवू ने 71 रन और हर्ष सक्सेना ने 46 रनों का योगदान दिया। गोफा 11 की और से आसिफ और दर्शित ने दो-दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच हेमराज रहे। मैच में अंपायरिंग संजय और सुल्तान खान ने की स्कोरिंग राहुल सक्सेना ने की। वह कंमेट्री पवन यादव ने की। साथ में अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना,अनु सक्सेना,अनमोल सक्सेना,विनय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### 10 टीबी रोगियों को वितरित किया पोषण आहार

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 टीबी रोगियों को पोषण आहार डा.तनवीर अहमद खां द्वारा किया गया। सीएमओ डा. एसपी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुसार वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त कराना है। इसमें समाजिक,निगरानी समितियों के साथ क्षय रोग विभाग द्वारा कार्य कराया जा रहा हैं। मंगलवार को सीएमओ कार्यालय पर पोषण आहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. सत्यप्रकाश ने बताया कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, खांसी के साथ बलगम आना, तेजी से वजन कम होना, शाम के वक्त बुखार बने रहना, सीने में दर्द होना यह सभी टीबी के लक्षण है। इस अवसर पर एसीएमओ डा. संतोष कुमार, डीपीएम अंकित शर्मा, पीपीएम कोर्डिनेटर अखलाक, डीपीसी कामरान आदि शामिल रहे।

### मुसलमानों को 20 प्रतिशत दिलाया जाए आरक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां ने कहा कि देश के मुसलमानों को 20 प्रतिशत आरक्षण दिलाया जाए। जो भी पार्टी आरक्षण देगी उसको फेडरेशन द्वारा समर्थन दिया जाएगा। इसके बाद पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी के निधन पर शोकसभा हुई। उन्होंने कहा कि अजीज कुरैशी एक सच्चे देशभक्त थे। ऐसे लोग काफी कम हैं जिनकी भरपाई होना कम है। शहर के मोहल्ला घेर मियां खां में राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां के निवास पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष शुऐब यूनुस ने कहा कि मुस्लिम कौम में तालीम की बहुत कमी है,जिससे वह देश में काफी पिछड़ गया है। इसीलिए अप्रैल-मई माह में फेडरेशन की ओर से मुहिम चलाई जाएगी। जिससे कि तालीम बेदारी पैदा हो सके। अध्यक्षता बाबर खां ने संचालन मास्टर नोमान गाजी ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष असलम खां, मोहसिन खां, बाबू खां, राहत जान खां, जुनैद खां, अर्शी खां, फैजान खां आदि शामिल रहे।

### राजकीय कॉलेज में वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आगाज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सेवानिवृत्त संयुक्त उच्च शिक्षा निदेशक प्रोफेसर डॉ.एसपी खरे ने खिलाड़ियों व अन्य छात्र-छात्राओं को खेल भावना की सीख दी। कहा कि हार-जीत से अलग खेल जीवन में उत्साह व शक्ति का संचार करते हैं। इससे पहले राजकीय डिग्री कालेज का वार्षिक क्रीड़ा समारोहा फर्राटा दौड़ से शुरू हुआ। क्षेत्र के कुआंखेड़ा गांव स्थित श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय के मैदान में मंगलवार को 27वें दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त संयुक्त उच्च शिक्षा निदेशक डॉ.एसपी खरे इसके मुख्य अतिथि रहे। पूर्वान्ह 11 बजे ध्वजारोहण, गुब्बारा प्रक्षेपण, शांति के प्रतीक कबूतरों की उड़ान आदि के बाद छात्र-छात्राओं ने क्रीड़ा मैदान पर मार्च पास्ट किया। मुख्य अतिथि ने मार्च पास्ट की सलामी ली। इसके बाद मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.नीत बिहारी लाल को भी शॉल ओढ़ाया गया। वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ.अवतार दीक्षित ने मुख्य अतिथि के परिचय से अवगत कराया। इसके बाद 100 मीटर की दौड़ से प्रतियोगिताएं प्रारंभ हुईं। कार्यक्रम का संचालन डॉ.शिवओम शर्मा ने किया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ.नीलिमा सिंह समेत महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक विभिन्न व्यवस्थाओं में शामिल रहे।

**समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय), कानून 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित 'अमृत विचार' बरेली नामक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा**

**प्रपत्र–4**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशक का स्थान | : बरेली |
| 2. | प्रकाशन की अवधि | : दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | : राज सागर |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड, मुरादाबाद |
| 4. | प्रकाशक का नाम | : शंभू दयाल वाजपेयी |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : कटरा चांद खां, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाईट, बरेली |
| 5. | सम्पादक का नाम | : शंभू दयाल वाजपेयी |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : 116, आवास विकास, सिविल लाइन्स, बरेली |
| 6. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : रोहिलखंड इन्टरप्राइजेज, बरेली |

मैं राज सागर एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिए गए विवरण सत्य है।

तारीख : 6 मार्च 2024

हस्ताक्षर
राज सागर
मुद्रक / प्रकाशक

एक नजर

## सामूहिक विवाह योजना के 10 जोड़ों के आवेदन निरस्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सत्यापन के दौरान 10 जोड़ों के आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट पर आवेदन के लिए अपलोड प्रमाण पत्रों के सत्यापन से मिली जानकारी के बाद उन्हें निरस्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में आवेदकों द्वारा दिये गए प्रमाण पत्रों के सत्यापन करने पर फर्जीवाड़ा पकड़ में आया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि कुछ आवेदन के सत्यापन करने पर पूर्व में 10 जोड़ों के पहले से ही शादीशुदा होने की जानकारी सामने आई। जिस पर उनके आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। कुछ लोगों के आधार कार्ड में नाम संशोधन होने के बाद अपलोड न होने के कारण आवेदन खुद ही निरस्त हो रहे हैं। आवेदक जानकारी करने लिए जिला समाज कल्याण कार्यालय पहुंच रहे हैं। समाज कल्याण विभाग की ओर से 555 जोड़ों के वैवाहिक समारोह की व्यवस्था की गई है।

# थाना प्रभारी के विरुद्ध 23 साल पुराने मामले में गैर जमानती वारंट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कोर्ट ने तत्कालीन मूंढापांडे थाना प्रभारी निरीक्षक पर की कार्रवाई

**अमृत विचार :** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-पांच दानवीर सिंह ने 23 साल पुराने मामले में मूंढापांडे थाने के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक गोवर्धन लाल वर्मा के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। अभियोजन पक्ष को अगली सुनवाई पर साक्षी प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर दिया है।

न्यायालय ने अपने पारित आदेश में कहा है कि पत्रावली वर्ष 2000 से लंबित है। साक्षी (गोवर्धन लाल वर्मा) उपस्थित नहीं हो रहे हैं। अगली नियत तिथि 29 मार्च पर साक्षी उपस्थित नहीं हुए तो अभियोजन के साक्ष्य का अवसर समाप्त कर दिया जाएगा। न्यायालय ने यह भी कहा कि लंबित मामले में वादी पक्ष के न्यायालय में न आने के कारण बार-बार एसएसपी व डीएम को पत्र लिखना पड़ रहा है। वादी के लगातार गैर हाजिर रहने पर न्यायालय ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। मामला अवैध शस्त्र और दो अभियुक्तों से संबंधित है। इस प्रकरण में मूंढापांडे के तत्कालीन थानाध्यक्ष गोवर्धन लाल वर्मा की तरफ से दर्ज एफआईआर में कहा गया था कि 12 नवंबर 2000 को सुबह सात बजे के दौरान वह पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। उसी दौरान वह सिरसखेड़ा के लिए जा रहे थे कि जंडैल वाले मजरे को जाने वाले कच्चे मार्ग के मोड़ तिराहे के पास संदिग्ध दो व्यक्ति दिखे थे। आवाज देने पर भी न रुकने पर इनको पीछा कर दबोचा गया था। इनमें एक ने अपना नाम पातीराम पुत्र भीमसेन सैनी बताया था। इसके पास से पुलिस ने राइफल बरामद की थी। जबकि, दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम शीशपाल पुत्र शेर सिंह यादव बताया था। शीशपाल के पास से पुलिस ने तमंचा बरामद किया था।

### नगर निगम क्षेत्र में सड़कों पर घूम रहे स्ट्रीट डॉग के काटने से जख्मी हो रहे लोग, जिम्मेदार बेपरवाह

# कुत्तों व चूहों पर नियंत्रण का उपाय खोजने में छूट रहा पसीना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर क्षेत्र में कुत्ते व चूहे निगम प्रशासन के लिए चिंता बने हैं। इन पर नियंत्रण में निगम प्रशासन को पसीना छूट रहा है। स्ट्रीट डाग्स के भय से लोग सहमे हैं। हर दिन जिला अस्पताल में 50 से अधिक पीड़ित कुत्तों के काटने के जख्मी होकर एंटी रेबीज वैक्सीन (एआरवी) का इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। वहीं महानगर में कई सड़क चूहे खोदकर खोखला कर रहे हैं। इसका मुद्दा सदन में पार्षदों ने सोमवार को हुई नगर निगम बोर्ड की बैठक में उठाया।

महानगर की सड़कों पर खुले में कुत्ते विचरण करते रहते हैं। दिन हो या रात यह कभी भी लोगों पर हमला कर काट कर उन्हें जख्मी कर रहे हैं। जिला अस्पताल के इंजेक्शन कक्ष में प्रतिदिन 50 से



मंडी चौक चौराहे पर जगह-जगह चूहों द्वारा खोखली की गई सड़क। ● अमृत विचार

अधिक पीड़ित कुत्तों के काटने से जख्मी होकर एंटी रेबीज वैक्सीन का इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। कुत्तों को पकड़ने के लिए नगर निगम की ओर से ठोस उपाय न होने से नागरिकों के साथ पार्षद भी परेशान हैं।

सोमवार को बोर्ड बैठक में भी कुत्तों के हमले में लोगों के जख्मी होने और उन पर नियंत्रण न करने का मुद्दा नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष व वार्ड नंबर 47 सागर सराय के पार्षद डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने उठाया था। उन्होंने

**अनदेखी**
- जिला अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन का इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे रोजाना 50 से अधिक पीड़ित
- निगम के सर्वे में मिले हैं 42,000 कुत्ते, इसमें से आधे की भी नहीं करा पाया निगम प्रशासन नसबंदी

कहा कि पूर्व की बैठक में भी इन पर नियंत्रण व पालतू कुत्तों के पालने के पहले लाइसेंस लेने के लिए व्यवस्था बनाने, सड़क पर घूमने वाले कुत्तों का बंध्याकरण कराने की मांग की थी। लेकिन निगम प्रशासन गंभीर नहीं है। इस पर अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार ने कहा था कि महानगर की सीमा के कुत्तों को पकड़कर दूसरे क्षेत्र में छोड़ना स्थायी समाधान नहीं है। सर्वे में महानगर में 42,000 कुत्ते पाए गए है। इसमें से 22,000 का बंध्याकरण करा दिया गया है। शेष के लिए भी अभियान चल रहा है। वहीं कांग्रेस पार्षद दल के नेता अनुभव मेहरोत्रा स्टेशन रोड पर कई सड़कों और नालों को चूहों द्वारा खोदकर खोखला करने से हो रही परेशानी को उठाया।

पूर्व में एक विधायक ने भी सदन में चूहों द्वारा सड़क खोखला करने का मामला उठाया था। तब भी इसकी जांच कराकर कोई उपाय कराने की बात निगम प्रशासन ने की थी। अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार का कहना है कि नगर निगम क्षेत्र में सर्वे में 42,000 कुत्ते हैं और 22000 की नसबंदी हो चुकी है। शेष के लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि कुत्ता पालने वालों को लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है। लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने पर भी कार्रवाई होगी।

# हरिद्वार से गंगा जल लेकर लौटने लगे शिवभक्त

### कांवड़ियों के स्वागत को जगह-जगह लगे शिविर, संख्या बढ़ने पर बैरिकेडिंग कर रूट किया जाएगा डायवर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आठ मार्च को महाशिवरात्रि पर अपने आराध्य भोलेनाथ का पवित्र गंगा जल से अभिषेक करने के लिए कांवड़ियों का हरिद्वार जाने व आने का क्रम तेज हो गया है। मंगलवार को हरिद्वार- कांठ- मुरादाबाद मार्ग पर कांवड़ियों की संख्या बढ़ गई। बोल बम, हर हर महादेव का जयघोष करते हुए कांवड़िये अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे।



शुक्रवार को महाशिवरात्रि का पर्व परंपरागत उल्लास व आस्था के साथ मनाया जाएगा। अपने आराध्य भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक करने के लिए शिवभक्त कांवड़ लेकर हरिद्वार गंगाजल भरने बड़ी संख्या में जा रहे हैं। वहीं बड़ी संख्या में भोले का जयकार लगाते हुए कांवड़ियों के जत्थे लौटने भी लगे हैं। कांठ मार्ग पर बरेली व आसपास के कांवड़िये अपने जत्थे के साथ लौटते रहे। उनकी सेवा के लिए रास्ते में जगह-जगह शिविर लगाए जा रहे हैं। इनमें जलपान व भोजन के साथ-साथ आराम करने की भी व्यवस्था है। प्रशासन व पुलिस ने कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रूट डायवर्जन प्लान को अब सख्ती से लागू कराने की तैयारी की है। जगह-जगह बैरिकेड किया जा रहा है। दिल्ली रोड के अलावा हरिद्वार-कांठ-मुरादाबाद मार्ग पर भी पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है। वहीं महानगर के मंदिरों के परिसर व आसपास के क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं पेयजल, सफाई, पथ प्रकाश व्यवस्था को बेहतर करने के लिए दो दिन पूर्व नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने चौरासी घंटा मंदिर व अन्य मंदिरों का भ्रमण किया था। उन्होंने कांवड़ पथ पर पहुंचकर रास्ते के किनारे लगे कूड़ा के ढेर आदि को हटाने के लिए भी निर्देश दिया था।

जैसे-जैसे महाशिवरात्रि का दिन करीब आ रहा है कांवड़ियों के कदमों की चाल भी तेज हो रही है। वह दिन रात अपने बोल बम, हर हर महादेव का जयघोष करते हुए गंगाजल लाने व लेकर लौटने लगे हैं। इसमें बड़े, बच्चे, युवा व महिलाओं की भी संख्या है। डीजे पर शिव के भजनों की धुन पर झूमते गाते शिवभक्त आगे बढ़ रहे हैं।



कांठ रोड से गुजर रहा कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

## कांवड़ियों की सेवा को शिव सैनिकों ने किया भंडारा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जलाभिषेक के लिए कांवड़ ला रहे शिवभक्तों की सेवा के लिए शिवसैनिकों ने तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया है। शिविर में शिव भक्तों के लिए जलपान एवं भोजन के साथ ही उनके स्वास्थ्य की देखभाल के लिए दवा की सुविधा उपलब्ध है। मंगलवार को कांठ रोड पर कोठीवाल डेंटल कालेज के पास कांवड़ियों की सेवा के लिए शिवसैनिकों ने तीन दिवसीय शिविर में कांवड़ियों के खानपान के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। सुबह 10 बजे वैदिक रीति से पूजा अर्चना कर शिवसेना के पदाधिकारियों ने भंडारे का आरंभ किया। शिविर में कांवड़ियों के विश्राम के लिए गद्दे व बिस्तर आदि की व्यवस्था की गई है। यात्रा के दौरान बिगड़े मौसम और ठंडी हवा से उनके स्वास्थ्य की देखभाल के लिए के दवा का भी प्रबंध किया गया है। शिविर का आयोजन मुख्य रूप से जिला प्रमुख गुड्डू सैनी, महानगर प्रमुख मनोज कुमार द्वारा किया गया है। इस दौरान राकेश कुमार प्रजापति, कासिम, कपिल देव, ठाकुरदास सैनी, समर पाल सिंह, राजेन्द्र कश्यप, तिलक सैनी, अनिल कुमार, मुकेश वर्मा, रवि कुमार, मतीन खान, राजेश सैनी, रिंकू आदि मौजूद रहे।

# त्योहार पर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि, रमजान व होली को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्वक मनाने के लिए मंगलवार को पंचायत भवन सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने विभागों के अधिकारियों से कहा कि महाशिवरात्रि व अन्य त्योहारों को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जो भी शिकायतें आई हैं उन्हें नोट कर लिया गया है। नगर निगम, विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी अन्य समस्याओं का समाधान समय से कराएं। उन्होंने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण कराने के लिए सभी मजिस्ट्रेट सक्रिय रहेंगे। प्रशासन इसको लेकर गंभीर हैं। कोई भी अफवाह किसी भी माध्यम से फैलाने की कोशिश न करें। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सबसे बेहतर व्यवस्था संवाद है। प्रबुद्ध नागरिकों से कहा कि पहले की तरह आप सभी का सहयोग मिलता रहे। हम लोगों को गंगा जमुना तहजीब को आगे लाकर आपसी सौहार्द से त्योहार मनाना है। वरिष्ठ पुलिस



पंचायत भवन में पीस कमेटी की बैठक में बोलते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना।

**निर्देश**
- एसएसपी बोले- सोशल मीडिया पर भ्रमित करने वाले संदेशों को बिल्कुल न करें फारवर्ड
- पंचायत भवन सभागार में कानून व्यवस्था व जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन

अधीक्षक हेमराज मीना ने कहा कि सभी त्योहार ठीक प्रकार से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अशांति से गलत संदेश जाता है और इससे आर्थिक नुकसान होता है। मुझे पूरी आशा है कि इन अवसरों पर आपका पूरा सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर सोशल मीडिया पर जो भ्रमित मैसेज आएं उनको फारवर्ड न करें। अफवाह फैलाने वालों से सचेत रहें, पुलिस आपके साथ है। यदि आकस्मिक घटना होती है तो तत्काल थाना प्रभारी व संबंधित अधिकारी को सूचित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, एसपी ग्रामीण, एसपी यातायात, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और संबंधित विभागों के अधिकारी व शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# समाज में नफरत फैला रही भाजपा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम के निर्देश पर जिला चेयरमैन अफजाल सबरी व महानगर चेयरमैन इरशाद हुसैन के नेतृत्व में संयुक्त रूप से प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च न्यायालय को संबोधित ज्ञापन दिया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी पर समाज में नफरत फैलाने का आरोप लगाया।



जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

जिला चेयरमैन ने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम 1991 की अवमानना करते हुए लखनऊ की ऐतिहासिक टीले वाली मस्जिद को मंदिर बताने वाली याचिका को लखनऊ जिला अदालत द्वारा स्वीकार कर लिया है। इस संबंध में मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय को ज्ञापन भेजा गया है। कांग्रेसियों ने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम 1991 में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि 15 अगस्त 1947 के दिन तक पूजा स्थलों का जो भी चरित्र है, उसमें कोई बदलाव नहीं हो सकता और न ही बदलाव की मांग करने वाली कोई याचिका किसी कोर्ट या अथॉरिटी में स्वीकार की जा सकती है।

ऐसे में लखनऊ जिला अदालत द्वारा याचिका का स्वीकार किया जाना पूजा स्थल अधिनियम 1991 की अवमानना है। महानगर चेयरमैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ध्रुवीकरण के लिए धार्मिक मुद्दों को उछाल रही है और उसके कार्यकर्ताओं द्वारा न्यायालय को गुमराह कर याचिकाएं डाली जा रही हैं, ताकि समाज में नफरत फैले और भाजपा को सत्ता प्राप्त हो जाए। इस मौके मोहतसिम मुख्तार, मोहम्मद नाजिम, भयंकर सिंह बौद्ध, राजेंद्र बाल्मीकि, विवेक सागर, कामिल मंसूरी, असलम कदीरी, मुमताज अहमद व अनवर अली शामिल रहे।

## चाइल्ड लाइन के 16 पदों के लिए 54 का साक्षात्कार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिटी रेलवे व सिटी चाइल्ड लाइन यूनिट के 16 पदों पर भर्ती के लिए विकास भवन सभागार में साक्षात्कार किया गया। पैनल में जिला विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला बाल विकास एवं महिला कल्याण अधिकारी ने आवेदकों से चाइल्ड लाइन यूनिट से संबंधित सवाल पूछे।

जिले में भंग चल रही रेलवे और सिटी की चाइल्ड लाइन यूनिट के 16 पदों के लिए विकास भवन सभागार में साक्षात्कार के लिए 54 आवेदनकर्ता पहुंचे। चाइल्ड लाइन यूनिट के कॉडिनेटर और काउंसलर के एक-एक पद की भर्ती के लिए 20 आवेदकों से साक्षात्कार किया गया। वहीं सिटी में चार-चार पदों के लिए सुपरवाइजर, केस वर्कर और रेलवे में तीन-तीन पदों के भर्ती के लिए 34 आवेदकों का साक्षात्कार हुआ।

# यूपी बोर्ड: दोनों पालियों में 2050 रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षा में परीक्षा छोड़ने का क्रम जारी है। मंगलवार को पहली पाली में 1163 और दूसरी पाली में 887 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। जिले में 110 केंद्रों पर परीक्षा कराई जा रही है।

पहली पाली में हाईस्कूल की गृह विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत 16,257 में से 15,103 उपस्थित हुए। 1154 ने परीक्षा छोड़ दी। इसी पाली में इंटर के फल एवं खाद्य संरक्षण, पाक शास्त्र व अन्य प्रश्नपत्र में पंजीकृत 177 में से 9 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। 168 उपस्थित रहे। इस प्रकार पहली पाली में कुल पंजीकृत 16434 में से 15271 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 1163 अनुपस्थित रहे।

यही स्थित दूसरी पाली में भी रही।



परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर बाहर आतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

दूसरी पाली में हाईस्कूल के कंप्यूटर विषय की परीक्षा महानगर सहित जिले के अन्य केंद्रों पर कराई गई। इसमें 1612 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 1571 उपस्थित रहे, जबकि 41 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि इंटर के भूगोल व कृषि प्रथम व द्वितीय प्रश्नपत्र में पंजीकृत 9,406 विद्यार्थियों में से 8,560 ने परीक्षा दी। जबकि 846 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा के लिए केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। स्टेटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट भी केंद्रों पर निगरानी कर रहे हैं। नकल विहीन परीक्षा के लिए सभी संकल्पित हैं।

कार्यक्रम

### समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत नगर संसाधन केंद्र में हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन

# बच्चों को प्री प्राइमरी में लक्ष्य आधारित शिक्षा देकर बनाएं निपुण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति में आंगनबाड़ी केंद्रों को बाल वाटिका के रूप में विकसित कर रुचिपूर्ण ढंग से शिक्षण कार्य कराया जा रहा है। 3 से 8 साल तक के बच्चों को प्री प्राइमरी शिक्षा में लक्ष्य आधारित शिक्षा देकर निपुण बनाना है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ओर शिक्षकों से पूरे मनोयोग से कार्य करने का आह्वान किया।

वह मंगलवार को समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत नगर संसाधन केंद्र सिविल लाइंस में आयोजित हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव आयोजन के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने शिक्षकों से अपनी जिम्मेदारी



पुरस्कृत बच्चों के साथ एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह, डायट प्राचार्य ओमप्रकाश गुप्ता व अन्य।

निष्ठा से निभाने के लिए कहा। उप शिक्षा निदेशक व प्राचार्य डायट ओम प्रकाश गुप्ता व एडी बेसिक ने उत्सव का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कम्पोजिट विद्यालय कांशीराम नगर की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना की। प्राथमिक विद्यालय शाहपुर तिगरी के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया।

प्रथम सत्र में नीलम रानी ने निपुण भारत मिशन, रोशनी वर्मा के द्वारा स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की प्रस्तुति दी गई। द्वितीय सत्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन के द्वारा बच्चों के सहयोग से बाल वाटिका शिक्षण को समझाया गया। नीतू सिंह ने माता उन्मुखीकरण, सामुदायिक सहभागिता व रेहाना परवीन के द्वारा शिक्षण पर प्रस्तुतिकरण दी। नगर क्षेत्र के 2 बाल वाटिका ओर 3 प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को निपुण छात्र का प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार दिया गया। नगर शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने ओर उनकी शिक्षा पर ध्यान देने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन राहुल शर्मा ने किया। कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय राजेश कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर मनोज कुमार बोस व वंदना सैनी, जिला समन्वयक प्रशिक्षण तेजपाल सिंह, एसआरजी ऋतु त्यागी, राहुल शर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के महानगर इकाई के अध्यक्ष राकेश कौशिक, मंत्री उस्मान आरिफ, बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सुमन दयाल के अलावा रोशनी वर्मा, आयशा नूर, नीतू सिंह, शालिनी, रत्नेश बाला, मनीला शर्मा, नमिता गुप्ता, उषा कुमारी, सुजाता यादव, मोनिका पाल, विष्णु भारद्वाज, सल्वी जुल्फिकार, नीरज सक्सेना, निशांत दीक्षित, तनुश्री, अरशद अली, मनोज कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री बीना, राखी भटनागर सहित काफी संख्या में बाल विकास विभाग की कार्यकत्रियों व शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

# सीओए सदस्यों का चुनाव मार्च में नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद की प्रशासनिक समिति (सीओए) के सदस्यों का चुनाव मार्च में कराए जाने की अटकलों को अब विराम लग गया है। ईपीसीएच की ओर से साफ कर दिया गया है कि सीओए सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया मार्च में नहीं की जाएगी। लोकसभा चुनाव के बाद ही शुरू की जा सकेगी।

सीओए सदस्य का चुनाव मार्च में ही कराए जाने की आहट से मुरादाबाद में ईपीसीएच के सदस्य निर्यातकों के बीच सियासी गर्माहट का पारा बढ़ गया था। शहर की प्रमुख निर्यातक एसोसिएशनों के बीच सियासी घमासान शुरू हो गया था। निर्यातक एसोसिएशनों की तरफ से अपने-अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान करके उनके समर्थन में जोरदार लामबंदी शुरू की गई थी। हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद के चेयरमैन नीरज खन्ना ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया घोषित करने को लेकर ईपीसीएच के बोर्ड की जो बैठक बुलाई गई थी वह निरस्त हो जाने से यह स्पष्ट हो गया है कि चुनाव अब मार्च में नहीं होगा। बल्कि सीओए सदस्य चुनाव की प्रक्रिया लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद होगी।

## निर्यात संवर्द्धन परिषदों पर सरकार ने लगा रखी थी रोक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** केंद्र सरकार ने सभी निर्यात संवर्द्धन परिषदों में चुनाव पर रोक लगा रखी थी। सरकार ने परिषदों की कार्यप्रणाली में एकरूपता लाने के मकसद से नए नियम तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की थी। ईपीसीएच से मिली जानकारी के अनुसार सरकार के बायलॉज पहली अप्रैल से लागू हो रहे हैं। ईपीसीएच में सीओए सदस्यों का चुनाव नए बायलॉज से हो या फिर पुराने बायलॉज से, इसे लेकर परिषद में द्वंद की स्थिति थी। जबकि व्यावहारिक तौर पर चुनाव पुराने बायलॉज से कराना संभव नहीं होना मानकर शीर्ष प्रबंधन काफी फूंक-फूंककर कदम रख रहा था। ईपीसीएच के अधिशासी निदेशक आरके वर्मा ने मार्च में चुनाव कराने को लेकर कोई निर्णय नहीं होने का संकेत दे दिया था। लेकिन, परिषद में किसी स्तर पर सरकार से विशेष अनुमति लेकर मार्च में ही चुनाव कराने की तैयारी के चलते अलग-अलग एसोसिएशनों से जुड़े महानगर के निर्यातक सियासी अखाड़े में जंग लड़ने की मुद्रा में आए थे।

- चुनाव प्रक्रिया घोषित करने के लिए बुलाई गई ईपीसीएच की बोर्ड बैठक निरस्त

एक नजर

### बिजली चोरी करने वाले 100 लोगों के कनेक्शन काटे

**अमरोहा, अमृत विचार :** विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार के निर्देशन में अधिशासी अभियंता पुनीत कुमार एवं उपखंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान बिजली चोरी करने वाले 100 लोगों के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई। टीम ने सात लाख रुपये जुर्माना भी वसूला। विद्युत विभाग की इस कार्रवाई से बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मचा रहा। उपखंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया कि डिवीजन में बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान छापेमारी की गई और घरों के कनेक्शन काटकर जुर्माना वसूल किया गया। अभियान में विभाग की टीम को कुछ लोग के विरोध का सामना भी करना पड़ा। लेकिन विभाग ने चोरी करने वाले 100 लोगों कनेक्शन काट दिए। इसके अलावा सात लाख रुपये जुर्माना भी वसूल किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# बाइकों की भिड़ंत में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत

## हसनपुर-रहरा मार्ग पर सोमवार की रात हुआ हादसा, एक युवक ने मौके पर ही तोड़ दिया था दम, मचा कोहराम

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** हसनपुर-रहरा मार्ग पर सोमवार की रात दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। गंभीर हालत में दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। इलाज के दौरान दोनों गंभीर घायलों ने भी दम तोड़ दिया। हादसे में पिता-पुत्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। दोनों बाइकों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।



पिता-पुत्र की मौत के बाद बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव रहरई व खुशहालपुर का है। रहरई निवासी अरुण (30) अपने दोस्त गांव के ही संजय और सुनील के साथ बाइक पर सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने अमरोहा जा रहा था। दूसरी बाइक पर रहरा थाना क्षेत्र के गांव खुशहालपुर निवासी 55 वर्षीय राजपाल अपने बेटे प्रवीन (23) के साथ गंगानगर गांव में शादी समारोह से अपने गांव लौट रहे थे। रहरा में बिजली घर के निकट दोनों बाइकों की आमने-सामने से टक्कर हो गई।



प्रवीन।



अरुण।



राजपाल (फाइल फोटो)।

इसमें अरुण की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद इलाज के दौरान राजपाल और प्रवीन ने भी दम तोड़ दिया। पिता-पुत्र की मौत से परिवार में कोहराम मचा गया। राजपाल के दो पुत्र व एक पुत्री है। तीनों बच्चों की शादी हो चुकी है। राजपाल गांव में ही परचून की दुकान चलाते थे। जबकि प्रवीन मजदूरी करता था। बहन भाइयों में वह तीसरे नंबर का था। प्रवीन की मां सुरजिया देवी, पत्नी छाया देवी व दोनों बेटियों का रोते-रोते बुरा हाल है। थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने बताया कि तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

### हेलमेट होता तो बच सकती थी जान

हादसे के शिकार हुए किसी भी बाइक सवार ने हेलमेट नहीं पहना था। यदि हेलमेट होता तो शायद उनकी जान नहीं जाती। प्रशासन को यातायात के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। अपनी सुरक्षा का स्वयं भी लोगों को ध्यान रखना चाहिए। एसओ रमेश सहरावत का कहना है कि दो पहिया वाहन पर हेलमेट व चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। ताकि हादसों से बचा जा सके।

### संदिग्ध परिस्थितियों में भट्ठा मजदूर की मौत

**डिडौली, अमृत विचार :** ईंट भट्ठा मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव सुबह घर में पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि सोमवार की रात मजदूर की बाइक पेड़ से टकरा गई थी। इसमें वह घायल हो गया था। इसके बाद वह घर जाकर सो गया। पति का शव देखकर पत्नी की चीख निकल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सलमेपुर नवादा का है। मूल रूप से जिला रामपुर के थाना कैमरी के गांव पजाबा निवासी आबिद हुसैन गांव समेलपुर नवादा में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। सोमवार की देर रात आबिद हुसैन बाइक लेकर कहीं जा रहा था। अचानक बाइक लिप्टिस के पेड़ से टकरा गई। इसके बाद घायल आबिद हुसैन घर पहुंचा और पत्नी अफसाना को घटना के बारे में बताया। सुबह दवाई लेने जाने की बात कहकर आबिद हुसैन कमरे में सो गया।

# भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार है जनता : अशरफ

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी की बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सैयद अदनान अशरफ ने कहा कि जनता भाजपा के शासन से दुखी है। राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकने की तैयारी में है।

मंगलवार को बाईपास मार्ग स्थित पार्टी के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सैयद अदनान अशरफ रहे। कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सैयद अदनान अशरफ ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में निकल रही न्याय यात्रा को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। लोकसभा चुनाव में जनता राहुल गांधी के हाथों को मजबूत कर केंद्र से भाजपा सरकार को उखाड़ने का कार्य करेगी। सांसद दानिश अली के पार्टी में शामिल होने के सवाल पर कहा कि अभी सांसद ने पार्टी ज्वाइन नहीं की है।



सैयद अदनान अशरफ का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

बैठक का संचालन पूर्व प्रदेश सचिव अफसर अली खान ने किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अहमद, खालिद मोहम्मद खान, लोकसभा प्रभारी अतीक अहमद, जिलाध्यक्ष डॉ. इरफान पारस, छुन्नन भारती, छिददा खान, नौशाद खान, हाजी नफीस चिश्ती, नफीस बेगाना आदि मौजूद रहे।

### शराब पीकर मारपीट में दो लोग घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव रूखालू निवासी दो लोगों में शराब पीकर पकौड़ी खाते समय कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इसमें दोनों घायल हो गए। घायल कोतवाली पहुंचे और एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी महेंद्र एवं चिरंजी ने सोमवार की रात एक साथ बैठकर शराब पी। इसके दुकान पर पकौड़ी खाते समय उनमें कहासुनी हो गई। देखते-देखते दोनों में मारपीट होने लगी।

इसमें दोनों घायल हो गए। इसके बाद दोनों घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दोनों से तहरीर लेकर सीएचसी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली नारी शक्ति वंदन यात्रा

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** मंगलवार को भाजपा महिला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन यात्रा निकाली। मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल व विधायक राजीव तरारा का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।

महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाएं महिलाओं के लिए बहुत लाभकारी साबित हो रही हैं। इन योजनाओं की बदौलत समाज में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। विधायक ने कहा कि मोदी सरकार में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नारी शक्ति के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। बेटियों व महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं शुरू की हैं। इनसे महिलाओं का उत्थान हो रहा है। अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की योजनाओं की बदौलत महिलाएं ग्राम पंचायत से लेकर लोकसभा तक हर क्षेत्र में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। इसके बाद महिला मोर्चा के नेतृत्व में स्कूटी व बाइक द्वारा नगर में नारी शक्ति वंदन यात्रा निकाली।



रैली निकालते विधायक राजीव तरारा, चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विधायक व चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। रैली सत्येंद्र रिजॉर्ट से प्रारंभ होकर अहिल्या स्तंभ, बड़ा गणेश आश्रम, महादेव चुंगी, गुरुद्वारा रोड, नुक्कड़ शिव मंदिर, हरदेव बाजार, मुख्य बाजार, स्टेट बैंक चौराहा से होते हुए गढ़ी मंदिर पर समाप्त हुई। रैली में जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, कार्यक्रम संयोजक कुसुम अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, प्रशांक त्यागी, जगत सिंह सैनी, सौरभ सैनी, राजीव उपाध्याय, शशी चौहान, सोनिया अग्रवाल, नीरज सैनी, रीना चौधरी आदि शामिल रहे।



पत्रक दिखाते लाभार्थी। ● अमृत विचार

# सरकार की योजनाओं के बारे लोगों को दी विस्तृत जानकारी

संवाददाता, नौगावां सादात

**अमृत विचार :** मंगलवार को विधानसभा नौगावां सादात क्षेत्र में भाजपा राष्ट्रीय महासंपर्क अभियान चलाया गया।

विभाग के जिला संयोजक पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी ने विधानसभा क्षेत्र के गांव इस्सेपुर पहुंचकर किसान सम्मान निधि, उज्जवला गैस योजना, अन्न योजना, स्वच्छ भारत मिशन आदि योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क किया। सरकार की योजनाओं के पत्रक वितरित किए और लाभार्थियों के साथ सेल्फी लेकर सरल ऐप पर अपलोड कीं। उन्होंने लोगों को सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर सेक्टर संयोजक अमन कुमार कश्यप, सुनील कुमार सैनी, बृजपाल सिंह, सुमित्रा देवी, राम कुमार सिंह, सोमवीर यादव, शीशराम यादव, गंगवार यादव आदि मौजूद रहे।

### राजेश सैनी बने नगीना लोकसभा के प्रभारी

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रति निष्ठा और ईमानदारी को देखते हुए पार्टी ने पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष राजेश सैनी को नगीना लोकसभा का पिछड़ा मोर्चा लोकसभा प्रभारी नियुक्त किया है।



नगीना लोकसभा की सीट 2019 के चुनाव में गठबंधन के खाते में गई थी। पिछले चुनाव की तरह इस चुनाव में कोई गलती न करते हुए पार्टी ने जातिगत समीकरणों के अनुसार वरिष्ठ पदाधिकारियों को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए चुनाव में लगाया है। राजेश सैनी का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सैनी बिरादरी में अच्छा प्रभाव है। पार्टी में वर्तमान में भी उन्हें नूरपुर विधानसभा प्रभारी व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पिछड़ा मोर्चा की जिम्मेदारी दी है। नगीना लोकसभा में सैनी समाज की अच्छी संख्या में हिस्सेदारी है। उन्हीं को साधने के लिए राजेश सैनी को प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। नगीना लोकसभा में नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, नहटौर, नूरपुर सहित पांच सीट आती हैं।



शिविर का उद्घाटन करते पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी। ● अमृत विचार

# नगर पालिकाध्यक्ष ने किया कांवड़ शिविर का उदघाटन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** श्री बांके बिहारी सेवा समिति की ओर से शिव भक्तों की सेवा के लिए लगाए जाने वाले कांवड़ शिविर का नगर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने विधि-विधान से पूजन कर फीता काट कर उद्घाटन किया।

पुरानी तहसील पर श्री बांके बिहारी सेवा समिति ने शिव भक्तों की सेवा के लिए शिविर लगाया। मंगलवार को पालिकाध्यक्ष ले मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा कर शिविर का फीता काट कर शुभारंभ किया।

इस मौके पर नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, इशांत सैनी, नितिन सैनी, राहुल सैनी, बॉबी अग्रवाल, प्रियांशु गर्ग, मंटू अग्रवाल, नमन, संजय, मनोज जोशी, अंकित, ऋषि अग्रवाल, मोनू पाल महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों को तकनीकी शिक्षा के प्रति किया जागरूक

**हसनपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को सरदार बेगम मेमोरियल पीजी कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन स्वंयसेवियों ने ग्राम कनेटा व कालाखेड़ा में तकनीकी ज्ञान के प्रति जागरुकता अभियान चलाया। स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर तकनीकी ज्ञान के प्रति नारे लगाते हुए गांव का भ्रमण किया। स्वंयसेवियों ने ग्राम वासियों को बताया कि आज का युग तकनीकी शिक्षा का युग है। आज डिजिटल इंडिया बन चुका है। इसलिए तकनीकी शिक्षा हमारे जीवन को महत्वपूर्ण बनाती है। तकनीकी शिक्षा अनिवार्य निवेश है। इससे राष्ट्रीय विकास होता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. नसरे आलम, डॉ. शाह आलम व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



तकनीकी ज्ञान के प्रति लोगों को जागरूक करते स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

शिविर

## आज भी कई प्रांतों में बेटी का जन्म होने पर जाहिर की जाती है निराशा : डॉ. एके सिंह

# सशक्त राष्ट्र निर्माण का जरूरी हिस्सा हैं महिलाएं

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** वाईएमएस डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवियों ने शिविर के पांचवें दिन मंगलवार को महिला सशक्तिकरण दिवस मनाया।

मंगलवार को गांव शहबाजपुर गुर्जर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। इस दौरान संगोष्ठी भी हुई। इसमें कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने कहा कि महिला घर ही नहीं अपितु सशक्त राष्ट्र निर्माण का आवश्यक हिस्सा हैं। आज के युग में महिलाओं को संविधान में कई अधिकार दिए गए हैं।




महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक करते स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

महिलाएं विकासशील भारत को विकसित बनाने में अपना योगदान देती हैं। परंतु फिर भी उन्हें कई तरह से प्रताड़ित किया जाता है। उनके अधिकारों का हनन किया जाता है। आज किसी भी परीक्षा में महिलाएं समान रूप से शामिल होती हैं।

पुरुषों से अधिक अंक भी लातीं हैं। परंतु यह भी सच है कि पुरुष प्रधान समाज होने के कारण पुरुषों को ही मान-सम्मान दिया जाता है। आज भी कई प्रांत ऐसे हैं जहां बेटी का जन्म होने पर निराशा जाहिर की जाती है।

कार्यक्रम अधिकारी सोहन सिंह ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के बारे में जानने से पहले हमें यह समझ लेना चाहिये कि हम सशक्तिकरण से क्या समझते हैं। सशक्तिकरण से तात्पर्य किसी व्यक्ति की उस क्षमता से है जिससे उसमें वह योग्यता आ जाती है जिसमें वह अपने जीवन से जुड़े सभी निर्णय स्वयं ले सके। इस अवसर पर सोमपाल सिंह, नमरा, मुमताज, महक नाज, सदफ नाज, शिवानी, रानी, कोमल, नेहा रानी, नेहा शहर, सिदरातुलमुन्तेहा, रिदा, सोमिया, अमन कुमार, अर्पित गिल, अभिषेक, नितिन, हर्षित, जुबैर आदि मौजूद रहे।

### खो-खो में पखरपुर की टीम रही प्रथम

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** मंगलवार को क्षेत्र के गांव हेबतपुर चौधरियान स्थित केडी स्काई ब्लू पब्लिक स्कूल में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई।

नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में इस प्रतियोगिता में वॉलीबाल, कबड्डी, रस्सा कसी, रिले दौड़, खो-खो में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कबड्डी में हेबतपुर चौधरियान ने प्रथम व कपसुआ की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो में पखरपुर की टीम प्रथम व हेबतपुर की टीम द्वितीय स्थान पर रही। वॉलीबाल में कपसुआ ने प्रथम व हेबतपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नदीम मलिक, वसीम मलिक, कमरुद्दीन मंसूरी ने प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



## एक नजर

### अंडरपास निर्माण को धरने पर डटे किसान

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 43वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने गांव हिसामपुर और भटौला के बीच अंडरपास बनवाने की मांग उठाई। किसानों ने कहा कि सरकार और यूपीडा द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है। अभी तक अंडरपास निर्माण की मांग पूरी नहीं की गई है। अंडरपास निर्माण शुरू होने तक धरना जारी रहेगा। इस दौरान भाकियू असली जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, राहिद, मुकेश, अखिलेश, महेश, पातीराम, रामकिशन, जयपाल गनपत, दोजी सिंह, अशोक कुमार आदि रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार मजदूर घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से बाइक सवार मजदूर घायल हो गया। हादसे के बाद भागने की कोशिश कर रहे कार चालक को आसपास के लोगों ने पकड़ लिया। घायल मजदूर को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। मजदूर की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी जमीर हुसैन मंगलवार को बाइक पर सवार होकर गांव बादल गुम्बद के पास स्थित ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने जा रहा था। संभल-हसनपुर मार्ग पर ईंट भट्ठे के पास पहुंचते ही हसनपुर की ओर से आ रही कार ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी।

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका के निधन से शोक

**बबराला, अमृत विचार :** कुसुम कन्या जूनियर हाईस्कूल की सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका महादेवी गुप्ता (66 वर्ष) का निधन हो गया। मंगलवार को राजघाट गंगा तट मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया। इकलौते पुत्र नवनीत गांधी ने उन्हें मुखाग्नि दी। नगर पंचायत के चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शिखर गोयल, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय, आकाश मेडिकल, नवलेश वार्ष्णेय, आशुतोष वार्ष्णेय, नितिन आइडिया, सुनीत भोला आदि ने परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया।



## अमृत विचार ने 4 मार्च के अंक में प्रकाशित की थी खबर
# बबराला से अलीगढ़ का रेल किराया हुआ 20 रुपये, यात्रियों को राहत

**अमृत विचार**
**खबर का असर**

संवाददाता, बबराला

- बबराला से अलीगढ़ का टिकट 35 रुपये था, अलीगढ़ से 20 का
- रेलवे के दोहरे रवैये के कारण यात्रियों में था रोष

**अमृत विचार :** अमृत विचार द्वारा बबराला से अलीगढ़ तक रेल किराया में विसंगति का मुद्दा उठाने के बाद राहत भरी खबर है। रेलवे ने बबराला से अलीगढ़ के टिकट में 15 रुपये की कमी की है। अब अलीगढ़ का किराया 20 रुपये हो गया है।

रेलवे ने यात्री गाड़ियों का किराया पहले ही कम कर दिया था। जिससे अलीगढ़ स्टेशन पर टिकट खिड़की पर बबराला का टिकट 20 रुपये का हुआ था लेकिन बबराला में अलीगढ़ का टिकट लेने पर 35 रुपये लिए जा रहे थे। रेलवे के दोहरे रवैये से रेल यात्रियों में रोष था। अमृत विचार ने 4 मार्च के अंक में पेज नौ पर बबराला से अलीगढ़ जाने के लिए रेल किराया 35 और लौटने पर महज 20 रुपये ...शीर्षक से खबर प्रकाशित की। जिसके बाद रेलवे ने किराया में 15 रुपये की कम कर दी है। अब बबराला से अलीगढ़ का किराया 20 रुपये हो गया है। किराया कम


बबराला से अलीगढ़ जाने के लिए रेल का किराया 35 और लौटने का महज 20 रुपये

होने से क्षेत्र के तमाम यात्रियों को राहत मिलेगी। यात्रियों की जेब पर बोझ कम पड़ेगा। किराया कम करने की सूचना जारी हो चुकी है। बताते चलें कि बरेली-अलीगढ़ रेल खंड पर सवारी गाड़ियों पर पांच जोड़ी ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। यह सभी स्पेशल दर्जा वाली ट्रेनें अब पैसेंजर ट्रेन में तब्दील कर दी गई हैं।

# अमन कमेटी की बैठक में लोगों से किया संवाद

कार्यालय संवाददाता, संभल/सरायतरीन

**अमृत विचार :** थाना प्रभारी हयातनगर ने अमन कमेटी की बैठक में लोगों से संवाद किया। कहा कि दोनों धर्मों के लोग एक-दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखें। ऐसा कोई काम न किया जाए जिससे शांति व्यवस्था बिगड़े।

हयातनगर थाना परिसर में हुई बैठक में थाना प्रभारी संत कुमार ने कहा कि महाशिवरात्रि पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। जबकि दूसरे वर्ग के लोगों द्वारा नमाज अदा की जानी है। इसलिए दोनों वर्गों के लोग एक-दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखें। सहनशीलता से काम लिया जाए। ऐसा कोई काम नहीं किया जाए जिससे शांति व्यवस्था बिगड़े। होली का त्योहार भी निकट है। अगर किसी को कोई शिकायत है तो पुलिस को सूचना दें। व्यापारी


अमन कमेटी की बैठक में बोलते थाना प्रभारी संत कुमार। ● अमृत विचार

नेता नीलांशु वार्ष्णेय ने बैठक में उठने वाले मुद्दों को लिखने के लिए अलग से रजिस्टर की व्यवस्था कराने की मांग उठाई। बैठक में जीशान खां, नाजिर, जयप्रकाश गुप्ता, नवरत्न वार्ष्णेय, वासु वार्ष्णेय, दीपा वार्ष्णेय, असलम, सचिन शर्मा, अशरफ, इमरान, हाशिम, दानिश, नईम खान, मोहम्मद मुजीब, उवैस आदि रहे।

### त्योहारों व चुनाव में शांति के लिए मांगा जनसहयोग

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** त्योहारों और लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए असमोली थाना प्रभारी ने आयोजित गोष्ठी में डिजिटल वालंटियर से सहयोग की अपील की। थाना परिसर में हुई गोष्ठी में थाना प्रभारी हरीश कुमार ने कहा कि अपराध की रोकथाम के लिए डिजिटल वालंटियर पुलिस का सहयोग करें। ग्राम प्रधान गजराम ने कहा कि नाबालिग और नौकरीपेशा लोगों को चुनाव के मद्देनजर पाबंद नहीं किया जाए। नासिर अली ने कहा कि साइबर ठगों से सावधान रहने की जरूरत है। विजय विक्रम ने कहा कि कहीं कोई सड़क हादसा हो जाए तो घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाने का काम किया जाए। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर रजनीश, एसआई अजीत सिंह, राज सिंह, व्यापारी और लोग मौजूद रहे।

# किसानों को उपहार व उपकरण बांटे
## सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर जीवन स्तर ऊपर उठाएं किसान : जिलाधिकारी

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत विजेता किसानों को जिलाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष और भाजपा जिलाध्यक्ष ने उपहार व उपकरण वितरित किए। जिन्हें पाकर किसानों के चेहरे खिल उठे। जिलाधिकारी ने किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपना जीवन स्तर उठाने का आह्वान किया।

मंडी समिति दफ्तर के परिसर में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ जिलाधिकारी मनीष बंसल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद अतिथियों ने मुख्यमंत्री उपहार योजना के तहत जनपद के 109 किसानों को उपहार व उपकरण वितरित किए। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री के



किसान को उपहार देते डीएम मनीष बंसल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव और भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह।

निर्देशन में किसानों की जरूरत को पूरा करने के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है। उसी के तहत जिला प्रशासन भी किसानों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि खुद योजनाओं का लाभ उठाते हुए दूसरे किसानों के लिए इसके लिए प्रेरित करें। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों का जीवन स्तर उठाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान आगे आएं। कार्यक्रम में मंडी परिषद की ओर से 11 किसानों को पावर ड्राइविंग हार्वेस्ट, 7 पावर टिलर, 16 सोलर पंपिंग सेट, 21 पावर स्प्रेयर, 36 सोलर पावर पैक व 18 मिक्सर ग्राइंडर दिए गए। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम चंदौसी नीतू रानी, मंडी सचिव मोहित फौजदार, डीआईओ बृजेश कुमार आदि रहे। संचालन संभव जैन ने किया।

### तेंदुए की मौत मामले में ग्रामीणों के बयान दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में घर में घुसे तेंदुए की पकड़ने के बाद मौत के मामले में वन्यजीव प्रेमी व सांसद मेनका गांधी के दखल के बाद जांच शुरू हो गई है। मंगलवार को वन विभाग के सेक्शन अधिकारी गांव पहुंचे और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए।

थाना क्षेत्र के गांव धतरा में रामकुमार के घर में 22 फरवरी की सुबह तेंदुआ घुस आया था। पुलिस ने तेंदुए को पकड़ लिया था। इस दौरान तेंदुए के हमले से सीओ घायल हो गए थे। पकड़ कर उपचार के लिए लेकर जाते समय तेंदुए की मौत हो गई थी। जानकारी मिलने पर वन्यजीव प्रेमी व भाजपा सांसद मेनका गांधी ने मामले में दखल देते हुए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग उठाई थी। इस मामले में अब जांच शुरू हो गई है। मंगलवार को वन विभाग पंवासा से सेक्शन अधिकारी यादव चंद बेलवाल टीम के साथ गांव पहुंचे। गांव पहुंचकर सेक्शन अधिकारी ने रामकुमार उसकी पत्नी सुशीला व गंगाराम सेनी, राधेश्याम व एक अन्य से पूछताछ कर बयान दर्ज किए।


हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद दूल्हा और दुल्हन। ● अमृत विचार

# हेलीकॉप्टर से पहुंचे दूल्हा और दुल्हन, उमड़ी लोगों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

- हेलीकॉप्टर उतरने के दौरान सुरक्षा में रही पुलिस

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में हेलीकॉप्टर से दुल्हन लेकर जब दूल्हा पहुंचा तो लोगों का तांता लग गया। लोगों ने काफी देर तक हेलीकॉप्टर को देखा।

थाना क्षेत्र के गांव लातीपुर धीर के निवासी पूर्व शिक्षक प्रताप सिंह यादव का पौत्र रविंद्र सिंह यादव शिक्षा ग्रहण कर रहा है। मंगलवार को रविंद्र सिंह यादव की शादी धनारी थाना क्षेत्र की गांव आरथल में ठेकेदार विजय सिंह यादव की बेटी रश्मि यादव से हुई। रविंद्र अपनी दुल्हन रश्मि को विदा कराने के बाद शाम करीब पांच बजे हेलीकॉप्टर से गांव पहुंचा। हेलीकॉप्टर को देखने के लिए गांव लातीपुर टोड़ी, रैंधा, घौसली, बघोई, अजीजपुर, काशीपुर आदि के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पांच घंटे के इंतजार के बाद जब हेलीकॉप्टर उतरा तो लोगों में कौतुहल बना रहा। हेलीकॉप्टर के उतरने को लेकर सुरक्षा के इंतजाम रहे।

# प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, संभल/सरायतरीन

**अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय 12वीं वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता आरंभ हुई। पहले दिन छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

खेलकूद प्रतियोगिता का आरंभ प्राचार्य डॉ.प्रभा शर्मा की अध्यक्षता और क्रीडा प्रभारी डॉ.तनुज कुमार के निर्देशन में हुआ। मुख्य अतिथि एडीएम प्रदीप वर्मा रहे। छात्र छात्राओं और प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट करके मुख्य अतिथि को सलामी दी। पिछले वर्ष के चैंपियन तरुण गौड़ और साफिया बी ने मशाल दौड़ पूरी की।

मुख्य अतिथि एडीएम प्रदीप वर्मा ने क्रीडा प्रतियोगिता के आरंभ की घोषणा करते हुए कहा कि छात्रों को आत्मविश्वास और कुशलतापूर्वक प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि खेल के दौरान प्रतिभागी


क्रीडा प्रतियोगिता में गोला फेंकता छात्र। ● अमृत विचार

- खेल के दौरान मन मस्तिष्क प्रफुल्लित और तनावमुक्त रहता है : एडीएम प्रदीप वर्मा

का मन मस्तिष्क प्रफुल्लित और तनावमुक्त रहता है। यह हमारी खेल प्रतिभा को उजागर करने का अवसर देता है। छात्र वर्ग गोला प्रक्षेपण में अजय बाबू, चक्का प्रक्षेपण में शिव कुमार, भाला प्रक्षेपण में यशपाल, लंबी कूद में यशपाल, 400 मीटर दौड़ में सत्यभान, 1000 मीटर दौड़ में सत्यभान, हैमर प्रक्षेपण में शिव सागर प्रथम स्थान पर रहे।

छात्रा वर्ग गोला प्रक्षेपण में पायल, चक्का प्रक्षेपण में साफिया, भाला प्रक्षेपण में गुड्डो रानी, लंबी कूद में साफिया, 800 मीटर दौड़ में शालू, ऊंची कूद में साफिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉ.राष्ट्रवर्धन, डॉ.अब्दुल रहमान, डॉ.आसिम, सचिन कुमार निर्णायक रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव चंदवार निवासी आकाश 22 वर्षीय मंगलवार की शाम 7:00 थाना क्षेत्र के गांव असगरीपुर में स्थित एक भट्टे पर मजदूरी करने के लिए जा रहा था।

मनौटा पाकबाड़ा मार्ग पर मार्ग पर गांव चंदवार की मंडिया के पास किसी अज्ञात बाहन ने आकाश की बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि बाइक पर सवार गांव का ही रोहित बाल बाल बच गया। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर भाग गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल आकाश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर आकाश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यह डॉक्टर ने देखते ही आकाश को मृत घोषित कर दिया। जिसे परिजनों में कोहराम मच गया।

# वन विभाग की टीम ने की जंगली जानवर की तलाश

कार्यालय संवाददाता, संभल

**खोजबीन**
- सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग चेक किए ही बिना टीम लौटी
- जंगली जानवर व उसके पंजों के निशान तलाशे

**अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने जंगल में जंगली जानवर व उसके पंजों के निशान तलाशे। देर होने की वजह से जंगल में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग चेक किए ही बिना टीम लौट आई।

थाना क्षेत्र के गांव तिमनपुर में के जंगल में छह दिन पहले जंगली जानवर के पंजों के निशान मिले थे। तीन दिन पहले जंगली जानवर के एक खेत से निकलकर दूसरे खेत में जाने का वीडियो भी वायरल हुआ था। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची थी और जंगल में जंगली जानवर की तलाश की। पंजों के निशान मिलने पर वन विभाग की टीम ने सोमवार को जंगली जानवर देखे जाने वाले रास्तों पर दो जगह सीसीटीवी कैमरा लगाया था।

मंगलवार की शाम चार बजे वन विभाग से डिप्टी रेंजर उस्मान अली टीम के साथ गांव पहुंचे और सीसीटीवी कैमरों के पास व अन्य जगहों पर जंगली जानवर के पंजों के निशान तलाश किए। डिप्टी रेंजर उस्मान अली ने बताया कि देर होने की वजह से कैमरों की वीडियो फुटेज नहीं खंगाली गई है। बुधवार को गांव पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग चेक की जाएगी।

## सार संक्षेप


संभल से गंगाजल लाने हरिद्वार रवाना होते शिव भक्त। ● अमृत विचार

### जल लाने को गंगा घाटों का रुख कर रहे शिव भक्त

**संभल, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए भक्तों में उत्साह दिखाई दे रहा है। संभल जिले से शिव भक्त विभिन्न गंगा घाटों का रुख कर रहे हैं तो बम-बम भोले के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। शिव भक्तों की सुरक्षा में जगह-जगह पुलिस बल तैनात है। शिव मंदिरों में भी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ का जलाभिषेक करने का खास महत्व है। इसी को लेकर संभल जिले में शहर, कस्बा और देहात के शिव भक्त हरिद्वार का रुख कर रहे हैं। हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल लाने के लिए भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। ब्रजघाट के लिए भी शिव भक्तों के जत्थे जा रहे हैं। मंगलवार को संभल क्षेत्र के गांव लहरा कमंगर से शिव भक्तों का जत्था हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। साथ ही जिलेभर के शिव मंदिरों में तैयारी शुरू हो गई है। मंदिरों की साफ सफाई, रंगाई पुताई का काम तेजी से चल रहा है।



सुझाव पेटिका का उद्घाटन करते क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल।

### मुख्य बाजार में रखी गई भाजपा की सुझाव पेटिका

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र को पूरा करने के लिए सुझाव पेटिका संभल नगर मंडल में मुख्य बाजार में रखी गई। जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा भारतवर्ष के नागरिकों से संकल्प पत्र के पूर्ति के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। मंगलवार को सुझाव पेटिका का उद्घाटन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष शोभित गुप्ता, जिला महामंत्री अर्जुन वाल्मीकि, जयप्रकाश गुप्ता, संध्या अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, सभासद चंचल गुप्ता, संजय गुप्ता पोली, अक्षित अग्रवाल, प्रियांशु जैन, नमन अग्रवाल, उमंग अग्रवाल, अमित गुप्ता, ऋषभ ठाकुर आदि रहे।

### विश्व कल्याण के लिए आज होगा यज्ञ

**संभल, अमृत विचार :** संभल ब्लाक क्षेत्र के गांव कल्याणपुर में स्थित त्यागी स्पोर्टस स्कूल व कन्या गुरुकुल में बुधवार को महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती व अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 200 कुंडीय यज्ञ का आयोजन होगा। जिसमें विश्व कल्याण के लिए आहुतियां दी जाएंगी। आचार्य धर्मवीर आर्य के नेतृत्व में ओम ध्वज और राष्ट्रीय ध्वज का कार्यक्रम भी होगा। जिसमें पूर्व एमएलसी भरत सिंह यादव, लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, विभाग प्रचारक अतुल, जिलाध्यक्ष भाजपा हरेंद्र सिंह, संयोजक प्रशांत आर्य शामिल होंगे।

# सरकारी योजनाओं के प्रति लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, बहजोई

- बहजोई कलेक्ट्रेट परिसर में लगी तीन दिवसीय प्रदर्शनी

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट परिसर में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं, नीतियों व कार्यक्रम को लेकर तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए योजनाओं के प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया।

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव व भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने फीता काटकर किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार की योजना का प्रचार प्रचार कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंच रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सब का प्रयास पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से योजनाओं का प्रचार प्रचार होगा। जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से संचालित रहेगी। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा तीन दिवसीय प्रदर्शनी के जरिये आमजन को योजनाओं की जानकारी देने और लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान परियोजना अधिकारी ज्ञान सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार आदि रहे।

# सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आज संभल आएंगे

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल के सपा सांसद डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क के निधन के बाद समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को संभल आ रहे हैं। अखिलेश यादव डॉ.बर्क को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिवार से शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। हसनपुर मार्ग पर होली सुफ्फाह पब्लिक स्कूल के पास बने हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतरेगा।

समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क के निधन के बाद से राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक लोग उन्हें खिराजे अकीदत पेश कर रहे हैं।

बुधवार को समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने विधायक जियाउर्रहमान बर्क, जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खां, अल्पसंख्यक सभा के अध्यक्ष हाजी अशरफ किदवई व


हेलीकॉप्टर के लिए बने हेलीपैड पर व्यवस्था देखने पहुंचे सपा नेता। ● अमृत विचार

- डॉ. बर्क के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री व्यक्त करेंगे शोक संवेदना

अन्य नेताओं के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संभल आगमन को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सपा नेताओं ने हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतारने की व्यवस्था को देखा। बताया गया कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर दोपहर 12.20 बजे हेलीपैड पर उतरेगा। 12.30 बजे वहां से चलेंगे और 12.45 बजे दीपा सराय में डॉ.बर्क के आवास पर पहुंचेंगे। वहां डॉ.बर्क को श्रद्धांजलि देकर परिवार से शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। 1.15 बजे डॉ.बर्क के आवास से प्रस्थान, 1.30 बजे हेलीपैड स्थल पर पहुंचने और 1.45 बजे हेलीपैड से प्रस्थान करने का कार्यक्रम है।

### पौत्र जियाउर्रहमान बर्क को बांधी पगड़ी

**संभल, अमृत विचार :** सांसद डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क के निधन के हर रोजाना कोई न कोई दुख जताने के लिए उनके आवास पर पहुंच रहा है। दरगाह हजरत ख्वाजा शमसुद्दीन तुर्क शाह विलायत के सज्जादानशीन व प्रसिद्ध सूफी धर्मगुरु सैयद ख्वाजा मेराज हुसैन साबरी ने डॉ.बर्क के निधन पर गहरा अफसोस जताते हुए खिराजे अकीदत पेश की। पौत्र एवं विधायक जियाउर्रहमान बर्क को पगड़ी भी बांधी। डॉ.बर्क की जिम्मेदारियों को अच्छे से संभालने के लिए दुआ दी। पूर्व सांसद मुरादाबाद चंद्रविजय सिंह उर्फ बेबी राजा ने भी डॉ.बर्क को याद कर गहरा दुख जताया। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरोहा महबूब अली, समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के अध्यक्ष शकील नदवी, जिला जज एटा फैमिली कोर्ट अहमद उल्ला खां समेत कई हस्तियों ने डॉ.बर्क के आवास पर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी।

## एक नजर

### इलाज को जिला अस्पताल लाए वृद्ध की मौत

**संभल, अमृत विचार :** तहसील चंदौसी क्षेत्र से इलाज कराने जिला अस्पताल आए वृद्ध की मौत हो गई। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए वृद्ध का शव लेकर चले गए। गांव कादरपुर निवासी दिनेश पाल (62 वर्ष) पिछले कई माह से बीमार चल रहे थे। मंगलवार की शाम तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। परिजन दिनेश पाल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टर ने दिनेश पाल को मृत घोषित कर दिया।

### छुट्टा गोवंश से टकराई बाइक, मां-बेटे घायल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर चामुंडा मंदिर के पास छुट्टा गोवंश पशु से बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें मां-बेटा घायल हो गए। बदायूं जनपद के कस्बा रुदायन निवासी पप्पू मंगलवार को मां रामश्री के साथ बाइ द्वारा बबराला आ रहा था। बदायूं मार्ग पर चामुंडा मंदिर के पास बाइक सड़क पर घूम रहे छुट्टा गोवंश पशु से टकरा गई। जिससे पप्पू और रामश्री सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

# बल्लभगढ़ में चन्दौसी के दो युवकों की मौत

## बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव देवापुर के युवकों के संदिग्ध परिस्थिति में कमरे में मिले शव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव देवापुर के दो युवकों की फरीदाबाद (हरियाणा) के बल्लभगढ़ में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। दोनों युवक कमरे में मृत मिले। घटना की सूचना मिलने पर परिजन बल्लभगढ़ के लिए रवाना हो गए थे। मंगलवार शाम शवों के पहुंचने से परिजन विलाप करने लगे। दोनों युवक बल्लभगढ़ के सीकरी में मजदूरी करते थे।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव देवापुर निवासी रिंकू (20 वर्ष) पुत्र नत्थू, भूरे (20 वर्ष) पुत्र प्रेमपाल फरीदाबाद में बल्लभगढ़ के सीकरी में मजदूरी करते हैं। वहां बीएसएनएल की लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। सीकरी में शेड में बने कमरों में अन्य मजदूरों के साथ रहते थे। रविवार की रात दोनों भोजन करने के बाद सो गए। सोमवार की दोपहर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो अन्य मजदूरों ने ठेकेदार व स्थानीय पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा तोड़ा तो दोनों युवक रिंकू व भूरे मृत व एक बेहोशी की हालत में मिला। दोनों युवकों के मुंह व नाक से झाग निकल रहे थे तथा पास में ही शराब की बोतले रखी थीं। जब बेहोशी की हाल में मिले युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार को शाम पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचे परिवार में कोहराम मच गया।


मौत की सूचना मिलने पर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार


रिंकू और भूरे का फाइल फोटो।

### चार दिन पहले रिंकू का हुआ था रिश्ता

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव देवापुर निवासी रिंकू का रिश्ता चार दिन पहले तय हुआ था। वह इसी सिलसिले में बल्लभगढ़ से घर आया था। रिश्ते की रस्म होने के बाद दो दिन पहले वह कार्य अधिक होने की बात कहकर चला गया था। परिजनों को क्या मालूम था कि जिस पुत्र के सिर पर सेहरा बंधेगा, उसका शव घर आएगा।

## कंप्यूटर की परीक्षा में पकड़ा गया नकलची

**बहजोई, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा चल रही हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा की द्वितीय पाली में एक परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़ा गया। जिसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए अन्य केंद्रों पर नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराई गई। हाईस्कूल की गृह विज्ञान की परीक्षा 9376 परीक्षार्थियों ने दी। इंटरमीडिएट की भूगोल, कृषि भौतिकी, कृषि विज्ञान की परीक्षा में 4409 परीक्षार्थी शामिल हुए।

मंगलवार को केंद्रों पर हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली में कड़ी तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। प्रथम पाली में हाई स्कूल के गृह विज्ञान की परीक्षा में 98417 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 9376 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 471 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। इंटरमीडिएट की व्यवसायिक विषय की परीक्षा में 237 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 215 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 22 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

## सार संक्षेप

### परीक्षा देते हुए बेहोश हुई छात्रा, सीएचसी में कराया भर्ती

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बीएमजी इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल की गृह विज्ञान की परीक्षा दे रही छात्रा बेहोश हो गई। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। तबियत खराब होने से छात्रा पेपर नहीं दे सकी। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। कोतवाली क्षेत्र के गांव अकबरपुर चितौरी निवासी ओमप्रकाश की 16 वर्षीय पुत्री अनुष्का बीएमजी इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा है। मंगलवार को उसका गृह विज्ञान का पेपर था। सुबह तैयार होकर छात्रा परीक्षा कक्ष में पहुंची। इसके बाद पेपर प्रारंभ हो गया। सुबह दस बजे छात्रा की तबियत बिगड़नी शुरू हो गई और सुबह साढ़े दस बजे अचानक छात्रा बेहोश होकर परीक्षा कक्ष में गिर गई। मामले की सूचना विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा सागर को दी गई। इसके बाद छात्रा को सीएचसी भेजा। सूचना पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। उपचार के कुछ देर बाद छात्रा को होश आ गया। मगर वह पेपर नहीं दे सकी और रोने लगी।


सीएचसी में छात्रा का उपचार करती स्वास्थ्यकर्मी।



लोक निर्माण विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते युवा व्यापारी। ● अमृत विचार

### हाइवे पर गड्ढों को लेकर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने हाइवे पर गड्ढों की मरम्मत कराने की मांग को लेकर लोक निर्माण विभाग के विरुद्ध फव्वारा चौक पर प्रदर्शन किया। व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि मुरादाबाद हाइवे पर चन्दौसी ग्रीन सोसाइटी के पास सड़क में गड्ढे बने हुए हैं। जिससे अब तक दो छात्रों की मौत हादसे में हो चुकी है। जबकि दो छात्र घायल हुए हैं, जिनका उपचार चल रहा है। जबकि शासन का आदेश है कि हाइवे को गड्ढा मुक्त किया जाएगा। मगर लोक निर्माण विभाग अपने कार्य के प्रति रुचि लेता नजर नहीं आ रहा है। कहा कि व्यापार मंडल इस मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा। अगर शीघ्र ही हाइवे पर बने गड्ढों को ठीक नहीं किया गया है, तो व्यापारी आंदोलन करने को बाध्य होगे। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, मयंक वार्ष्णेय, इरफान मंसूरी, आशीष कुमार, तुषार, अन्ना खान, मुजीव, आकाश वार्ष्णेय, अमन कोरी आदि मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल सरकार को बर्खास्त करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में महिलाएं के साथ हो रही घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन किया। साथ ही पश्चिम बंगाल सरकार को बर्खास्त करने की मांग की।

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटनाओं के विरोध में अभाविप का पांच मार्च को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन था। जिससे 500 से अधिक स्थानों पर विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन किया। इसी क्रम में एसएम कॉलेज परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार के संरक्षण में जघन्य अपराधों में महिलाओं से दुष्कर्म, कमजोर वर्गों का जीना दुश्वार कर दिया। लोगों की जमीनें कब्जाई जा रही है। संदेशखाली में महिलाओं के साथ हो रहे शोषण को लेकर अभाविप में रोष व्याप्त है। राष्ट्रपति से मांग की गई कि शीघ्र ही पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। प्रदर्शन करने वालों में लक्षित सिंघल, आकाश कुमार, पीयूष कुमार, चेतन करोतिया, दर्शिका भारद्वाज, अनुष्का भारद्वाज, कोपल शर्मा, विकास उपाध्याय, मुस्तफा, अमन श्रीवास्तव आदि रहे।


प्रदर्शन करते अभाविप के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

▸▸ अभाविप ने किया प्रदर्शन, ममता राज में महिलाओं के शोषण का लगाया आरोप

### संदेशखाली मामले की उच्च स्तरीय जांच हो

**बहजोई, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ किए गए जघन्य अपराधों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। जिसमें महिलाओं के साथ हुए अपराधों की उच्च स्तरीय जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग उठाई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह मंत्री लक्षित सिंघल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर वंदना सिंह को सौंपा। कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ सरकार के संरक्षित अपराधियों ने जघन्य सामूहिक अपराध किए हैं। उन्हें न्याय दिलाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों से उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। जिससे दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो सके। संदेश खाली में केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति की मांग की, ताकि परिवारों का पलायन रुक सके।

# महावा नदी के जीर्णोद्धार का कार्य हो गया आरंभ

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

## विकास

▸▸ 84 किलोमीटर की महावा नदी के जीर्णोद्धार से क्षेत्र का होगा विकास

▸▸ हवन पूजन के दौरान सीडीओ समेत कई लोगों ने दी आहुतियां

**अमृत विचार :** जनपद में विकास खंड रजपुरा क्षेत्र के गांव सिरसा में सीडीओ ने महावा नदी के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर हवन में आहुतियां दी गईं। बताया गया कि करीब 84 किलोमीटर की महावा नदी के जीर्णोद्धार से क्षेत्र का विकास होगा।

अमरोहा जिले से गजरौला के पिपरिया घाट से निकली महावा नदी करीब डेढ़ सौ साल से अधिक पुरानी है। जल स्रोत के अभाव और अवैध कब्जे के कारण महावा नदी विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी है। जिला प्रशासन ने महावा नदी का जीर्णोद्धार कराने की तैयारी की है। जिसके तहत मंगलवार को रजपुरा ब्लाक के गांव सिरसा में आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान हवन पूजन का आयोजन हुआ। जिसमें सीडीओ भरत कुमार मिश्रा समेत कई लोगों ने आहुतियां दी। सीडीओ ने महावा नदी के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया। बताया गया कि मनरेगा के तहत महावा नदी का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। सीडीओ ने कहा कि करीब 84 किलोमीटर की महावा नदी का जीर्णोद्धार कार्य जल्द ही पूरा कराया जाएगा। शुभारंभ के बाद मनरेगा मजदूर भी नदी की खुदाई करने में जुट गए। इस दौरान जिला विकास अधिकारी राम आशीष, एसडीम रमेश बाबू, बीडीओ अमरजीत सिंह, सीएम फेलो रुचि सिंह राठौर, मुरारीराम, योगेश कुमार, ग्राम प्रधान गुड़िया देवी, ओमप्रकाश राणा आदि मौजूद रहे।



रैली निकालती महिला मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### रैली निकाल किया भाजपा के पक्ष में मतदान का आह्वान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भाजपा महिला मोर्चा की ओर से शक्ति वंदन अभियान के तहत पदयात्रा का आयोजन किया गया। मंगलवार को भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष के निर्देशन में बदायूं रोड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल पथरा से पदयात्रा निकाली गई। जिसमें विद्यालय की प्रबंधक ममता रानी ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा आरंभ कराई। जिसमें अनेक महिलाओं ने भागेदारी की। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण, नौ करोड़ परिवारों को नल से जल मिला है। रैली में महिलाओं ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की बात कही। इस अवसर पर जिला संयोजिका मोक्षिका शर्मा, आशा गोस्वामी, उमा श्रीवास्तव, नीलम अरोरा, किरन शर्मा, ज्योति, आभा रानी, सीमा अग्रवाल, नेहा चौधरी, रिनी, रेशमा, रानी आरती, शिवानी, सोनी शर्मा, नंदिनी, शालू, गीता आदि मौजूद रहे।


ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरुक करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

# मतदान के लिए किया प्रेरित

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** एसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का गांव गुमथल में समापन हो गया है। इससे पूर्व शिविर का आरंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। सबसे पहले स्वयंसेवकों ने शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। इसके बाद सेवकों ने मतदाता जागरुकता को लेकर पोस्टर लेकर गांव में रैली निकाली। जिसमें स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अवश्य मतदान करे।

दूसरे सत्र में डॉ. अमरनाथ व राजकुमार ने योगासन कराए। योग गुरु ने कहा कि आज मानव का जीवन तनावपूर्ण है, तनाव व्यक्ति के जीवन में कई प्रकार की बीमारियों एवं समस्याओं का जन्मदाता है। योग के माध्यम से व्यक्ति न केवल अपने जीवन को स्वस्थ रख सकता है। बल्कि समाज को भी आपस में जोड़े रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

## शोषित व पीड़ितों के लिए कार्य करती है भीम आर्मी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा खास में संपन्न हुई भीम आर्मी की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि भीम आर्मी हमेशा शोषित, पीड़ित व कमजोरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करती है। संगठन के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी एक परिवार की तरह है। हमें आज अपनी आवाज को बुलंद करना है और शासन-प्रशासन तक पहुंचाना है। इसलिए कार्यकर्ता व पदाधिकारी अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का कार्य करें। इस अवसर पर सुनील बाबू, राजीव कुमार, प्रियंका सागर, प्रेम सिंह, विशाल कुमार, मुस्कान हुसैन, दीपक कुमार, राकेश कुमार, अरविंद कुमार, मनोज कुमार, विनीत कुमार, गुड्डू सागर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# योगाभ्यास से स्वस्थ रहता है शरीर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के पांचवें दिन प्राकृतिक चिकित्सा योग व व्यायाम के प्रति जागरुकता विषय पर गांव कैथल स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिविर लगाया गया।

पहले सत्र में स्वयंसेविका प्रीति, खुशनबी, मानसी, मेघा रानी, बविता, प्रियम, मनीषा, रुक्मणी, स्वाति चौहान, शालिनी चौहान, कैफरीन, गायत्री, इल्मा ने गांव का भ्रमण कर लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा व योगाभ्यास के प्रति जागरुक किया। शिविर के दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. सतीश शर्मा व योगाचार्य संजेश आर्य ने सेविकाओं को योग के प्रति जागरुक किया। उन्होंने ने कहा कि नैचुरोथैपी एक प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली है, जिसमें दवाओं का उपयोग किए बिना रोगों को ठीक किया जाता है। इसमें कई रोगों को रोकने की क्षमता होती है। जो रोग हो चुके हैं, उनका इलाज आप कर सकते हैं। योग एक प्राचीन भारतीय जीवन पद्धति है।

जिससे शरीर, मन व मस्तिष्क को दुरुस्त रखा जा सकता है। स्वयंसेविकाओं को योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल गहलोत व डॉ. प्रियंका आदि मौजूद रही।


शिविर में स्वयंसेविकाओं को योग सिखाते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

## राष्ट्रीय सेवा योजना

▸▸ छात्राओं ने ग्रामीणों को प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति किया जागरुक


कोतवाली में चौकी प्रभारी से वार्ता करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने चौकी प्रभारी से मिले अधिवक्ता

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के पुरानी पैठ से छह दिन पहले बाइक चोरी की पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। मंगलवार को अधिवक्ता कोतवाली पहुंचे और क्षेत्र के चौकी इंचार्ज से बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव करेली निवासी अमन कुमार 29 फरवरी की दोपहर घरेलू सामान लेने पुरानी पैठ आए थे। वह बाजार में एक ओर बाइक खड़ी करके दुकान में सामान लेने पहुंचे। कुछ देर बाद वापस पहुंचे तो बाइक गायब थी। कई स्थानों पर खोजबीन के बाद भी बाइक का सुराग नहीं लगा। उसी दिन पीड़ित ने कोतवाली में बाइक चोरी की तहरीर दी है। मगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित का भाई अधिवक्ता है। मंगलवार को आधा दर्जन अधिवक्ता कोतवाली पहुंचे और सीकरी गेट चौकी प्रभारी सचिन भाटी से बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। चौकी प्रभारी ने रिपोर्ट दर्ज कराने का आश्वासन दिया।

### निबंध व भाषण में अभय प्रताप ने मारी बाजी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज में छात्र कल्याण समिति की ओर से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें पहले प्रश्ननोत्तर प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। जिसमें विशाल यादव ने प्रथम, रिजवान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सड़क सुरक्षा शीर्षक पर संपन्न हुई भाषण प्रतियोगिता में अभय प्रताप सिंह ने प्रथम, प्रमोद कुमार ने द्वितीय, केशव मौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भारत में मतदान आवश्यक है विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता में अभय प्रताप ने प्रथम, प्रमोद ने द्वितीय, शाहनवाज आलम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक डॉ. राकेश कुमार, अमरजीत मौर्य, डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. भूशंकर लाल, प्रिया आदि मौजूद रहे।

# डीआईजी ने एसपी कार्यालय का किया निरीक्षण

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** जनपद दौरे पर पहुंचे डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी ने एसपी कार्यालय व विभिन्न शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण किया। अभिलेखों के रखरखाव का अवलोकन करते हुए डीआईजी ने पुलिस कर्मियों को समर्पण की भावना से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। वहीं, अभिलेखों को सही से रखने को कहा।

डीआईजी मुनिराज जी जनपद दौरे के तहत बहजोई पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने गार्द की सलामी ली। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत की मौजूदगी में पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीआईजी ने पुलिस कार्यालय परिसर का भ्रमण कर वाचक कार्यालय, पत्र व्यवहार शाखा, आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, एलआईयू, डीसीआरबी, शिकायत प्रकोष्ठ व विशेष जांच प्रकोष्ठ आदि का निरीक्षण किया। जरूरी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। शाखाओं के निरीक्षण के दौरान विभिन्न रजिस्टर व अभिलेखों का अवलोकन कर उनके व्यवस्थित रखरखाव का निर्देश दिया। कर्मचारियों से डीआईजी ने कहा कि निष्ठा, मेहनत, लगन व समर्पण की भावना से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। इस दौरान एसपी कुलदीप सिंह गुनावत, एएसपी श्रीशचन्द, एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा, बहजोई सीओ दीपक कुमार, सीओ लाईन गणेश कुमार आदि मौजूद रहे।


एसपी कार्यालय में कर्मचारियों से जानकारी करते डीआईजी मुनिराज जी।

▸▸ पुलिस कर्मी समर्पण की भावना से कर्तव्यों का निर्वहन करें

### डीआईजी ने किया शहर में पैदल मार्च

**चन्दौसी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर डीआईजी ने शहर में पैदल मार्च किया। नागरिकों से चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की बात कही। इसके बाद कोतवाली का निरीक्षण कर अभिलेख देखे। पुलिस कर्मियों से बातचीत में पूछा कि कोई परेशानी तो नहीं है। मंगलवार की शाम छह बजे डीआईजी मुनीराज जी अपने काफिले के साथ फव्वारा चौक पर पहुंचे। यहां से पैदल मार्च निकाला गया। पैदल मार्च फव्वारा से शुरू होकर मुरादाबाद गेट, हुसैनी बाजार, घंटाघर, लाठी बाजार, संभल गेट, रामस्वरूप रोड होता हुआ कोतवाली पहुंचा। कोतवाली में डीआईजी ने सबसे पहले महिला डेस्क का निरीक्षण किया। जिसमें तैनात महिला सिपाही से शिकायत लेकर आने वाली पीड़ित महिलाओं की जानकारी ली। महिला डेस्क में मौजूद रजिस्टर में भी देखा।


पालिका कर्मचारी व व्यापारियों की बात सुनते अखिलेश कुमार खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# सड़क निर्माण को लेकर की वार्ता

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** फव्वारा चौक के व्यापारियों ने पालिकाध्यक्ष के पति व अधिकारियों से वार्ता कर सड़क निर्माण के कारण नाले की सफाई नहीं होने की समस्या रखी। व्यापारियों का कहना था कि नाले को सड़क के बीच से निकाला जाए।

फव्वारा चौक से रेलवे स्टेशन तक सड़क निर्माण होना है। सड़क को पांच इंच ऊंचा किया जाएगा। सड़क के दोनों नालों पर दुकानें बनी हैं। सड़क ऊंची होने से बरसात का पानी नाले में जाएगा और नाले की सफाई करने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। मंगलवार को सड़क निर्माण को लेकर मौके पर पहुंचे पालिकाध्यक्ष के पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी व पालिका के जेई केके अग्रवाल व अन्य कर्मचारियों से व्यापारियों ने वार्ता की। जिसमें व्यापारियों ने कहा कि सड़क के दोनों ओर बने नालों को खत्म कर सड़क के बीच नाला निकाला जाएगा। जिससे व्यापारियों की समस्या का समाधान हो सकता है। मगर ऐसा करने से पालिकाध्यक्ष के पति ने इनकार कर दिया।

### चाकू के साथ गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कटरा बाजार निवासी फरान मंगलवार को थाना क्षेत्र में वाजिदपुरम पर स्थित कोल्ड स्टोर के पीछे मुहल्ला बेगम सराय जाने वाले रास्ते पर खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फरान से पूछताछ की। तलाशी लेने पर पुलिस ने फरान के पास से चाकू बरामद किया। पुलिस ने फरान का चालान कर दिया।

सम्बन्ध-विच्छेद
मैंने अपने सगे बेटे चन्द्रशेखर पुत्र स्व. राजवीर व उसकी पत्नी कंचन के गलत कृतियों के कारण संबंध विच्छेद कर लिए हैं। इनका मेरी चल, अचल संपत्ति से कोई वास्ता नहीं है। वीरो पत्नी स्वर्गीय राजवीर ग्राम बांसखेड़ी तहसील व थाना नौगांव सादात अमरोहा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अकामान् कामयति य: कामयानान् परित्यजेत्।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।


## संपादकीय

# ऊर्जा में आत्मनिर्भरता

बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के चलते भारत 2030 तक दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता के रूप में यूरोपीय संघ से आगे निकल जाएगा। यानि भारत में वैश्विक स्तर पर किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक ऊर्जा मांग वृद्धि होने की उम्मीद है। इसलिए ऊर्जा का एक विश्वसनीय स्रोत होना बहुत जरूरी है। हम अब कोयले और अन्य स्रोतों पर निर्भर नहीं रह सकते। इसलिए हमें सौर ऊर्जा के लिए अपनी क्षमता का विस्तार करने की आवश्यकता है। पिछले सप्ताह मंत्रिमंडल ने 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी। इस योजना में बिजली की पहुंच और देश की जलवायु परिवर्तन प्रतिबद्धता की पूरी गतिकी को बदल देने की क्षमता है। करीब एक करोड़ घरों को शामिल करने की संभावना वाली इस योजना के लाभार्थियों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली का बिल तो कम होगा ही, वहीं भारत उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। इस योजना के माध्यम से, शामिल घर बिजली बिल बचाने के साथ-साथ डिस्कॉम को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे। तीन किलोवाट क्षमता वाली एक प्रणाली एक घर के लिए औसतन प्रति माह 300 से अधिक यूनिट उत्पन्न करने में सक्षम होगी। प्रस्तावित योजना के परिणामस्वरूप आवासीय क्षेत्र में छत पर स्थापित सौर ऊर्जा के माध्यम से 30 गीगावॉट की सौर क्षमता की बढ़ोतरी होगी, जिससे 1000 बीयू बिजली पैदा होगी और छत पर स्थापित सौर ऊर्जा प्रणाली के 25 साल के जीवनकाल में 720 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर उत्सर्जन में कमी आएगी। अनुमान है कि यह योजना विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला, बिक्री, स्थापना, ओएंडएम और अन्य सेवाओं में लगभग 17 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगी।

करीब एक करोड़ गरीबों से लेकर मध्यम वर्ग के परिवारों को छत पर सोलर पैनलों से लैस करके, इस योजना का लक्ष्य पारंपरिक बिजली ग्रिडों पर उनकी निर्भरता को कम करना है। सार्वजनिक आंकड़ों से पता चलता है कि पूरे भारत में बिजली की औसत घरेलू खपत लगभग 100 यूनिट प्रति माह है, दिल्ली जैसे कुछ ही राज्यों में यह 300 यूनिट के करीब है। हालांकि नई सूर्य घर योजना पिछली योजनाओं के मुकाबले बेहतर लग रही है। जब तक सरकार बिजली वितरण कंपनियों की आपूर्ति और कीमत निर्धारण जैसी संरचनात्मक समस्याओं का समाधान नहीं करती, तब तक एक करोड़ घरों तक इसे पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा। फिर भी इस योजना के कार्यान्वयन के साथ ऐसे भविष्य की आशा की जा सकती हैं, जहां भारत नवीकरणीय उर्जा में वैश्विक लीडर बन जाएगा।

# भारत में अभी चालू है चेचक की सांस्कृतिक नैदानिक पद्धति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई।

सन 1963-64 में गांव के स्कूलों में चेचक से बचाव के टीके लगाए जाए थे। भारत के स्वास्थ्य तंत्र कर्मियों द्वारा खूब मेहनत करके करोड़ों बच्चों को तीसरी पीढ़ी का चेचक-प्रतिरक्षण टीका लगाया गया। तीसरी पीढ़ी के टीके क्षीण वैक्सीनिया वायरस पर आधारित होते हैं जो बहुत कम विषाणु जनित होते हैं और कम दुष्प्रभाव होते हैं। क्षीण वायरस, प्रतिकृति या गैर-प्रतिकृति हो सकते हैं। सन 1977 के अप्रैल महीने में संपूर्ण भारत को चेचक मुक्त घोषित कर दिया। यह कौतुक की बात है कि चेचक से मुक्त होने के बाद भी देश में चेचक से बचाव की देवी 'शीतला' माता की मान्यता जारी है और 1987 और 1992 के वर्ष में दौरान दो बार विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए देशव्यापी आंदोलन चलाए जाने के बावजूद अभी तक चेचक से बचने के लिए लोकमान्यताएं पूरी शक्ति से लोगों के मन पर हावी हैं। ऐसी मान्यताओं की वैधता और अवैधता को मापने की जुर्रत किसी में नहीं है क्योंकि इससे अराजकता फैल सकती है।

चेचक की 'एटियलजि' को समझने और इस संक्रमण को नियंत्रित करने की कारगर विधि तलाश करने का पहला प्रयास सन 1796 में हालांकि ब्रिटिश फिजिशियन एडवर्ड जेनर ने शुरू किया था लेकिन वे सन 1798 तक एक कार्यकारी टीका बनाकर फील्ड-टेस्टिंग के लिए उपलब्ध करवा सके थे। बाद में ज़िंदा एनिमल्स की चमड़ी के जरिए टीका बनाया गया जो सुरक्षित नहीं थी। इसके बाद जब विषाणु को पृथक करने की टेक्नोलॉजी सुलभ हुई तो ज़िंदा विषाणु को ही टीके के बतौर इस्तेमाल किया गया। यह भी सुरक्षित विधि नहीं थी। 1970 आदि दशक तक विषाणु को क्षीण करके इसकी सर्फेस-प्रोटीन्स के जरिए एक सुरक्षित टीके का विकास संभव हुआ जिसे विश्व स्तर पर प्रयोग किया गया था ताकि चेचक के विषाणु के संपर्क के आने के बाद व्यक्ति को इन्फेक्शन हो जाए तो भी इसके दुष्प्रभाव उस पर न पड़ें। सन 1974 तक भी चेचक से भारत में ही हर साल 1.2-1.5 लाख लोग प्रभावित हो रहे थे और बहुत से मर भी जाते थे।

लंदन में कॉलेज ऑफ फिजिशियन के डॉ.जॉन जेड हॉलवेल ने सन 1767 में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें बताया गया कि अठारहवीं शताब्दी के आयुर्वेदिक डॉक्टरों के दिमाग को समझने के लिए भारत से उपलब्ध हुई प्राचीन पांडुलिपि एक उत्कृष्ट स्रोत है। हॉलवेल का कहना था कि एक इनोक्यूलेटर के हाथ भारत में रहते हुए ऐसी पांडुलिपि हाथ लगी जिसका अध्ययन करने से इसमें जो लिखा था उन्हें मालूम हुआ तो वे चौंक पड़े थे। मालूम हुआ था कि विश्व में सर्प्रथम टीका बनाने की विधि सन 1000-1200 के आसपास आयुर्वेदाचार्यों ने विकसित की थी। इसमें औषधि को नाक के जरिये व्यक्ति को दिया जाता था। इस विधि का प्रसार चीन, मध्य एशिया और अफ्रीका में हुआ। इस विधि में व्यक्ति को वास्तव में ही हलके रोंप में चेचक निकलती और फफोलों से सारा द्रव बाहर निकल जाता। चमड़ी पर चन्द्रमा की सतह जैसे क्रेटरनुमा निशान नहीं पड़ते थे। लेकिन 19 वीं सदी के उत्तरार्द्ध तक भी यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन का न तो कांसेप्ट बना था और न ही वैक्सीन की इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग की जाती थी। भारत में सार्वजनिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत चेचक का प्रोफाइलेक्टिक टीका बच्चों को अब नहीं लगाया जाता। चेचक के आखिरी दौर में यह संक्रमण पूर्वी उत्तरप्रदेश और बिहार के संलग्न क्षेत्रों में ही व्याप्त था। अब कहीं नहीं है।

बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई जैसे कि बारहवीं सदी में उत्तर-पश्चिमी भारत और बंगाल में चेचक के लिए 'शीतला माता' का प्रतीकात्मक उदय।

समझने की जरूरत है कि इंडियन मेडिकल सर्विस के डॉक्टर अफसरों ने उस समय भारत में प्रचलित आयुर्वेद और सिद्ध मेडिकल सिस्टम्स के अलावा अरब चिकित्सा पद्धितयों का भी अध्ययन करके इसके साहित्य और वैद्यों और हकीमों की समझ और कार्यक्षमता पर भी अच्छी टिप्पणियां की थीं, लेकिन बहुत मामलों में इनकी नैदानिक पद्धति को पूर्णतः वैज्ञानिक करार नहीं दिया। शुरू में तो यूंही चलता रहा लेकिन उन्नसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में ब्रिटिश इंडियन गवर्नमेंट ने कलकता, मद्रास और बॉम्बे प्रेसीडेंसीज में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जो अभी तक चालू हैं।

भारत में यूरोपियन चिकित्सा पद्धितयों को धीरे-धीरे न केवल विस्तार दिया जाने लगा बल्कि एक खास बात यह हुई कि इसमें यूरोपियन लोगों का भारत की जलवायु, खान-पान और स्थानीय सांस्कृतिक जन-जीवन के करीब होने से संक्रामक रोगों के होने की संभावना पर पैनी दृष्टि रखने के अलावा जो आयुर्वेज्ञानिक अध्ययन हुए इनका बहुत फायदा भारतीय लोगों को भी मिला जैसे कि उन दिनों मद्रास प्रेसीडेंसी में नीलगिरी की पहाड़ियों में स्थित कुनूर कस्बे में डॉ.रॉबर्ट मैक्कैरिसन ने सन 1911 में न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज की स्थापना की थी जिसमें प्रारंभ में भारतीय खाद्यान्नों, फल, सब्जियों, खाद्य तेल और घी की 'न्यूट्रीटिव वैल्यूज' का पता लगाया गया था जिसका उद्देश्य फौजियों के लिए उपयुक्त आहार निर्धारित करने के लिए किया गया। सन 1950 आदि दशक के दौरान न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज को हैदराबाद शिफ्ट करके नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूट्रीशन बनाया गया जो आज तक चालू है। ऐसे काम के दौरान विलियम क्रूक जैसे ब्रिटिश ऑफिसर्स भारत का सांस्कृतिक अध्ययन करने में जुटे थे जिसने सन 1893 में 'एन इंट्रोडक्शन टू द पॉपुलर रिलिजन एंड फोकलोर ऑफ़ नॉर्थन इंडिया' प्रकाशित की। क्रूक महोदय ने अपनी पुस्तक के तीसरे अध्याय 'द गॉडलिंग्स ऑफ़ डिजीज' में पेज 78 से 88 तक सिर्फ शीतला माता की मान्यता और विश्वास के बारे में जिक्र किया है जिसकी पूजा चेचक से बचने के लिए उत्तर-पश्चिम भारत की महिलाएं करती है। क्रूक की किताब छपने के 130 वर्ष बाद भी अधिकांश भारत में रोग से बचने के लिए अंधविश्वास, झाड़-फूंक और देव-देवियों की मान्यता और पूजा-अर्चना चालू है और महिलाएं श्रृद्धापूर्वक चैत्र महीने की चंद्रोदय वाले पक्ष में आने वाली सप्तमी और अष्टमी में उन स्थानों पर जाती हैं जहां-जहां शीतला माता मंदिर हैं। क्रूक ने उस सभी स्थानों के नाम दिया है। रोहतक नगर में शीतला माता मंदिर में हज़ारों की संख्या में श्रृद्धालु महिलाएं अभी आती हैं और सरसों के तेल से तैयार 'पूड़े' (मीठा पराठा) नैवेद्य के रूप में देवी को प्रस्तुत करती हैं।

गुरुग्राम का शीतला माता मंदिर तो प्रसिद्ध है जिसमें पूजा-अर्चना के लिए हर साल लाखों श्रृद्धालु आते हैं। चैत्र का महीना इसलिए तय है कि ऋतु परिवर्तन के इसी समय पर चेचक के विषाणु का हमला मनुष्य पर होता है और अगले एक-दो महीना में प्रकोप के रूप में यह प्रकट होता था। यह जानना रोचक होगा कि बीमारियों से संबद्ध देवियां हिंदुओं के प्राचीन देवकुलों से बिलकुल अलग हैं। लोकविश्वास कायम रहने का ताज़ा उदाहरण 'कोरोना माता' का है जिसकी उत्पत्ति भारत में कोरोना संक्रमण काल में उत्तर प्रदेश के जिला प्रतापगढ़ में एक स्थान पर सन 2021 में की गई। इस बाबत एक शानदार शोधपत्र मेघा यादव ने स्विट्ज़रलैंड से प्रकाशित होने वाले'रिलिजन्स' जर्नल के लिए सन 2022 के अंक13 में पृष्ठ संख्या 1011-1023 पर लिखा है। संक्रामक बीमारियों को दैवी-प्रकोप मानने की रीति भारत और अफ्रीका महाद्वीप के मुल्कों में ही नहीं बल्कि यूरोपियन–खासतौर से ईस्टर्न यूरोप के देशों में भी व्याप्त रही। इसी बारे इंग्लैंड के डॉ. जेडी रौलेस्टन को याद करना जरूरी है जिन्होंनें 'फोकलोर ऑफ़ द डिजीजेज़' पर खूब काम किया और इस बारे में नेचर जैसी विख्यात पत्रिका में सन 1941 से लेकर 1945 तक, एक के बाद एक, शानदार टिप्पणियां प्रकाशित कीं जिसके अंतर्गत टीबी, चेचक, मिर्गी,अनजाने बुखार, यौन संक्रमण और दन्तदर्द पर लोक-विश्वास और वार्ताओं की प्रकृति और व्याप्तता पर इन्होंनें सामग्री इकट्ठा की थी।



## प्रसंगवश

# आजा नाच लै

यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफयूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

सत्तर के ऊपर निकले चार बरस हो चुके हैं बंदे को। मगर आज भी उसके पैर बैंड-बाजे के बेसुरे शोर पर थिरकने के लिए और जिस्म नृत्य की मुद्रा में आने को बेताब है। इसके साथ ही वो साठ व सत्तर के सालों के उस जमाने की याद में गुम हो जाता है जब तमाम मोहल्लों से बंदे की मंडली को लड़के की शादी में नाचने का न्यौता मिलता था। वे बारात के आगे-आगे 'कम सप्टेंबर' की धुन पर ट्विस्ट और 'नया दौर' के 'ये देश है वीर जवानों को अलबेलों का मस्तानों का' की बैंड-बाजे की बेसुरी धुनों पर जोशीला भांगड़ा करते थे। नागिन की बीन बजते ही बंदा ज़मीन पर लोट-पोट होकर सांप की तरह रेंगने और फुफकारने लगता था। हालांकि मंडली में इन मुद्दों पर अक्सर खासी बहस हुआ करती थी कि 'ये देश है वीर जवानों का' वाले डांस का बारात में क्या काम है? और इसके साथ ये 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का क्या मतलब? अरे भाई सिर्फ मजबूत कद-काठी वालों को ही दुल्हनिया ले जाने का हक़ है? बेचारे दुबले-पतले और कमजोर को किस गली से दुल्हनिया हासिल होगी? कम से कम दुल्हनिया से तो पूछ लेते कि वो सेहरा सजाए दुल्हे के साथ जाने को तैयार भी है कि नहीं? सारे फैसले दुल्हा पक्ष के बुड्ढे-बुढियां ही किए जा रहे हैं। और फिर नागिन की तरह फुफकारने की क्या ज़रूरत है भाई? ये धुन तो दुल्हन की ओर से बजनी चाहिए।


यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफयूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी। औरतों के बारात में सड़क पर खुलेआम नाचने की पहल भी पंजाबियों की देन है। उनके खुलेपन को शुरूआत में बड़ी हिकारत और संकीर्ण नज़र से देखा गया। चूंकि खुशी और मस्ती किसी एक वर्ग की नहीं बल्कि सांझी रवायत होती है और संगीत की धुन पर पैर स्वतः ही थिरकने लगते हैं। इसीलिए यह दिमागी सोच की संकीर्णता में बहुत दिनों तक सीमित नहीं रह पाई। तभी तो आज आलम ये है कि हरेक प्रदेश के हर वर्ग में शादी ही नहीं हर खुशी के मौके पर जमकर डिस्को डांस किए बिना जश्न पूरा नहीं होता है। छोटे से लेकर बूढ़े तक खूब नाचते-गाते-झूमते हैं। तकलीफ यह जरूर है कि ढोल काफी हद तक गायब हो गया है। आज से दस साल पहले तक तो बैंड-बाजे के साथ ढोल की थाप पर भांगड़ा करने वाले मस्तानों की टोली भी अलग से चलती थी। लेकिन वक्त और मौजूदा पीढ़ी की जरूरतों के साथ सब कुछ बदलता है। भांगड़ा भी अब डिस्को में गुम हो गया है। अब भांगड़ा डिस्को स्टाईल में उछलता, कूदता और थिरकता है।

बंदे का दौर गुज़रे आज लगभग तीस बरस हो चुके हैं। 'कम सेप्टेंबर' का ट्विस्ट गायब हो चुका है। मगर बंदे को फख्र है कि उस दौर की बाकी धुनें आज भी ज़िंदा हैं और बारातें इसके बिना अधूरी हैं। फिर बंदा याद करता है उस दिन को जब उसका बारातों में नाचने का दि एंड हुआ था। वो उसकी अपनी ही बारात थी। जैसे ही बैंड-बाजे ने 'ये देश है वीर जवानों का' की धुन छेड़ी, उधर घोड़ी पर बैठा बंदा भूल गया कि वो दुल्हा है। वो घोड़ी से कूद कर नाचने लगा था और खूब नाचा। दुल्हे का अपनी ही बारात में नाचना उस ज़माने में कौतुहल का विषय था। बड़े-बुजुर्ग बेहद नाराज़ और गुस्सा हुए थे।

अगली ट्रेजडी तो सुहागरात पर हुई थी। पत्नी गुस्से में फनफनाई और तमतमाई हुई थी। दरअसल, पति के भालू-बंदरों की तरह बारात में फूहड़ तरीके डांस की ख़बर से वो कतई खुश नहीं थी। उसे ये भी पता चल चुका था कि उसके पति यानी बंदे को नचनिया समझ कर बारातों में न्यौता मिलता था और खूब नचाया जाता था। उसे लगा था कि उसकी शादी किसी सड़क छाप नाचू से हुई है। उसकी सहेलियों ने जब इस बात पर उससे मज़ाक किया था तो उसे ये बहुत ही खराब लगा था।

बहरहाल वो बामुश्किल इस शर्त पर ठंडी हुई थी कि आइंदा से बंदा किसी भी बारात में किसी भी किस्म का डांस नहीं करेगा। वो दिन है और आज का दिन। इस दौरान बंदे ने सैकड़ों बारातें अटेंड की हैं। मगर पैर तक नहीं थिरका उसका।

# कैसे नियंत्रित हो सियासत में काला धन



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी।

बीते कुछ दिनों में देश की सियासत में जो कुछ हो रहा है, उससे भले ही सरकार बन और बिगड़ रही हो लेकिन इससे लोकतंत्र की मूल आत्मा पर कुठाराघात तो हुआ ही है। एक तो सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्शन बांड से राजनीतिक दलों की चंदा लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी पाई और उसे अवैध घोषित कर दिया। फिर चुनाव आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण के बाद एक समाचार पोर्टल ने बताया कि किस तरह राजनैतिक चंदे-सरकार और सरकार की जांच एजेंसियों के बीच मिलीभगत होती है। उसी दौरान चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में महज 36 में से आठ वोट लूट गए, वह भी कैमरे के सामने और सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव परिणाम में दखल दिया। दूसरी बात स्पष्ट है कि संविधान निहित दलबदल कानून अब रद्दी का टुकड़ा है और यह केवल ताकतवर को और शक्ति देने के लिए ही दुरुपयोग का है। तीसरा अब मान लो कि लोकतंत्र का अर्थ है-जिसकी लाठी- उसकी भैंस-जिस राज्य में जिसकी ताकत है वह वोट लूट लेगा। आम लोग जो मत या वोट देते हैं वह नेता के लिए लाखों की कमी का जरिया मात्र है।

भारत में लोकतंत्रात्मक गणराज्य का सपना देखने वाले सेनानियों का मत था कि 'वोट के लिए निजी अपील करना संसदीय लोकतंत्र और सामूहिक हित की भावना के प्रतिकूल है। वोट मांगने का काम केवल सार्वजनिक सभाओं के जरिए होना चाहिए।' यदि कोई भी सरकार लोकतंत्र की इस मूल भावना को जीवित रखने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन करती है तो आम आदमी खुद को लोकतंत्र के करीब समझेगा। असल में यह किसी से छिपा नहीं है कि चुनाव बहुत खर्चीले हो गए हैं। किसी भी दल से टिकट पाना हो या प्रचार के लिए समर्थकों को मैदान में भेजना या फिर मतदाताओं को रिझाना-लुभाना, सभी कुछ केवल धन पर आश्रित है और चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित सीमा में ये सब खर्च संभव नहीं होता। ऊपर के खर्चों के लिए ऊपर से ही कमाई होती है और इस राह में अनाचार, भ्रष्टाचार और दुराचार को विजेता की नैतिकता का जामा पहना दिया जाता है।

यह समय की मांग है कि एक जन कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी। ऐसा नहीं कि चुनाव सुधार के कोई प्रयास किए गए नहीं, लेकिन विडंबना है कि सभी सियासती पार्टियों ने उनमें रूचि नहीं दिखाई। वीपी सिंह वाली राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार में कानून मंत्री दिनेश गोस्वामी की अगुआई में सन 1990 में गठित चुनाव सुधारों की कमेटी का सुझाव था कि राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों को सरकार की ओर से वाहन, ईंधन, मतदाता सूचियां, लाउड-स्पीकर आदि मुहैया करवाए जाने चाहिए। इसमें यह भी कहा गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों को न केवल सरकार के अंतर्गत किसी नियुक्ति बल्कि राज्यपाल के पद सहित किसी अन्य पद के लिए अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। साथ ही किसी भी व्यक्ति को दो से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों पर चुनाव लड़ने की अनुमति न देने, निर्दलीय चुनाव लड़ने पर जमानत राशि बढ़ाने की बात भी इस रिपोर्ट में थी।

राजनैतिक दलों का चंदा एकत्र करने का तरीका चुनाव के दौरान और बाद में भ्रष्टाचार को बेहिसाब बढ़ावा देता है। 1970 में प्रत्यक्ष कर जान के लिए गठित वांचू कमेटी की रपट में कहा था कि चुनावों में अंधाधुंध खर्चा काले धन को प्रोत्साहित करता है। अगस्त-98 में एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिए थे कि उम्मीदवारों के खर्च में उसकी पार्टी के खर्च को भी शामिल किया जाए। आदेश में इस बात पर खेद जताया गया था कि सियासती पार्टियां अपने लेन-देन खातों का नियमित ऑडिट नहीं कराती हैं। अदालत ने ऐसे दलों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के भी निर्देश दिए थे। लेकिन हुआ कुछ भी नहीं।

असल बात तो यह है कि अब चुनाव आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है, उसी का परिणाम है कि उससे उपजा प्रतिनिधि भी जनता से बहुत दूर है। तभी उसके समाज से सरोकार नहीं है और जनता भी वोट देने के बावजूद उसे अपना 'प्रतिनिधि' नहीं मानती। दिनों दिन बढ़ती यही दूरी लोकतंत्र को नए किस्म की राजशाही में परिवर्तित कर रही है। चुनाव प्रक्रिया में शुचिता, पारदर्शिता और खर्च काम करना आज लोकतंत्र के सशक्तिकरण की अनिवार्य जरूरत है।

## सोशल फोरम

# राजनीति की गंगा



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक पार्टी के बारे में अक्सर विपक्षी कहते हैं कि वह राजनीतिज्ञों के पापों को भी पुण्य में बदल देती है। दरअसल मोक्षदायिनी गंगा में पहले यही गुण था। वैज्ञानिकों के अनुसार गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कभी खूब थे जो हानिकर रोगाणुओं का भक्षण कर जल को रोगमुक्त करते थे। मगर इसकी भी एक सीमा थी। अब गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कमतर हो चले हैं और कई जगह तो गंगाजल इतना अशुद्ध हो चला है कि पीने की कौन कहे, वह स्पर्श लायक भी नहीं है।

लोकसभा चुनाव के लिए एक पार्टी के हाल के आबंटित टिकटों के कुछ चेहरे भी ऐसे हैं जिनके बारे में विपक्षियों का यह आक्षेप कि इस पार्टी में आकर जघन्य पाप भी धुल जाते हैं, सही लगता है। आखिर इस राजनीतिक गंगा की भी दोष प्रक्षालन की कोई तो सीमा होगी? और यह भी ध्यातव्य है कि इस समय यह पार्टी अपनी लोकप्रियता के चरम बिन्दु पर है। और चरम बिन्दु के तदनंतर क्या होता है कहने की जरुरत नहीं।

कथित पार्टी की सफलता का मूल कारण केवल एक है-हिन्दू माईंड सेट को सेट कर लेना। उसके मन की बात को भांपना और तदनुसार रणनीतियां बनाना। राम जी तो सभी का बेड़ा पार करते हैं और इस पार्टी के यूसपी तो राम जी ही है। जन जन, जन मन में व्याप्त राम जी। राम जी राजनैतिक नैया पार कराने के भी शर्तियां माध्यम बन गए हैं। और राम नाम की इसी बहती गंगा में हाथ धोने कथित पार्टी में शामिल हो रहे हैं लोग, जो पापों को धो देने की गारंटी देती है। मगर जनता सब देख रही है। राम जी तो ठीक हैं मगर आखिर में काम, किया गया जमीनी काम ही आएगा। यह यूफोरिया, यह नशा हमेशा के लिए नहीं है। उत्कर्ष पर पहुंच कर संभलना बहुत मुश्किल होता है। तनिक भी संतुलन बिगड़ा बस सीधे नीचे।

यह संभलने का वक्त है। टिके रहने का वक्त है। अन्यथा जिस जनादेश ने अर्श तक पहुंचाया वही फर्श तक भी पहुंचाने का काम अंजाम देगी। समय रहते इस पार्टी के आलाकमान को चेतने का समय है।

-फेसबुक वॉल से

# कुबेर का घमंड



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

कुबेर को घमंड हो गया था कि वो ब्रह्मांड में सबसे अमीर है। आप भी जानते हैं कि कुबेर रावण के सौतेले भाई थे। काम था लोगों के धन को अपने पास रखने का। तकनीकी भाषा में कहें तो वो खजांची थे। लेकिन उन्हें लगने लगा था कि उनके पास जो कुछ है, वो सब उन्हीं का है। वो रात-दिन लोगों को अपनी संपत्ति दिखलाते थे। जताते थे कि वो ब्रह्मांड में सबसे दिमागदार हैं, इसीलिए उनके पास इतनी संपत्ति है।

एक बार रावण ने शिव से कुबेर की मुलाकात कराई। कुबेर के सिर पर दौलत की सनक देख शिव ने कहा कि तुम्हारे पाल इतनी दौलत है। लेकिन क्या फायदा? तुम अपने वैभव का प्रदर्शन ठीक से नहीं कर पा रहे हो। ऐसा करो कि तुम तीनों लोकों के देवताओं को अपने बसाए किसी नगर (लंका) में भव्य पार्टी दो। लोगों को दिखला दो कि तुम क्या हो। दौलत हो तो उसका प्रदर्शन भी होना चाहिए। कुबेर को बात भा गई। सही बात है, इतना है तो इसका प्रदर्शन तो बनता है। कुबेर ने पार्टी की तैयारी कर ली। तैयारी क्या करनी थी? उनके पास तो पूरा देश था सोने (गोल्ड) का। उन्होंने सभी को न्योता भेजा। शिव को भी न्योता भेजा।

शिव थोड़ा व्यस्त थे। वो खुद पार्टी में नहीं गए, लेकिन व्यवहार निभाने के लिए अपने पुत्र गणेश को उन्होंने भेज दिया। घर से कोई जाए, व्यवहार दे आए तो उपस्थिति दर्ज हो जाती है। गणेश तो गणेश थे। खाना परोसा गया। सभी देवता भोजन शुरू करते उससे पहले ही गणेश सारा भोजन चट कर गए। भोजन खत्म हो गया लेकिन गणेश का पेट भरा नहीं था। बाकी मेहमान अभी भूखे ही थे। गणेश ने कहा कि और खाना लाओ। कुबेर हतप्रभ। सारा खाना अकेले गणेश हजम कर गए? उन्होंने हाथ जोड़ दिए। कोई इतना खाता है क्या? सबके हिस्से का खाकर भी कह रहे हैं, और खिलाओ।

गणेश अभी भूखे थे। उन्होंने कहा कि खाना खत्म हो गया, इस बात से उनका कोई मतलब नहीं। उन्हें तो भूख लगी है, खाना चाहिए। और उन्होंने कुबेर को दौड़ा लिया।

आप कहानी में लॉजिक मत तलाशिएगा कि गणेश ने ऐसा कब कहा, कहां कहा? गणेश का क्रोध देख कर कुबेर जान बचा कर भागे। आगे-आगे कुबेर। पीछे-पीछे गणेश। भागते-भागते कुबेर हिमालय पहुंचे, शिव के पास। 'प्रभु रक्षा कीजिए। गणेश पूरा खाना खाने के बाद भी तुष्ट नहीं हुए हैं। अब मेरे पीछे पड़ गए हैं।' शिव मुस्कुराए। उन्होंने पार्वती की ओर देखा। पार्वती ने एक मोदक गणेश के मुंह में डाला। गणेश तुष्ट हो गए। शांत होकर बैठ गए। कुबेर हैरान थे। इतने पकवान खा कर जिसका उदर शांत नहीं हुआ था, मां के हाथों एक मोदक में शांत हो गया? वो शिव के चरणों पर लेट गए। 'प्रभु, ये क्या है?'

'ये मन है। जब मन संतुष्ट हो गया तो गणेश शांत हो गए। पेट भरना कुछ नहीं होता। महत्वपूर्ण है मन का भरना। जिसका मन तुष्ट वो संसार में सबसे अमीर। सुनो कुबेर, तुम सबसे अमीर नहीं हो। क्यों नहीं हो क्योंकि तुम्हारा मन तुष्ट नहीं है। और जिसे तुम अपना कहते हो, वो तुम्हारा है क्या?' कुबेर को अहसास हो गया था कि जिस दौलत का वो प्रदर्शन कर रहे थे, जिस पर इतरा रहे थे, वो असल में कुछ भी नहीं। असल में वो दौलत उनकी थी ही नहीं। दौलत किसी एक ही होती ही नहीं है।

# खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है।



निधि नित्या
जबलपुर

वो तब सबसे अधिक मजबूत होती है जब दुनिया उसे कमजोर करने की कोशिश करती है। वो भीड़ में कभी गुम नही होती और तन्हाई में भी आत्मविश्वासी बनी रहती है। पुरूषों को आकर्षित करने की बजाय वो खुद को फूल देती है। वो अपनी मनपसंद है। बुरा बर्ताव करने वालों को वो कतई बर्दाश्त नहीं करती और उनकी तरफ ध्यान भी नही देती जो उसे काबू करना चाहते हैं। वो एक लच्छेदार बालों वाले गोरे लड़के पर फिदा है और चुपके-चुपके उसे जी भर कर दुआ देती है। अपनी गल्तियों पर वो शर्मिंदा नहीं होती बल्कि उनको सीख की तरह इस्तेमाल करती है। पछताने का उसे वक्त नहीं मिलता। वो खुद को स्त्री होने का आदर देती है ।

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है। पहले से किसी रिश्ते में रह रहा पुरुष या विवाहित पुरुष किसी और स्त्री के पास इसलिए चला जाता है क्योंकि वो दूसरी स्त्री उसके ईगो को फीड करती है। ज़्यादातर पुरुष उस स्त्री के साथ रहना पसंद करते हैं जो उसके आधीन रहना सहजता से स्वीकार कर लेती है। ज़्यादातर पुरुष सक्षम और मज़बूत स्त्रियों के साथ रहना नहीं चाहते हैं। दूसरे शब्दों में कहूं तो पुरुष रिलेशनशिप में उस स्त्री को अधिक पसंद करता है जो मानसिक रूप से कमज़ोर होती है या जो पुरुष पर अपनी मेन्टल डिपेंडेंसी दिखाती रहती है।

इस बात को थोड़ा सा विश्लेषित करेंगे तो समझ आएगा कि जो पुरुष स्वयं मानसिक रूप से और वैचारिक रूप से कमज़ोर होते हैं वे ऐसी स्त्रियों को पसंद करते हैं जो उनको भगवान या तारनहार बने रहने का सुख देती है। इसके विपरीत समक्ष स्त्री उनकी पसंद तब होती है जब वो उनके ज़िम्मेदारी के बोझ को कम कर सकती हो। चाहे वो ज़िम्मेदारी परिवार, समाज या कमाई, कर्तव्य की हो। दोनों विपरीत बात और आंकलन हैं। ये मेरा व्यक्तिगत अनुभव है जो लोगों से मिलने पर मिला।

## एक नजर

### अभियुक्त सालिम उर्फ मुल्ला को दो वर्ष की सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** न्यायालय एडीजे-5 (गैंगस्टर एक्ट) के न्यायाधीश ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने अभियुक्त सालिम उर्फ मुल्ला को 2 वर्ष का कठोर कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। थावला निवासी अभियुक्त के विरुद्ध बिलारी थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत वर्ष 2016 में तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज की थी।

### आज सुनेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई की ओर से बुधवार को महानगर के सभी दस नगर मंडलों में सुबह 10:30 से शक्ति वंदन अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुना जाएगा। कार्यक्रम संयोजक व महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा ने बताया कि स्वयंवर बैंक्वेट हाल रामगंगा विहार, गुलजारी मल धर्मशाला बुध बाजार, पंचायती मंदिर नवाबपुरा, ब्लॉक कार्यालय भोजपुर, सामुदायिक केंद्र के सामने बैंक्वेट हॉल चंदननगर आदि में कार्यक्रम होगा।

साइबर ठगों ने पुलिसकर्मी बनकर लोगों को गुमराह कर ठगी की कर दी है शुरूआत, आम लोग ही नहीं विशेष भी हो रहे शिकार

# परिक्षेत्र में साइबर ठगों ने दो महीने में 130 लोगों के उड़ाए 3.66 करोड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**3,65,81,179**
रुपये की कुल ठगी जनवरी-फरवरी में हुई

**50,62,989**
रुपये पुलिस ने बैंक खातों में फ्रीज कराए

**11,11,999**
रुपये पुलिस ने वापस बरामद कर लिए हैं

**अपरिचित को कोई जानकारी न दें, न ही ओटीपी बताएं**

साइबर क्राइम सेल के नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि साइबर क्राइम से बचने के लिए जरूरी है कि अपरिचित यदि आप से कॉल पर आपके व बैंक विवरण के बारे में जानकारी ले रहा है तो कतई न दें, न ही ओटीपी आदि बताएं। कोशिश रहे कि यदि आप ठगी का शिकार हो गए हैं तो जितनी जल्दी हो आप पुलिस लाइन में स्थित साइबर क्राइम सेल में आकर सूचित करें। इससे आपके खाते से चोरी होने वाले रुपयों को वापस या होल्ड कराने में आसानी रहती है। वैसे अभी तक जो केस आए हैं, अधिकांश में साइबर क्राइम सेल धनराशि की रिकवरी या पैसा होल्ड कराने में सफल हुई है।

साइबर क्राइम पर पुलिस ने ध्यान केंद्रित किया है। इसके लिए पुलिस टीमें आमजन को जागरूक भी कर रही हैं। साइबर ठगी का शिकार हुए लोगों को घटना बताने में देरी नहीं करनी चाहिए। उन्हें जल्द से जल्द घटना पुलिस के संज्ञान में लानी चाहिए। वैसे अब हर जिले में साइबर क्राइम थाना बनना शुरू हो गया है। इससे साइबर क्राइम को रोकने में और आसानी हो जाएगी।
– **मुनिराज जी**, डीआईजी

**साइबर अपराध**

- जनवरी-फरवरी में ठगी करने वाले 95 जालसाजों पर है पुलिस की नजर
- साइबर ठगी से बचने के लिए लोगों को विभिन्न माध्यमों से पुलिस कर रही जागरूक

**अमृत विचार :** स्मार्ट क्राइम बहुत तेजी से बढ़ रहा है। परिक्षेत्र के जिलों में दो महीने में ही 130 लोग साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। इन लोगों के कुल 3.66 करोड़ रुपये की धनराशि ठगों ने गुमराह कर उनके खातों से चोरी कर ली है। साइबर ठग विभिन्न तरीकों से झांसे में लेकर ठगी कर रहे हैं, लेकिन इन दिनों ठगों ने एक नया पैटर्न निकाला है।

साइबर क्राइम सेल के प्रभारी मनोज सिंह बताते हैं कि इन दोनों साइबर ठगों ने अपने को पुलिसकर्मी बताकर ठगी करनी शुरू कर दी है। इस तरह के कई मामले भी आए हैं। उन्होंने बताया कि ठगी का शिकार हुए लोगों ने उन्हें बताया है कि कॉल करने वाले ने अपने को पुलिसकर्मी बताया और परिवार के किसी सदस्य को अपराध में पकड़ा जाना बताकर सुविधा शुल्क के नाम पर ठग लिया। देखने में आ रहा है कि इस तरह आम लोग ही नहीं विशेषजन भी साइबर ठगी का शिकार होते जा रहे हैं।

डीआईजी कार्यालय के आंकड़े बताते हैं कि जनवरी-फरवरी में परिक्षेत्र के सभी पांच जिलों में कुल 130 मामले सामने आए हैं। इसमें सबसे अधिक 69 मामले बिजनौर जिले के हैं। इनसे संबंधित लोगों से साइबर ठगों ने उनके खाते से कुल 1.07 करोड़ रुपये उड़ाने का प्रयास किया था। लेकिन, पुलिस की सक्रियता से इस धनराशि में 26.99 लाख रुपये खाते में ही फ्रीज करा दिए गए थे। साथ ही 25 मामलों का खुलासा हुआ और 13 अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी हो गई है। इन अभियुक्तों के पास से पुलिस ने 9,81,999 रुपये बरामद भी कर लिए थे। मुरादाबाद जिले में साइबर ठगी के 20 मामले सामने आए हैं। इसमें 18 मामले विभिन्न क्षेत्रीय थानों में दर्ज हुए हैं, जबकि शेष दो प्रकरण साइबर क्राइम थाने में दर्ज हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, इन 20 लोगों को ठगने वाले कुल 22 आरोपी हैं। जिनकी तलाश हो रही है। इन लोगों ने पीड़ितों से कुल 2.17 करोड़ रुपये उनके खातों से चोरी करने में सफल हुए हैं। हालांकि पुलिस ने खबर लगते ही कुल धनराशि में से 74,999 रुपये बैंक खाते में ही फ्रीज कराने में कामयाबी पाई है। संभल में पिछले दो महीने में कुल 18 लोग ठगी का शिकार हुए हैं। इनके बैंक खातों से साइबर ठगों ने कुल 26.28 लाख रुपये उड़ाए हैं। हालांकि, संभल पुलिस ने काफी अच्छा काम किया है। 13 मामलों में खुलासा कर सात अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया है। इनके पास से कुल 1.30 लाख रुपये भी बरामद कर लिए हैं। इस तरह मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा, संभल जिलों में जनवरी-फरवरी के महीने में कुल 130 लोग ठगी का शिकार हुए हैं। पुलिस की कार्रवाई में पता चला है कि इन लोगों से ठगी करने वाले कुल 95 अभियुक्त हैं। इसमें 21 अभियुक्तों की पुलिस ने गिरफ्तारी भी कर ली है। शेष 74 आरोपियों की तलाश में पुलिस संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही है। वैसे कुल 130 मामलों में से पुलिस ने अब तक 47 प्रकरण का खुलासा भी कर दिया है। वर्तमान में केवल 83 मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## हादसे में जान गंवाने वाले ई-रिक्शा चालक के मामले में एफआईआर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अलीगढ़ हाईवे पर तीन दिन पहले हुए हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

थाना मैनाठेर के ग्राम सुनारी निवासी बृजपाल यादव (40) पुत्र लटूरा सिंह शनिवार की सुबह अपना ई-रिक्शा लेकर मुरादाबाद से कुंदरकी आ रहे थे। जैसे ही वह मुरादाबाद-अलीगढ़ हाईवे पर राधा गोविंद कालेज के पास पहुंचा तभी कुंदरकी की ओर से जा रहे ट्रक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी थी। हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार को पुलिस ने परिजन की तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उज्ज्वला योजना का फर्जी कनेक्शन चलाने पर गैस एजेंसी संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

### डीएसओ ने प्रबंधक, कंप्यूटर आपरेटर व गोदाम इंचार्ज के खिलाफ भी दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मैनाठेर क्षेत्र के रसूलपुर में पुष्पलता इण्डेन गैस सर्विस का गोदाम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उज्ज्वला योजना का फर्जी गैस कनेक्शन चलाकर सरकार की योजना का लाभ लेना गैस एजेंसी संचालक को भारी पड़ गया। शिकायत पर जांच हुई तो पूरी हकीकत सामने आई। जिस पर जिला पूर्ति अधिकारी ने जिलाधिकारी के आदेश के बाद एजेंसी के प्रोपराइटर, प्रबंधक, कंप्यूटर आपरेटर और गोदाम इंचार्ज के खिलाफ मैनाठेर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

जिले के भगतपुर टांडा ब्लॉक के रुस्तमपुर तिगरी निवासिनी तबस्सुम पत्नी मुनाजिर ने 9 फरवरी को शपथ पत्र देकर उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन लेने के लिए आवेदन में बताया कि उनके पास गैस कनेक्शन नहीं है। आवेदन का सत्यापन कराने के दौरान पता चला कि उनके नाम से एक गैस कनेक्शन मेसर्स पुष्पलता इंडेन गैस सर्विस डींगरपुर बिलारी पर 2016 से चल रहा है। इसकी जानकारी पर आवेदक ने कनेक्शन के लिए गैस एजेंसी पर संपर्क किया, 500 रुपये लेने के बाद भी उन्हें गैस कनेक्शन नहीं दिया गया। जबकि उनके नाम से फर्जी गैस कनेक्शन कागजों में चलता बताया गया।

उनके शिकायत करने पर जिला पूर्ति अधिकारी ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सदर, पूर्ति निरीक्षक सदर और पूर्ति निरीक्षक कुंदरकी तहसील बिलारी की संयुक्त टीम से जांच कराई। टीम की 4 मार्च को मिली रिपोर्ट में सामने आया कि मेसर्स पुष्पलता इंडेन गैस सर्विस, डींगरपुर तहसील बिलारी के विरुद्ध प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शनों में गड़बड़ी, अभिलेख अपडेट न रखने, एलपीजी कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं से घरेलू गैस सिलेंडर की रिफिल डिलीवरी के समय निर्धारित मूल्य से अधिक रुपये वसूलने आदि की अनियमितता पुष्ट हुई। इसको देखते हुए इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को दी गई। जिलाधिकारी के आदेश पर जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने गैस एजेंसी की प्रोपराइटर भीमलता निवासी सिद्धार्थनगर, निकट आई ब्लॉक मेरठ, प्रबंधक मोहम्मद आसिफ निवासी ग्राम चक फजलपुर तहसील बिलारी, कंप्यूटर आपरेटर तर्क मोहम्मद यासिर निवासी ग्राम असालतनगर बघा तहसील बिलारी और गोदाम इंचार्ज मोहम्मद हाशिम निवासी हाशमपुर गोपाल, पाकबड़ा के विरुद्ध मैनाठेर थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3-7 के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि भविष्य में यदि किसी गैस एजेंसी के प्रोपराइटर, प्रबंधक के द्वार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन जारी करने में गड़बड़ी और अवैध वसूली की शिकायत मिलेगी तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

## सपना चौधरी प्रकरण में तीन अप्रैल को सुनवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** डांसर सपना चौधरी प्रकरण में न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में वादी के वकील ने साक्ष्य दाखिल करने के लिए समय मांगा है। इस पर अदालत ने तीन अप्रैल की तारीख का मौका दिया है।

रामेश्वर दयाल तुरैहा ने डांसर सपना चौधरी के खिलाफ परिवाद दायर किया था। इसमें उन्होंने न्यायालय को बताया था कि 11 जून 2019 को सपना चौधरी मुरादाबाद के रेलवे स्टेडियम में आईं थीं। कार्यक्रम में भीड़ बेकाबू होने पर पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था। वहीं इस दौरान महानगर में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। आरोप है कि इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए निर्धारित समय के बाद तक डीजे बजाया गया था। वादी ने कार्रवाई के लिए सिविल लाइंस थाना और एसएसपी कार्यालय में भी प्रार्थना पत्र दिए थे। लेकिन, सुनवाई नहीं हुई थी। वादी के अधिवक्ता वैभव अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को एसीजेएम-दो के न्यायालय में पत्रावली पेश की गई थी। इसमें साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की है। जिस पर न्यायालय ने वादी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए परिवाद के लिए अगली तारीख तीन अप्रैल लगा दी है।

# प्रशिक्षण से कारीगरों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का लक्ष्य: सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


पंचायत भवन सभागार में मौजूद प्रशिक्षण लेने वाले कारीगर व अन्य। ● अमृत विचार

- पंचायत भवन सभागार में पीएम विश्वकर्मा योजना से संबंधित प्रशिक्षण व जागरुकता कार्यक्रम

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य कारीगरों को घरेलू व वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में निर्बाध रूप से एकीकृत कर उनको आर्थिक रूप से समर्थ बनाना है। जिससे उनकी बाजार पहुंच और अवसरों में वृद्धि हो सके। साथ ही कारीगरों की अर्थव्यवस्था में परिवर्तन करने और उनको वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में जोड़ने में सहायता मिल सके।

मुख्य विकास अधिकारी मंगलवार को पंचायत भवन सभागार में पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं जागरुकता शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि योजना में देश के परंपरागत 18 ट्रेड से जुड़े कारीगरों और शिल्पकारों जैसे बढ़ई, नाव बनाने वाले, मोची, दर्जी, मछली का जाल बुनने वाले, राजमिस्त्री आदि को लाभ दिलाए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। योजना से संबंधित पात्रता की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कहा कि योजना में दी गई ट्रेडों में लाभ लेने के लिए पंजीयन आवेदन पत्र जन सेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन वेबसाइट www.pmvishwakarma.gov.in कर सकते हैं। आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो व आवेदक उन ट्रेडों में से किसी एक का पारंपरिक कारीगर हो और शिल्पकार क्षेत्र में कार्य करता हो। चयन के बाद लाभार्थी को पांच दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण और उन्नत किस्म की टूलकिट प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील धनवंता, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, सहायक निदेशक एमएसएमई विकास कार्यालय सुशील यादव के अलावा विभिन्न नगर पंचायतों एवं नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारी, ग्राम प्रधान और ट्रेड के संबंधित कारीगर उपस्थित रहे।


सिविल लाइंस क्षेत्र में आंबेडकर पार्क के सामने स्मार्ट सिटी के तहत निर्माण कार्य हो रहा है। इस दौरान वेंडिंग जोन के लिए कार्य करते मजदूर। ● अमृत विचार

## पांच साल बाद धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे आरोपी ओम प्रकाश अग्रवाल को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित पक्ष मुकुल अग्रवाल ने बताया कि लाजपतनगर निवासी आरोपी ओम प्रकाश अग्रसेन समिति में अध्यक्ष थे। इन्होंने जालसाजी करते हुए जमीन की 19 फर्जी रजिस्ट्री कराई थी। फिर इनके द्वारा कराई गई सभी रजिस्ट्री को सिविल न्यायालय ने निरस्त किया था। इस तरह ओम प्रकाश ने करीब तीन-चार करोड़ रुपये की प्रापर्टी का गबन करने का प्रयास किया था। फर्जीवाड़ा सामने आने पर मुकुल की मां शोभा अग्रवाल ने आरोपी के विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में 2015 में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध 2019 से गैर जमानती वारंट जारी था।

# दूसरे के भरोसे न रहकर स्वावलंबी बनें महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज के कार्यक्रम में जानकारी देतीं अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कालेज के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन को एक पग स्वावलंबन की ओर के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि दूसरों के भरोसे रहने की बजाय महिलाएं स्वावलंबी बनें। स्वयंसेविकाओं ने लक्ष्य गीत गाकर योगाभ्यास किया।

शिविर के प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने टोली बनाकर गोद ली गई नई बस्ती और घोसी वाली गली में घर-घर जाकर लोगों को लघु उद्योग के बारे में बताकर जागरूक किया। दूसरे सत्र में डॉ. हिमानी अग्रवाल द्वारा केक और चॉकलेट बनाना बताया गया। सपना अग्रवाल ने विभिन्न प्रकार के फोटो फ्रेम्स, रंगोली, दीपक आदि को बनाने की जानकारी देकर महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया। रेशमा ब्यूटी पार्लर द्वारा मेकअप के छोटे-छोटे टिप्स दिए गए।

तृतीय सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा ने स्वयं सेविकाओं और बस्ती के लोगों को संबोधित किया। कहा कि महिलाएं घर में ऐसे बहुत से कार्य करना जानती हैं जिन्हें वह अपनी जीवन यापन के लिए उपयोगी बना सकती हैं। लेकिन जानकारी के अभाव में वह यह कार्य नहीं कर पाती हैं। उन्होंने कहा कि स्वावलंब का अर्थ है आत्मनिर्भरता अर्थात हम दूसरों के भरोसे न रहकर स्वयं पर निर्भर रहे। अपने घर के छोटे-छोटे कार्य जो हम सभी करते हैं जैसे पापड़ बनाना, मेकअप करना, कढ़ाई करना, बुनाई करना, छोटे-छोटे आइटम्स बनाना इन सबको भी रोजगार के रूप में अपना कर हम स्वावलंबी बन सकते हैं। प्रो. अंजना दास ने कहा कि आज का विषय अत्याधिक सराहनीय है। मुख्य अनुशासिका प्रो. कविता भटनागर ने भी स्वयं सेविकाओं की सराहना की। संचालन और आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शेफाली अग्रवाल और डॉ. रेनू शर्मा ने किया। शिविर में महाविद्यालय की प्रवक्ता प्रो. अंशु सरीन, प्रो. पुनीता शर्मा, प्रो. किरण साहू, प्रो. सीमा गुप्ता, प्रो. अपर्णा जोशी, प्रो. किरण त्रिपाठी, प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. अनुराधा सिंह, प्रो. सीमा अग्रवाल, प्रोफेसर वंदना पांडे, प्रो. सुधा सिंह, प्रो. करुणा आनंद, आंचल गुप्ता, डॉ. इंदू सिंह राजपूत, डॉ. प्रीति पांडे, डॉ. सविता अग्रवाल, डॉ. सीमा मलिक, डा. रूपाली गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

**सहूलियत** निर्यातक बोले- दिल्ली, मुंबई और अन्य शहरों तक पहुंचना होगा आसान, कारोबार को भी मिलेगा बढ़ावा

# 10 मार्च को लखनऊ के लिए पहली उड़ान, निर्यातकों में खुशी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



हमारा महानगर निर्यात का सबसे बड़ा हब है। अब हमें हवाई सेवा मिल रही है। यह सरकार का सराहनीय कदम है। जिससे महानगर में होने वाले निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।
– **नावेद खान**, निर्यातक



महानगर से हवाई सेवा शुरू करना सरकार का सराहनीय कार्य है। जो हमारे विदेशी ग्राहक है वह ट्रांसफर फ्लाइट लेकर सीधे मुरादाबाद तक पहुंच जाएंगे। उससे उनका समय बचेगा।
– **नीरज खन्ना**, निर्यातक

हवाई अड्डे के उद्घाटन के लिए आठ, नौ व 10 मार्च प्रस्तावित तारीख आई हैं। फिलहाल यह तय है कि इस बार किसी भी इन तीनों तारीखों में से एक में हवाई अड्डे का उद्घाटन कर दिया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है।
– **अमरजीत**, एयरपोर्ट डायरेक्टर

**अमृत विचार:** महानगर से हवाई उड़ान 10 मार्च से शुरू होने वाली है। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजमगढ़ से वर्चुअली मुरादाबाद के हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। महानगर के निर्यातकों का कहना है कि हवाई अड्डा शुरू होने से पीतल कारोबार को पंख लगेंगे।

महानगर के लोगों के लिए अच्छी खबर है कि 10 मार्च को मुरादाबाद से हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। मुरादाबाद से उड़ने वाले पहले विमान को इंडोनेशिया के पायलट उड़ाएंगे। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने हवाई अड्डे के उद्घाटन में शामिल होने वाले मेहमानों की सूची भी तैयार कर ली है। जिसमें सांसद, विधायक, निर्यातक, समाजसेवी व प्रशासनिक अधिकारी शामिल रहेंगे। महानगर का नाम पीतल नगरी के नाम से पूरे विश्व में मशहूर है। पीतल का निर्यात करने वाले निर्यातक पिछले काफी समय से यह आस लगाए बैठे थे कि जिले से हवाई सेवा शुरू हो जाए तो हम लोगों को आसानी होगी। निर्यातकों की ख्वाहिश 10 मार्च को पूरी होने जा रही है। जिस पर निर्यातकों ने खुशी का इजहार करते हुए सरकार का आभार जताया है। निर्यातकों का कहना है कि हवाई सेवा शुरू होने से हमारा दिल्ली, मुंबई व अन्य बड़े शहरों में जाना आसान होगा। अब हमारे विदेशी ग्राहक भी भारत आने के बाद बिना किसी परेशानी के महानगर आ जा सकेंगे।

**प्रोजेक्ट पर एक नजर**

| | |
|---|---|
| रनवे की लंबाई | 2112 मीटर |
| रनवे की चौड़ाई | 30 मीटर |
| लाइसेंस श्रेणी | 2 बी वीएफआर |
| निर्माण में खर्च | 28.93 करोड़ |
| विमान का प्रकार डीएचसी | 6 (400) |
| सेवा प्रदाता कंपनी | फ्लाई बिग |
| स्वामित्व | एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया |

**प्रदेश की राजधानी के लिए होगी पहली फ्लाइट**

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री पांच नए हवाई अड्डों का लोकार्पण करेंगे। जिसमें मुरादाबाद, आजमगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती व अलीगढ़ एयरपोर्ट शामिल हैं। बताया कि हवाई अड्डे के उद्घाटन वाले दिन पहली फ्लाइट सिर्फ लखनऊ के लिए उड़ान भरेगी। मुरादाबाद से डीएचसी-6 सीरिज 400 विमान उड़ान भरेगा, जोकि 19 सीटर होगा। फ्लाई बिग कंपनी के अधिकारी आठ मार्च को ही हवाई अड्डे पर पहुंच जाएंगे। जबकि स्टाफ पहले ही तैनात है।

# ओवर ब्रिज के डिवाइडर पर चढ़ी कार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



अगवानपुर ओवर ब्रिज के डिवाइडर पर चढ़ी कार। ● अमृत विचार

- कांठ रोड पर अगवानपुर ओवर ब्रिज पर हुआ हादसा

**अमृत विचार:** कांठ रोड पर अगवानपुर ओवर ब्रिज के डिवाइडर कार चढ़ गई। गनीमत रही कि कोई चोटिल नहीं हुआ है। मौके पर पहुंची यूपी डॉयल-112 पुलिस ने कार को डिवाइडर से उतरवा कर वर्कशॉप भिजवाया।

घटना मंगलवार दोपहर ढाई बजे की बताई जा रही है। मालवीय नगर के प्रमोद गुप्ता अपनी कार से वर्कशॉप जा रहे थे। वह अगवानपुर ओवर ब्रिज पर पहुंचे ही थे कि उनकी कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पर जा चढ़ी। इस कार में केवल प्रमोद गुप्ता ही सवार थे। वह स्टेशनरी का काम करते हैं। प्रमोद ने बताया कि वह समझ ही नहीं पाए कि घटना कैसे हुई, जबकि वह अपनी साइड में चल रहे थे। उधर, पीआरवी ड्यूटी पर मौजूद हेड कांस्टेबल खेमेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे और उनकी कार को सुरक्षित कराया है।

उन्होंने बताया कि अचानक तेज रफ्तार में कार डिवाइडर पर चढ़ी तो उसका अगले पहिये का टॉयर फट गया है, कार भी आगे से क्षतिग्रस्त हुई है। कार को क्रेन से उठवाकर वर्कशॉप भिजवाया है।

# लल्ला गद्दी और सरफुद्दीन ने कोर्ट में किया समर्पण

## सद्दाम समेत 11 लोगों पर लगा है गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▶▶ फरार आरोपियों की तलाश जारी, सद्दाम बदायूं जेल में बंद है

**अमृत विचार :** माफिया रहे अशरफ के साले सद्दाम के गुर्गे मो. रजा उर्फ लल्ला गद्दी और मो. सरफुद्दीन ने स्पेशल जज गैंगेस्टर एक्ट कोर्ट राकेश त्रिपाठी के समक्ष मंगलवार को आत्मसमपर्ण कर दिया। कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया। मामले में 28 मार्च को सुनवाई होनी है।

बिथरी चैनपुर पुलिस ने समद उर्फ सद्दाम, मो. रजा उर्फ लल्ला गद्दी, मो. फरहद खां उर्फ गुड्डू, मो. सरफुद्दीन, फुरकान नवी खान, राशिद अली, मो. आरिफ, आतिन जफर, जेल वार्डन मनोज कुमार, शिव हरी अवस्थी और कैंटीन संचालक दयाराम उर्फ नन्हे के खिलाफ गिरोहबंद की कार्रवाई की थी। पुलिस ने कैंटीन संचालक को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा था, जबकि, सद्दाम बदायूं जेल में है। पुलिस फरार सभी आरोपियों की तलाश कर रही थी कि मंगलवार को गैंगस्टर लल्ला गद्दी और सरफुद्दीन ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया।

पिछले साल प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के बाद इस गिरोह का नाम सामने आया था। सद्दाम प्रयागराज के पूरा मुफ्ती हटवा उपहार का निवासी है और बारादरी के खुशबू एन्क्लेव में किराए के फ्लैट में रहकर अशरफ की मदद करता था। पुलिस का कहना है कि आरोपी सामूहिक रूप से हिंसा करते हैं और लोगों को धमकाकर रुपये की वसूली करते हैं। पिछले साल बिथरी चैनपुर थाने में आरोपियों के खिलाफ बलवा, रंगदारी, हत्या की साजिश रचने और जेल अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद मई में कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था। जमानत पर बाहर हैं आरोपी सद्दाम और अतिन की जमानत अब तक नहीं हो सकी है।

## दो बाइकों की टक्कर में दो युवक गंभीर घायल

**बहजोई, अमृत विचार :** दो बाइकें आमने-सामने से टकरा गईं। जिससे सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए एंबुलेंस 108 ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बहजोई के गोलागंज निवासी सजल पुत्र प्रदीप बाइक पर सवार होकर बहजोई की ओर से जा रहा था। वहीं रामवीर पुत्र पतिराम निवासी मोहल्ला कृष्ण कुंज बाइक से चंदौसी की ओर से आ रहा था।

# महिलाओं को निशुल्क सैनिटरी पैड्स बांटे गए

संवाददाता, हापुड़

▶▶ सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं महिलाएं

**अमृत विचार :** ग्राम फूलगढी एवं काटी खेड़ा में हर माह की भांति महिलाओं एवं बालिकाओं को साइलेंट एफर्ट फाउंडेशन के सौजन्य से निशुल्क सैनिटरी पैड्स बांटे गए।

इस अवसर पर आगामी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम से पूर्व साइलेंट एफर्ट्स फाउंडेशन की सदस्य सुषमा देवी ने समस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया। संस्था की सदस्य ज्योति सैनी ने बताया कि समस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकारी बैंक, सरकारी अस्पताल, डाकखाना तथा ब्लॉक में जाकर के योजनाओं के बारे में जानकारी करनी चाहिए और उनसे मिलने वाली योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सके। संस्था की सदस्य सुषमा देवी ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं पर होने वाले अत्याचारों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि भारत में कैंसर से होने वाली मौत का आंकड़ा तेजी से बढ़ता जा रहा है। हम सब की जागरुकता से इस पर अंकुश लगाया जा सकता है। सुषमा देवी ने बताया कि इस दिन को मनाने का खास मकसद समाज में महिलाओं को बराबरी का हक दिलाना है। इस अवसर साइलेंट एफर्ट्स फाउंडेशन की डायरेक्टर डॉ सौम्या पांडे, अध्यक्ष डॉ निधि शर्मा एवं कोषाध्यक्ष कुसुम सिद्धू और प्रतिभा सिंह के साथ साथ अशोक आजाद, सुमन देवी, सुषमा देवी, ज्योति सैनी, कुमारी सिमरन व कुमारी दिव्या आदि रहीं।

# स्कूल में 150 विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार

**हापुड़, अमृत विचार :** क्रीड़ा भारती द्वारा सूर्य सप्तमी के उपलक्ष में मंगलवार को मिनीलैंड दा ग्लोबल स्कूल में सूर्य नमस्कार महाभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। जिसमें 150 विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार किया। स्कूल के प्रबंधक सुभाष खुराना ने छात्रों को सूर्य नमस्कार से होने वाले लाभ बताए। स्कूल की प्रधानाचार्या पूनम भटनागर ने बताया कि योग करने से हमारा तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं और हमें और कई बीमारियों से हमारा बचाव करते हैं इसलिए सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के मेरठ प्रांत अध्यक्ष विशाल मित्तल, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनप्रीत खैरा, जिला कोषाध्यक्ष नीलम गुप्ता, योग प्रमुख रोहन आचार्य आदि रहे।

## डॉ नरेश सागर मानद उपाधि विद्या वाचस्पति से सम्मानित

**हापुड़, अमृत विचार :** गांव मुरादपुर की सागर कालोनी निवासी डॉ० नरेश सागर को विक्रमशिला हिन्दी विद्यापीठ गांधीनगर, भागलपुर की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संस्था ने साहित्य के क्षेत्र में अपनी विशेष और महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पीएचडी की मानद उपाधि विद्या वाचस्पति से सम्मानित किया है। डॉ० नरेश सागर को अब तक लगभग चार सौ से ज्यादा साहित्यक सम्मान मिल चुके हैं। डॉ० सागर गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ ही इंडिया बुक आफ रिकार्ड और लिम्का बुक आफ रिकार्ड बुक में भी अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। पत्र-पत्रिकाओं में लेखन के साथ उनकी तीन किताबें भी प्रकाशित हो चुकी हैं।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कादराबाद वि0ख0 जुनावाई जिला सम्भल

### अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन- सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओ को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कादराबाद वि0ख0 जुनावाई जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान द्वारा प्राप्त हुई धनराशि एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदो से ग्राम पंचायत से एक बहुद्देशीय पंचायत भवन का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 06-03-2024 से 13-03-2024 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय मे रखे बॉक्स मे सीलबन्द लिफाफे मे निविदा/ कुटेशन दरे सहित जमा करा सकते है। जो कि दिनांक 14-03-2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 02 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत मे उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी0डब्लू0डी0 की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अर्न्तगत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा दर | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | 4 |
| 2 | बालू रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम.एम. बिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6 | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईंट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम.एम. रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 11 | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | सरिया | प्रति कुंतल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 14 | मिटटी-दूरी सहित | प्रति घन मी. | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति घन मी. | |
| 16 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 17 | दीवार पुताई/समोशन 2 कोट | प्रति वर्ग मी. | |
| 18 | इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर | प्रति नग | |
| 19 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 23 | फर्नीचर/बेंच | प्रति नग | |
| 24 | सी.सी. बेंच | प्रति नग | |
| 25 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 26 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट | प्रति नग | |
| 27 | वारवेट वायर | प्रति मी. | |
| 28 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 29 | पेन्ट | प्रति लीटर | |
| 30 | प्राईमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 31 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32 | हैण्डपम्प मरम्मत उपकरण | नग/फीट | |
| 33 | आर.सी.सी. पिलर | नग/बैग | |
| 34 | वालपुटटी | बैग | |
| 35 | पी.वी.सी. पाईप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 37 | प्लाईबोर्ड | प्रतिफिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 39 | लोहे का गेट | प्रति कुंतल | |
| 40 | आर्यन सीट/Roof सीट | प्रति किलो. | |
| 41 | माईका सीट | प्रति नग | |

ग्राम प्रधान कादराबाद
वि0ख0 जुनावाई सम्भल

ग्राम सचिव कादराबाद
वि0ख0 जुनावाई सम्भल

## कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर

पत्रांक 3435 / न०पा०परि०नह0/2023-24 दिनांक- 05-03-2024

**अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2)यू0पी0म्यू एक्ट 1916**

समस्त प्रभावितो को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार चन्द्रा पुत्र छोटे लाल चन्द्रा मौहल्ला अफगानान नहटौर ने नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेख पंजिका में सम्पति सं० 58 मौहल्ला बागवान अफगानान नहटौर में नरेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र जयप्रकाश गुप्ता का नाम काट कर अपना नाम अशोक कुमार पुत्र छोटे लाल चन्द्रा का नाम अंकित कराने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने बैनामा (विक्रय पत्र) प्रस्तुत किया है। अतः समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में कोई आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अपूर्ण एवं कलातीत आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। विवाद की स्थिति में आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माना जायेगा। विवरण-सम्पत्ति संख्या 58 मौहल्ला बागवान अफगानान नहटौर।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद नहटौर,**
**जनपद-बिजनौर**

## मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद

### सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यवसायिक/रेन्ट/नूजल/इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया हैः-

| क्र0 सं0 (1) | मूल आवंटी/पट्टाधारक/स्वामी का नाम (2) | भूखण्ड/ भवन/ फ्लैट सं0 (3) | योजना का नाम (4) | मृत्यु/विक्रय विलेख दिनांक (5) | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी/ क्रेता का नाम (6) | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं का नाम (7) | मूल आवंटी से आवेदक का सम्बन्ध (8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | कु० नसरीन सुल्तान पुत्री श्री इफतेखार अहमद निवासी-89/सी-3, ठेकेदार वाली मस्जिद, असालतपुरा, शहर व जिला मुरादाबाद। | एच.आई.जी. भूखण्ड सं. बी/239 | एकता विहार उत्तरी योजना | (विक्रय विलेख) 01.02.2003 | श्रीमती फरहा वाजिद पत्नी श्री सय्यद शाहिद हुसैन निवासी-मौहल्ला मुगलपुरा प्रथम, फैजगंज, शहर व जिला-मुरादाबाद। | —— | विक्रेता/क्रेता |
| 2- | श्री हरपाल सिंह पुत्र श्री राम चरन, निवासी- हरथला, कांठ रोड, दैनिक जागरण प्रेस के पीछे, गली नं०-1, मुरादाबाद। | दुर्बल आय वर्ग भवन सं. डी/152 | मा0 काशीराम जी नगर भोगपुर मिठौनी योजना | (विक्रय विलेख) 15.12.2023 | श्री मोहित कुमार गुप्ता पुत्र श्री राधेश्याम गुप्ता व श्रीमती सविता गुप्ता पत्नी श्री मोहित कुमार गुप्ता पुत्री श्री राजेश गुप्ता, निवासीगण-म०नं०-2, गोकुल धाम, साकेत कालोनी, मुरादाबाद। | —— | विक्रेता/क्रेता |
| 3- | श्रीमती मंजू रानी पत्नी श्री राजू निवासी-मौ० भूड़ा बाल्मीकि बस्ती, मुरादाबाद। | बसेरा भवन सं.- 251 | हिमगिरी योजना | (विक्रय विलेख) 20.03.2023 | श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री अखिलेश कुमार, निवासी-23 बीएन, पी०ए०सी०, मुरादाबाद। | —— | विक्रेता/क्रेता |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो, तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-06 में अंकित व्यक्ति के नाम दर्ज करा लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सम्पत्ति प्रभारी**

## नई ट्रेन टनकपुर-देहरादून एक्सप्रेस नौ मार्च से चलेगी

**बरेली, अमृत विचार :** रेल मंत्रालय ने टनकपुर-देहरादून के बीच नई ट्रेन चलाने की स्वीकृति दी है। यह ट्रेन नौ मार्च से चलेगी। ट्रेन संख्या 15020 टनकपुर से प्रत्येक शनिवार को शाम 19 :40 बजे चलकर बनबसा, खटीमा, पीलीभीत के रास्ते चलकर भोजीपुरा 21 :30 बजे, बरेली सिटी 22 :13 बजे, बरेली जंक्शन 22 :33 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी। यहां से रामगंगा, चंदौसी, मुरादाबाद, नजीबाबाद, लक्सर, हरिद्वार, देहरादून अगले दिन सुबह 7 :35 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 15019 देहरादून से प्रत्येक रविवार को 15 :15 बजे चलकर हरिद्वार, लक्सर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी, रामगंगा के रास्ते बरेली जंक्शन देर रात 00 :55 बजे, बरेली सिटी 01 :10 बजे, भोजीपुरा जंक्शन 01 :45 बजे पहुंचेगी। बरेली वाया चंदौसी देहरादून के लिए यह पहली ट्रेन होगी।

## कार्यालय-ग्राम पंचायत गजगोला नानकबाड़ी वि0ख0 मुरादाबाद, (मुरादाबाद)

पत्रांक- मीमो/ग्रा०पं०/ गजगोला नानकबाड़ी ग्राम निधि व केन्द्रीय वित्त 2023-2024 दिनांक- 05.03.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

विकास खण्ड मुरादाबाद की ग्राम पंचायत गजगोला नानकबाड़ी में पंचायती राज अधिनियम एवं नियमावली 1947 (यथा -संसोधित 1994) के नियम संख्या 157. सहपठित नियम संख्या 152 (क) एवं शासनादेश संख्या 58/2021/2350/33-3-2021-2257/2021 के क्रम में केन्द्रीय वित्त आयोग के अर्न्तगत निम्नलिखित कार्यों हेतु पंजीकृज ठेकेदारों / फार्म से निविदा आमंत्रित की जाती है,कार्य निम्नलिखित है

| क्र0 सं0 | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | प्राक्कलन लागत, जी. एस.टी.सहित | निविदा का प्रकार | सामग्री/पूर्ण कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि (रूपये में) | नविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सी.सी. टाईल रोड निर्माण | तेजपाल के घर से करन के घर तक | 2,60,000/- | सामग्री अपूर्ति | 1,94,000/- | 2% | 300 | 2 माह |
| 2. | नाली निर्माण | तेजपाल के घर से करन के घर तक | 1,50,150/- | सामग्री अपूर्ति | 1,01,250/- | 2% | 300 | 2 माह |
| 3. | सी.सी.टाईल रोड निर्माण | छत्रपाल के घर से भूपसिंह के घर तक | 2,16,000/- | सामग्री अपूर्ति | 1,51,200/- | 2% | 300 | 2 माह |
| 4. | नाली निर्माण | छत्रपाल के घर से भूपसिंह के घर तक | 1,50,000/- | सामग्री अपूर्ति | 1,05,200/- | 2% | 300 | 2 माह |
| 4. | सी.सी.टाईल रोड निर्माण | राजू के घर से रेखा के घर तक | 1,75,500/- | सामग्री अपूर्ति | 1,22,800/- | 2% | 300 | 2 माह |
| | नाली निर्माण | राजू के घर से रेखा के घर तक | 1,49,700/- | | 1,01,250/- | 2% | 300 | 2 माह |

**निविदा से सबंधित विवरण-**

| क्र0 सं0 | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01. | निविदा प्रारम्भ | 05-03-2024 | 10.0 बजे |
| 02. | निविदा समाप्त | 11-03-2024 | 2.00 बजे |
| 03. | निविदा खुलने का दिनांक | 11-03-2024 | 3.00 बजे |

1 कार्य से सबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2 आयकर व्यापार कर नियामानुसार देय होगा।
3 कार्यों का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन / स्वीकृती प्राप्त हाने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यदेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत गजगोला नानकबाड़ी**
**विकास खण्ड व जिला मुरादाबाद**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत गजगोला नानकबाड़ी**
**विकास खण्ड व जिला मुरादाबाद**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

पत्रांक सं0- 893/न0पा0मि0/2023-2024 दिनांक- 05.03.2024

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मिलक को राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माणं कार्य कराने हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

01 कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है-

| क0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | विड सिक्योरिटी (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य GST सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | वार्ड 01 मे श्री लईक के घर से बुद्दा के घर तक व आरिफ के घर से श्री अफसर के घर तक इ0ला0 व नाली निर्माण कार्य। | 69,484.00 | 1400 | 118 | 03 माह |
| 02 | वार्ड 01 में श्री राजीव के घर से श्री राज के घर तक इ0ला0 व नाली निर्माण कार्य। | 1,33,113.00 | 2700 | 160 | 03 माह |
| 03 | वार्ड 02 में विभिन्न स्थानों पर नाली व रोड व आर0सी0सी0 स्लैब कवर की मरम्मत का कार्य। | 3,66,520.00 | 7400 | 472 | 03 माह |
| 04 | वार्ड 02 मे श्री हरिओम के घर से श्री राजीव अग्रवाल के घर तक इ0ला0 रोड व नाली निर्माण कार्य | 3,71,496.00 | 7500 | 472 | 03 माह |
| 05 | वार्ड 02 अस्दुल्लापुर में श्री सतीश रुहेला के मकान से श्री देवीदास गंगवार के मकान तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 9,20,322.00 | 18500 | 1180 | 03 माह |
| 06 | वार्ड 03 में श्री रवि के घर से श्री सुधाकर के प्लाट तक मिटटी व दीवार निर्माण का कार्य। | 1,66,548.00 | 3400 | 236 | 03 माह |
| 07 | वार्ड 06 में श्रीमती नत्थो देवी के मकान से श्रीमती ओमवती के मकान तक इ0ला0 व नाली निर्माण कार्य। | 1,54,444.00 | 3100 | 236 | 03 माह |
| 08 | वार्ड 09 मे श्री मक्खन के घर से श्री मनीराम के घर तक खडन्जा व नाली निर्माण का कार्य | 75,388.00 | 1600 | 118 | 03 माह |
| 09 | वार्ड 09 मे श्री शुभम गंगवार के घर से श्री राजीव कुमार गुप्ता के घर तक सी0सी0 निर्माण व मरम्मत का कार्य | 34,821.00 | 700 | 118 | 03 माह |
| 10 | वार्ड 09 में सरदार ध्यानसिंह के मकान से श्री योगेन्दर गंगवार के मकान तक नाली व इ0ला0 मरम्मत का कार्य। | 6,98,903.00 | 14000 | 825 | 03 माह |
| 11 | वार्ड 14 में विभिन्न स्थानों पर नाली मरम्मत व आर0सी0सी0 स्लैब का कार्य | 37,419.00 | 800 | 118 | 03 माह |
| 12 | वार्ड 18 खाता नगरिया में श्री भोदा भाई के मकान से श्री ख्याली राम मास्टर के मकान तक मिटटी भरान, इ0ला0 व नाली निर्माण कार्य। | 3,13,891.00 | 6500 | 490 | 03 माह |
| 13 | वार्ड 19 में श्री सईद अहमद के प्लाट से डा0 शाहिद के प्लाट तक नाला निर्माण कार्य | 1,17,299.00 | 250 | 160 | 03 माह |
| 14 | वार्ड 20 में बुददन भाई के घर से श्रीमती नसरीन बेगम के घर तक खडन्जा व नाली निर्माण कार्य। | 44,965.00 | 1000 | 118 | 03 माह |
| 15 | वार्ड 22 में विभिन्न स्थानों पर नाली व रोड व आर0सी0सी0 स्लैब कवर की मरम्मत का कार्य। | 3,70,220.00 | 7500 | 472 | 03 माह |
| 16 | वार्ड 23 मे विभिन्न स्थानों पर नाली व रोड व आर0सी0सी0 कवर की मरम्मत का कार्य। | 3,98,400.00 | 8000 | 472 | 03 माह |
| 17 | मिलक बरेली मार्ग पर मोटरसाइकिल एजेंसी के सामने स्थित स्वागत द्वार की मरम्मत एवं रेडियम लिखाई का कार्य। | 1,50,000.00 | 3000 | 236 | 03 माह |
| 18 | मिलक बिलासपुर रोड पर खाता नगरिया मोड पर स्थित स्वागत द्वार की मरम्मत एवं रेडियम लिखाई का कार्य। | 1,00000.00 | 2000 | 160 | 03 माह |
| 19 | मिलक पटवाई मार्ग पर रेलवे स्टेशन के सामने स्थित स्वागत द्वार की मरम्मत एवं रेडियम लिखाई का कार्य। | 1,50,000.00 | 3000 | 236 | 03 माह |

02 निविदा सूचना में अंकित बिड डक्यूमेन्ट की उपलब्धता का तिथिः- 06.03.2024 को प्रातः 11:00 बजे से।
03 निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समयः- 12.03.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक।
04 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः- 12.03.2024 को अपरान्ह 02:00 वजे।
05 निविदा आमन्त्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा।
06 बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता व जमा करने की विधि- निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद मिलक कार्यालय से दिनांक 06.03.2024 को प्रातः 11:00 वजे से 12.03.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक कॉलम 05 (गैर वापसी योग्य) में दर्शाये गये निर्धारित शुल्क जमा कर कय किये जा सकते है।
07 बिड सिक्यूरिटी (ई0एम0डी0)- कालम-4 के अनुसार निर्दिष्ट राशि बिड सिक्योरटी के रूप में नकद/डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/नेफ्ट के रूप में जमा की जायेगी जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मिलक के नाम वंधक होना चाहिए। बिड सिक्योरटी के रूप में राशि जमा न होने की दशा में टेण्डर की प्रकिया आगे नहीं बढ़ेगी।
08 मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना- निविदादाता को निविदा जमा करने के उपरान्त आने वाली बिड आई0डी0 के साथ निम्नलिखित दस्तावेज कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
(क) निविदादाता द्वारा साफ साफ भरा हुआ हस्ताक्षर किया हुआ शपथ पत्र। प्रारूप सलग्न है।
(ख) यूपी सरकार के आदेश स०-01/2018ध/3070 78-2-2018/42IT 2017(22)03.01.2018 के अनुसार मूल दस्तावेजों को पजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वय कार्यालय में निविदा खोलने की तिथि से 01 दिन पूर्व जमा करना होगा। निविदा में प्रयुक्त डाक्यूमेन्ट को मूल प्रपत्रों से मिलान किया जायेगा भिन्नता पाये जाने पर इसे निविदा दाता द्वारा गलत विवरण प्रस्तुत करना माना जायेगा। ऐसे निविदा दाता को 01 वर्ष तक निविदा में भाग न लेने के लिए उत्तरदायी माना जायेगा। सभी डाक्यूमेन्ट कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक जनपद रामपुर में जमा करना होगा।
09 अन्य शर्ते किसी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

(राजेन्द्र प्रसाद)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मिलक रामपुर

(दीक्षा गंगवार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मिलक (रामपुर)

## खराब मौसम से प्रभावित नौ जिलों को शासन ने जारी किए 23 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले तीन दिनों में खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए नौ जनपदों को 23 करोड़ की धनराशि जारी की है। राहत विभाग को तत्काल अन्नदाताओं के खातों में भेजने के निर्देश दिए हैं। शासन के मुताबिक प्रदेश के अन्य जिलों में भी क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कार्य लगभग पूरा हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को खेतों में स्थलीय आकलन के लिए भेजा गया था। इस पर प्रदेश के नौ जिलों से अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों की रिपोर्ट विभाग को भेजी गई थी। इस रिपोर्ट को मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने नौ जिलों के लिए 23 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि जालौन के लिए सबसे ज्यादा पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। बांदा, बस्ती, झांसी और शामली के लिए दो-दो करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा चित्रकूट के लिए एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन जिलों के प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। राहत आयुक्त के मुताबिक बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित अन्नदाताओं को ही मुआवजा दिया जाता है।

### भाजपा मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए अपने सामाजिक समीकरणों को भी साधने की कोशिश करेगी

# लोस चुनाव में क्षेत्रीय-जातिगत समीकरण साधने का विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उप्र. मंत्रिमंडल विस्तार को क्षेत्रीय और जातिगत समीकरणों को भी साधने की नजर से देखा जा रहा है। दरअसल, लंबे समय से मंत्रिमंडल विस्तार टलता रहा है लेकिन अब लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने से ठीक पहले भाजपा इस मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए अपने सामाजिक समीकरणों को साधने की कोशिश की है। विस्तार के बाद अब उप्र. मंत्रिमंडल में सिर्फ पांच सीटें खाली हैं। किसी भी राज्य में विस के सदस्यों की कुल संख्या के 15 फीसदी सदस्य मंत्री बन सकते हैं। उप्र. विधानसभा में 404 सदस्य होते हैं। इस हिसाब से राज्य में 61 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

### राजभर संभालेंगे पूर्वांचल के कई जिले



फिलहाल मंगलवार को कैबिनेट में शामिल चार नये चेहरों पर चर्चा की जाए तो इनके माध्यम से चुनाव के दौरान कई क्षेत्रों में सामाजिक समीकरणों को साधने की मंशा सामने आती है। राजनीतिक नजरिए से देखा जाए तो गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा से विधायक ओमप्रकाश राजभर को मंत्रीमंडल में शामिल कर पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में राजभर बिरादरी को साधने की कोशिश की गई है। विधानसभा चुनाव में राजभर सपा के साथ थे, इससे गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, अम्बेडकरनगर सहित इस क्षेत्र में भाजपा को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था। राजभर काफी दिनों से मंत्रीमंडल में शामिल होना चाह रहे थे लेकिन अब जाकर उन्हें जगह मिल पाई। लोस चुनाव से पहले राजभर को मंत्री बनाकर भाजपा पूर्वांचल की सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत बनाने की कोशिश में है।

### उप चुनाव हारने के बावजूद दारा बने मंत्री



इसी तरह लोस. चुनाव में नोनिया चौहान समाज को साधने के लिए भाजपा ने दारा सिंह चौहान को मंत्रिमंडल में शामिल किया है। दारा सिंह विस. चुनाव 2022 से पहले भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। दारा सपा के टिकट पर घोसी से विधायक भी निर्वाचित हुए थे। लेकिन जुलाई 2023 में वह सपा विधायक पद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए। उसके बाद घोसी में हुए उप चुनाव में भाजपा ने दारा सिंह को प्रत्याशी बनाया जिसमें वह हार गए। बावजूद इसके सामाजिक समीकरणों का ध्यान रखते हुए भाजपा ने पहले उन्हें एमएलसी बनाया फिर अब मंत्री भी बना दिया। पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र में करीब 40 लाख नोनिया चौहान मतदाता है। सरकार में इस समाज से एक भी मंत्री नहीं हैं। समाज को प्रतिनिधित्व देने के कारण भाजपा ने घोसी उप चुनाव हारने के बावजूद दारा सिंह चौहान को मंत्रिमंडल में शामिल किया है।

### अनिल कुमार के पीछे सामाजिक समीकरण



हाल ही में सपा का साथ छोड़ कर एनडीए के साथ आयी रालोद के भी एक विधायक को मंत्री बनाए जाने के पीछे सामाजिक समीकरणों को साधना है। सहारनपुर के रहने वाले अनिल कुमार मुजफ्फरनगर की पुरकाजी सीट से रालोद के विधायक हैं। राजभर और दारा सिंह की तरह अनिल कुमार भी पहले बसपा में थे। अनुसूचित जाति के वोटों को साधने के अनिल कुमार को मंत्री बनाने की पहल की गई है।

### चुनावी समीकरण को सुनील को भी बनाया मंत्री



मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले सुनील शर्मा साहिबाबाद से भाजपा के विधायक हैं। तीन बार से विधायक बन रहे शर्मा की गिनती ब्राह्मण नेताओं की जाती है। उन्हें योगी के अलावा राजनाथ सिंह का भी करीबी माना जाता है। साल 2022 के चुनाव में सुनील शर्मा ने रिकॉर्ड 2 लाख से ज्यादा मतों के साथ जीत दर्ज की थी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने की कड़ी में सुनील शर्मा को भी मंत्री बनाया गया है।

# अनपरा में 800 मेगावाट की दो इकाइयों को मंजूरी

### मिलेगी सस्ती बिजली, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ हुए थे दो बड़े एमओयू

**मंत्रिमंडल के फैसले**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को बड़ा निर्णय लेते हुए अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ दो बड़े एमओयू किए गए थे।

इसमें ओबरा डी में 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को पिछले वर्ष ही मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है और अब अनपरा में भी 800 मेगावाट के दो प्लांट एनटीपीसी की मदद से लगाए जाएंगे। राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता के साथ यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8624 करोड़ है और इसकी पहली यूनिट लगभग 50 महीनों में तैयार हो जाएगी, जबकि दूसरी यूनिट 56 महीने में क्रियान्वित हो जाएगी। नोएडा से ग्रेटर नोएडा सफर करने वाले लाखों यात्रियों के लिए खुशखबरी है। नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के जैतपुरा डिपो तक चलने वाली मेट्रो अब बोड़ाकी तक दौड़ेगी। कैबिनेट ने 416.34 करोड़ से एमएमटीएच (मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब) परियोजना हेतु ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब साइट तक एनएमआरसी की मौजूदा एक्वा लाइन का 2.6 किमी विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

**आबकारी विभाग लाएगा एकमुश्त समाधान योजना :** कैबिनेट ने आबकारी विभाग को अपना बकाया धनराशि को वसूलने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस स्कीम) लाने की मंजूरी प्रदान कर दी है। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया इसमें बकायेदारों द्वारा पूरी धनराशि का भुगतान करने पर ब्याज में 50 फीसदी की छूट दी जाएगी।

### मंत्रिपरिषद की बैठक में इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

- मातृभूमि अर्पण योजना को मंजूरी दी गई। इससे विदेश में रहने वाले लोग अपने गांव या शहर में सामुदायिक उपयोग के लिए विकास कार्य करवा सकेंगे। 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार देगी, 60 प्रतिशत प्रवासी देंगे।
- शराब बिक्री के नियमों में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है। इसके जरिए विदेशी शराब को भरने की बोतलों की नियमावली-2020 के संशोधन का प्रस्ताव पास हुआ।
- आगरा में पेयजल परियोजना हेतु रिवाइज्ड कॉस्ट को लेकर प्रस्ताव को मंजूरी
- मक्का की खेती बढ़ाने के लिए त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम सभी जिलों में चलाया जाएगा। 4 साल में 146 करोड़ का खर्च होगा।
- कृषि क्षेत्र ने अनुसंधान हेतु प्रदेश के चार कृषि विश्वविद्यालयों और रहमानखेड़ा, लखनऊ स्थित बागवानी संस्थान में एक-एक इनक्यूबेशन सेंटर बनेगा।
- यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित अंतराष्ट्रीय फ़िल्म सिटी फेज़ वन निर्माण हेतु ई टेंडर माध्यम से हायर बिडर का चयन किया गया, फेज़ 1 की अनुमानित लागत 1510 करोड़ होगी।
- जनपद पीलीभीत मेडिकल कालेज में नए नर्सिंग कॉलेज स्थापना हेतु 4500 वर्ग मीटर भूमि का चिकित्सा शिक्षा विभाग को नि:शुल्क हस्तांतरण प्रस्ताव को मंजूरी।
- मथुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गुण अनुसंधान संस्थान के शिक्षकों-कार्मिको को केंद्रीय वेतनमान की संस्तुतियों के आधार पर पुनरीक्षित वेतनमान एरियर भुगतान को मंजूरी, 2016 से 2019 तक के भुगतान का रास्ता साफ।
- नजूल भूमि के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, इससे अब नजूल भूमि किसी निजी व्यक्ति या संस्था को आवंटित नही की जाएगी, केवल सरकारी कार्ययोजना हेतु इसका आवंटन होगा, इसको अध्यादेश के रूप में लाया जाएगा।
- आयुष डीजी पद को मंजूरी। सचिव स्तर के आईएएस अफसर को मिलेगी तैनाती। आयुष महानिदेशक के अधीन होंगे विभाग के तीनों निदेशालय और दोनों बोर्ड।
- स्नातक, स्नातकोत्तर, तकनीकी, डिप्लोमा, कौशल विकास, पैरामेडिकल नर्सिंग आदि के विद्यार्थियों को मुफ्त स्मार्टफोन और टैबलेट खरीदने के लिए 4 हजार करोड़ खर्च करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

### होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में प्रदेश कैबिनेट ने मंगलवार को होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि अभी तक होमगार्ड स्वयंसेवकों को अंतरजनपदीय आवागमन के दौरान ड्यूटी भत्ते के अलावा 30 रुपये भोजन भत्ता मिलता था। बढ़ती महंगाई की वजह से यह भत्ता नाकाफी था। इसे बढ़ाकर 120 रुपये करने का प्रस्ताव रखा गया था। इससे करीब 77 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों को फायदा होगा। विभाग पर करीब 2.75 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में भर्ती मरीजों को प्रतिदिन मिलने वाले भोजन की दर में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अभी तक प्रति मरीज भोजन की दर 100 रुपये तय थी। महंगाई को देखते हुए इसे बढ़ाकर अब 138 रुपये कर दिया गया है। प्रदेश में 10 राज्य बीमा अस्पताल संचालित हैं। इन अस्पतालों में बीमित कर्मचारियों और श्रमिकों का मुफ्त इलाज होता है।

## रेलवे के डीएमई समेत दो को पांच-पांच साल का कारावास

**लखनऊ, विधि संवाददाता :** रेलवे विभाग में गाड़ियों की मरम्मत के नाम पर फर्जी बिल बनाने के आरोपी एनई रेलवे बनारस के फिटर ग्रेड एक के सीनियर डीएमई पीके दत्ता व मेसर्स विन्टेक इंजीनियरिंग के रिप्रजेंटेटिव विनय कुमार सिंह को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विजेश कुमार सिंह ने पांच-पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने इन पर जुर्माना भी लगाया है। पीके दत्ता डीएमई एनई रेलवे, डीआरएम कार्यालय वाराणसी के कार्य करने के दौरान वर्ष 2004 से 2006 के बीच सुरेंद्र शरन वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी, मोहम्मद असलम सिद्दीकी अकाउंट असिस्टेंट व तीन प्राइवेट पार्टियों के साथ मिलकर साजिश करके सरकारी गाड़ियों की मरम्मत के बिल धोखाधड़ी से तैयार किए।

## प्रशिक्षण योग्यता पूर्ण न होने की दशा में चयन अपूर्ण माना जाएगा

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुरानी पेंशन स्कीम से संबंधित एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि अगर अभ्यर्थी प्रशिक्षण योग्यता प्राप्त कर रहा है तो यह नहीं कहा जा सकता कि चयन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, क्योंकि नियुक्ति के बाद ही चयन प्रक्रिया पूरी मानी जाती है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने सुषमा यादव की याचिका खारिज करते हुए पारित किया है। वर्तमान मामले में प्राइमरी स्कूल में सहायक अध्यापक के पद पर याची की नियुक्ति वर्ष 2006 में हुई। हालांकि भर्ती विज्ञापन वर्ष 1998 में जारी हुआ था, जिसमें याची को मेरिट में सबसे अधिक अंक मिलने के कारण नियुक्त कर लिया गया था, इसलिए याची ने पुरानी पेंशन की मांग करते हुए हाईकोर्ट के समक्ष याचिका दाखिल की। नियुक्ति के समय पद की अर्हता के अनुसार याची के पास बीटीसी प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र नहीं था। अतः उसे अपना बीटीसी प्रशिक्षण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

याची ने वर्ष 2004 में अपना बीटीसी प्रशिक्षण पूर्ण करके वर्ष 2006 में सहायक अध्यापक के रूप में नियुक्ति प्राप्त की। याची का तर्क है कि नियुक्ति में देरी के लिए उसे दोषी नहीं माना जा सकता है। उसकी नियुक्ति वर्ष 1998 में हुई, लेकिन प्रशिक्षण पूरा न होने के कारण उसे तैनाती नहीं मिली थी। याची की पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की प्रार्थना का कोई कानूनी आधार नहीं है, इसलिए कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

## सार-संक्षेप

### पांच जिलों के लिए उड़ान सेवाएं 8 या 9 से संभव

**लखनऊ,अमृत विचार :** लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद सहित पांच जिलों के लिए 2 मार्च से शुरू होने वाली उड़ान सेवाओं को स्थगित कर दिया गया। अब इन्हें 8 या 9 मार्च को शुरू किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उड़ान) को गति देने के उद्देश्य से चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से सस्ती उड़ान सेवाओं को शुरू किया जा रहा है। फ्लाई बिग एयरलाइंस की ओर से लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और आजमगढ़ के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करने की घोषणा हुई थी। एयरलाइंस की ओर से डी-हेवीलैंड डीएससी6-400 एयरक्राफ्ट इस्तेमाल किया जाएगा। इसमें 19 सीटर विमानों का इस्तेमाल किया जाएगा। जिसका किराया डेढ़ से ढाई हजार रुपये के बीच रहेगा। सूत्रों की मानें तो 8 या 9 मार्च से उड़ान सेवाएं शुरू हो सकती हैं।

### महानिदेशक परिवार कल्याण को हाईकोर्ट ने किया तलब

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बार-बार समय प्रदान करने के बावजूद राज्य सरकार की ओर से एक मुकदमे में जवाब न आने पर सख्त रूख अपनाया है। न्यायालय ने महानिदेशक, परिवार कल्याण को 13 मार्च को कोर्ट के समक्ष हाजिर होने का आदेश दिया है। न्यायालय ने यह भए आदेश दिया है कि वह मुकदमे से संबधित समस्त रिकॉर्ड भी अपने साथ लाएं। यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने अमेठी अल्ट्रासाउंड सेंटर, कावा रोड, अमेठी की ओर से दाखिल एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। न्यायालय ने कहा कि मुख्य स्थायी अधिवक्ता के कार्यालय से बार-बार पत्र भेजने के बाद भी जवाब न आना खेदजनक है। न्यायालय ने महानिदेशक को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल कर यह भी बताने को कहा है कि जिन अधिकारियों के कारण मुख्य स्थायी अधिवक्ता कार्यालय के पत्रों के उत्तर में जवाब नहीं दिया गया उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी है।

## कोविड में अपनों को खो चुके बच्चों को मदद राशि का इंतजार

**लखनऊ, अमृत विचार :** कोविड में अनाथ हुए बच्चों को मदद राशि की किस्त का इंतजार है। अभी इनके खाते में राशि नहीं पहुंची है। बता दें कि कोविड काल में अनाथ हो चुके बच्चों के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की शुरुआत की गई थी। इसके तहत प्रदेश सरकार की ओर से अनाथ बच्चों को चार हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। कोविड के बाद 2022 तक तिमाही भुगतान किया जा रहा था। इसके बाद छमाही भुगतान किया जाने लगा। जिले में 900 बच्चों को चार हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से राशि दी जा रही है। 900 से अधिक अनाथ बच्चों को पढ़ाई और भरण पोषण के लिए उक्त राशि दी जाती है। पिछले वर्ष नवंबर माह में भुगतान किया गया था। अब पात्र बच्चों को भुगतान के लिए बजट मांगा गया है।

## बढ़े गेहूं के भाव से सरकारी पंजीयन में आई कमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **रबी विपणन 2024-25 गेहूं खरीद की तरफ रुझान कम**

**अमृत विचार :** गेहूं का बाजार भाव समर्थन मूल्य से अधिक होने के कारण सरकारी खरीद के पंजीयन की रफ्तार धीमी है। बाजार भाव कम न हुआ तो इस बार भी खरीद प्रभावित हो सकती है। पंजीयन कम होना किसानों का क्रय केंद्रों पर रुझान कम होना दर्शाता है। इसके लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

प्रदेश में दो वर्ष से समर्थन मूल्य से बाजार भाव अधिक होने के कारण सरकारी खरीद का लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है तो पंजीयन आदि प्रक्रिया में किसानों को परेशानी होती हैं। इन सब कमी को देखते हुए इस बार रबी विपणन 2024-25 गेहूं खरीद के लिए एक माह पहले यानी 1 मार्च से केंद्र खोले गए हैं। हालांकि गेहूं तैयार न होने के कारण बोहनी नहीं हुई है। खरीद के लिए किसानों के पंजीयन कराने पर जोर है। लेकिन, रफ्तार धीमी है। कारण गेहूं का बाजार भाव समर्थन मूल्य से ज्यादा बताया जा रहा है। समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि गेहूं का बाजार भाव 2500 प्रति क्विंटल तक है। शायद इसलिए किसानों का फिलहाल क्रय केंद्रों की तरफ रुझान नहीं है। 2024-25 की खरीद के लिए शुरुआती दौर में मंगलवार तक 1,14,616 किसानों ने पंजीयन कराया है। जबकि 2021-22 में पूरे खरीद सत्र में 16,09,712 किसानों ने पंजीयन कराया था और 13,01,753 ने गेहूं बेचा था।


## वर्ग पहेली-1

**बाएं से दाएं**

1. एक पौधा जिसकी जड़ औषधि के काम आती है।
3. 1. विरक्ति, अरुचि, वैराग्य 2. चाह या अनुराग का अभाव।
4. 1. छोटी-छोटी बातों पर अप्रसन्न होना, जल्दी नाराज़ होना, रूठ जाना 2. चिढ़ना, झल्लाना 3. झुंझलाना।
6. हरियालीयुक्त, हरीतिमा की आभा से युक्त।
8. साठ वर्ष की उम्रवाला।
9. 1. माया जाल 2. सांसारिक आकर्षण, ममता।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. झुरना 2. किसी का कमज़ोर हो जाना 3. सूखना।
3. विकल होने का भाव या अवस्था, अधीरता, बेचैनी, व्याकुलता।
5. 1. लेई जो न अधिक गाढ़ी और न अधिक पतली हो और जिसे चाटा जाए, चटनी, माजून 2. औषधि जिसे चाटा जाए।
6. हृष्टपुष्ट, ताकतवर, स्वस्थ, बलशाली।
7. भरण-पोषण करने वाला, पालक, पोषक।



### वर्ग पहेली - 362 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख़ि | | | 2 अ | | 3 सं |
| ल | | | नि | | वि |
| 4 क | ट | चा | य | | धा |
| त | | | मि | | न |
| | | 5 वि | त | र | क |
| 6 पं | च | पि | ता | | |
| त | | न | | 7 झा | ल |

### सुडोकू -80

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 1 | | 9 | 2 | 5 | | |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| | 3 | | | | 8 | | 6 | |
| 5 | | | 2 | | | 1 | | |
| | 2 | | | | | | 3 | |
| | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| | 5 | | 6 | | | | 4 | |
| | 9 | 7 | | | 5 | | 2 | |
| | | 8 | 1 | 7 | | | | 5 |

### सुडोकू - 79 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 4 | 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 06.30 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 14.52 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** — आज लापरवाही के कारण आपके काम की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ सकता है। जॉब में उच्च अधिकारियों की सलाह लेना लाभकारी होगा। आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। बिना मांगे किसी को सलाह देने के कारण अपमान हो सकता है।

**वृष** — आज आपकी रूखी बात निकटस्थ लोगों को व्यथित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रेमी जन के साथ संवाद हीनता के कारण बात बिगड़ सकती है। बच्चों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**मिथुन** — आज पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। आपके सभी काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लेंगे। इंटरव्यू आदि में सफलता मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। आपकी तर्क-शक्ति की लोग प्रशन्सा करेंगे।

**सिंह** — आज उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो दिन काफी शुभ है। भविष्य को लेकर योजना बनाते समय मित्रों और परिजनों से परामर्श लेना शुभ होगा। बच्चों को कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिल सकती है। धन से जुड़े मामलों की समस्या का समाधान होगा।

**कन्या** — आज सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में सावधानी रखें। रक्तचाप के रोगियों को परेशानी होने की संभावना है। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**तुला** — आज काफी दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी। कई पुरानी यादें एकदम से आपके सामने उभर के आयेंगी। अनुसंधान संबंधित प्रोजेक्ट्स में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे।

**वृश्चिक** — आज पड़ोसी आपकी काफी मदद करना चाहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं वही आपको काफी परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से समय बहुत अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

**धनु** — आज घर में मेहमानों का आगमन होने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। धन के लेन-देन से आपको लाभ मिलेगा। लोग आपसे काफी अपेक्षायें रखे हुये हैं, जिसे आप पूरा भी करेंगे।

**मकर** — आज नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अवान्छित यात्रायें करनी पड़ सकती है।

**कुंभ** — आज बुद्धिमान लोगों की संगत आपके लिए लाभकारी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी प्रदर्शन करेंगे। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। बच्चों के करियर की चिन्ता हो सकती है।

**मीन** — आज परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके पक्ष में होंगी। आपका मन आध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में निर्मित होगी। इसका सीधा लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
घातक — सुबह : 11.00
जख्मी सिपाही — रात : 07.00

SONY MAX
आंख मिचौली — सुबह : 10.11
दिल तो बच्चा है जी — शाम : 04.03

SONY PIX
एनाकोंडा — सुबह : 11.48
पैसिफ़िक रिम — दोपहर : 03.03

ZEE CINEMA
फोन भूत — सुबह : 10.50
बरसात — रात : 07.00

colors CINEPLEX
देवदास — सुबह : 08.53
फोर्स 2 — रात : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- आज भी किसी मोहल्ले से निकलू तो सब लड़कों की नजर मेरे पर ही रहती है...
पति- इनकी परवाह न करो डार्लिंग, कबाड़ियों का मोहल्ला है।
उनकी नजर हमेशा कबाड़ पर ही रहती है।

साली- जीजा जी क्या आप मेरे लिए शेर को मार कर ला सकते हो?
जीजा- नो साली जी, कुछ और बताओ मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं..
साली- क्या मैं तुम्हारा फेसबुक चेक कर सकती हूं
जीजा- कहां है वो शेर जिसके बारे में तुम बात कर रही थी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

## एक नजर

### एमआर कुमार बैंक ऑफ इंडिया के गैर कार्यकारी चेयरमैन बने

**मुंबई।** बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने मंगलवार को एलआईसी के पूर्व चेयरमैन एम आर कुमार को अपना गैर-कार्यकारी चेयरमैन और राजीव मिश्रा को कार्यकारी निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। मद्रास विश्वविद्यालय से विज्ञान स्नातक कुमार, अंबुजा सीमेंट्स के बोर्ड में भी कार्यरत हैं। वह वर्ष 1983 में जीवन बीमा निगम में शामिल हुए और वर्ष 2019 से मार्च, 2023 तक इसके प्रमुख रहे।

### एमजीएल ने सीएनजी के दाम घटाए

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र की महानगर गैस (एमजीएल) ने सीएनजी का दाम 2.5 रुपये प्रति किलो घटाकर 73.50 रुपये प्रति किलो कर दिया है। मंगलवार देर शाम जारी बयान में कंपनी ने कहा कि गैस की उत्पादन लागत में कमी के कारण कीमतों में कटौती की गई है। यह कटौती पांच मार्च की मध्यरात्रि से लागू होगी।

### बीते साल के सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने जारी किए आंकड़े

# बेरोजगारी दर घटकर 3.1 प्रतिशत पर आई


**नई दिल्ली, एजेंसी**

सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने कहा है कि 15 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की बेरोजगारी दर वर्ष 2023 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो तीन साल का सबसे निचला स्तर है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) की तरफ से मंगलवार को जारी आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2023 में देश की बेरोजगारी दर 3.1 प्रतिशत रही जबकि 2022 में यह 3.6 प्रतिशत और 2021 में 4.2 प्रतिशत रही थी। बेरोजगारी दर को श्रमबल (15 साल से अधिक उम्र वर्ग) में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड महामारी का मार्च, 2020 में प्रसार शुरू होने के बाद से रोजगार की स्थिति सुधर रही है। महामारी पर काबू पाने के लिए लॉकडाउन लगाए जाने से आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई थीं। लेकिन केंद्र और राज्यों में लॉकडाउन हटाए जाने के बाद आर्थिक गतिविधियां तेज होने से स्थिति सुधरी है। सर्वेक्षण से पता चला कि महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर भी 2023 में घटकर 3% पर आ गई।

वहीं महिला बेरोजगारी वर्ष 2022 में 3.3 प्रतिशत और 2021 में 3.4 प्रतिशत रही थी। इसी तरह पुरुषों के लिए बेरोजगारी का आंकड़ा 2022 में 3.7 प्रतिशत और 2021 में 4.5 प्रतिशत था लेकिन पिछले साल यह घटकर 3.2 प्रतिशत पर आ गया। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की कुल दर में भी वर्ष 2023 में गिरावट आई और यह 5.2 प्रतिशत पर आ गई। वर्ष, 2022 में शहरी बेरोजगारी दर 5.7 प्रतिशत थी जबकि वर्ष 2021 में यह 6.5 प्रतिशत थी। इसी तरह, ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर 2022 के 2.8 प्रतिशत और 2021 के 3.3 प्रतिशत से घटकर बीते साल 2.4 प्रतिशत पर आ गई।

### देश में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ी



कारोबारी गतिविधियों, बिक्री और नौकरियों में नरमी के चलते भारत में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ गई। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक फरवरी में 60.6 रहा, जो इससे पहले जनवरी में 61.8 था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से कम अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा- भारत की सेवा पीएमआई से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र में विस्तार की गति जनवरी के मुकाबले फरवरी में कम हो गई है। सर्वेक्षण के मुताबिक फरवरी में व्यावसायिक गतिविधि सूचकांक में कमी आई, लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह मजबूत बना रहा। भारत में सेवा कंपनियों को विदेश से मिलने वाले नए कारोबार में लगातार तेरहवें महीने वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के मुताबिक भविष्य की व्यावसायिक गतिविधि के लिए सेवा कंपनियों का पूर्वानुमान सकारात्मक रहा।

### सीसीआई जल्द ही एआई पर बाजार अध्ययन करेगा शुरू

**नई दिल्ली।** निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर बाजार अध्ययन शुरू करेगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एआई को लेकर बढ़ती चिंताओं को समझने के लिए यह अध्ययन किया जाएगा। हाल के दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में एआई अनुप्रयोगों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।

कौर ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हम जल्द ही भारतीय बाजारों में एआई और एआई के उपयोग के संबंध में व्यापक समझ हासिल करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक बाजार अध्ययन शुरू करेंगे। इससे नवाचार और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए आयोग की तैयारियों में मदद मिल सकती है।

## कर्मचारियों की कमी से संकट में आ गई मंडी समितियां

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- 5111 पद के सापेक्ष 1760 बचे बरेली में ज्यादा परेशानी

**अमृत विचारः** जिलों की 251 मंडी समितियां और मंडी परिषद मुख्यालय कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। नई भर्ती न होना और बराबर सेवानिवृत्ति होने से मंडी समितियां संकट में हैं। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भारी कमी से मंडी शुल्क, शमन शुल्क, देयताओं की वसूली, मंडी कारोबार से लेकर कार्यालय के सभी कार्य प्रभावित हैं। स्थित यह है कि कुल 5111 में 1760 कर्मचारी ही बचे हैं। इन पर खाली पदों का भी बोझ है।

बरेली मंडल में ज्यादा दिक्कत है। यहां की सभी मंडियों में 448 स्वीकृत पदों पर 122 कर्मी बचे हैं। इनमें तृतीय श्रेणी के 184 में 33 व चतुर्थ श्रेणी 264 में 122 कर्मचारी हैं। दिसंबर तक कई सेवानिवृत्ति की कतार में हैं। कार्यों का संचालन बिगड़ने पर उप निदेशक (प्रशासन विपणन) बरेली ने मंडी परिषद मुख्यालय से कर्मियों को तैनात करने की मांग की है। निदेशक अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि कर्मियों की भर्ती के लिए उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेजा जा चुका है। जल्द समाधान होगा।

मंडी परिषद मुख्यालय पर 30 प्रतिशत ही स्टॉफ बचा है। भर्ती न होने के कारण आउटसोर्सिंग से काम चल रहा है या फिर बचे कर्मियों के पास पटल व कार्य अतिरिक्त हैं। मुख्यालय पर भी कई कर्मी मार्च से सेवानिवृत्ति होने वाले हैं। वहीं, प्रदेश के कुल 5111 स्वीकृत पदों की बात करें तो इसमें तृतीय श्रेणी के 1678 पदों में 541 और चतुर्थ श्रेणी के 3433 में 1219 कर्मचारी कार्यरत हैं। 3551 कर्मचारियों की कमी है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,150-49,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,800 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,800 |
| चांदी आभूषण | 74,100। |

## पेटीएम पेमेंट्स बैंक संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने में रहा विफल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वित्तीय अधिसूचना इकाई ने लगाया है आरोप

पेटीएम पेमेंट्स बैंक धन शोधन रोधक कानून के तहत संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने और उसकी सूचना देने के लिए एक आंतरिक व्यवस्था बनाने में विफल रहा। वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने अपने आदेश में यह बात कहने के साथ ही जोड़ा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने अपनी भुगतान सेवा में उचित जांच प्रक्रिया का पालन नही किया। उसने फिनटेक कंपनी पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया।

वित्तीय खुफिया जानकारी जमा करने वाली संघीय एजेंसी ने अपने एक मार्च के आदेश में कहा कि बैंक के खिलाफ ये आरोप चार से अधिक की जांच के बाद पुष्ट किए गए थे। इस संबंध में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 14 फरवरी, 2022 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उस समय केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने एफआईयू की कार्रवाई पर एक बयान जारी किया था। इसके बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रवक्ता ने कहा था कि जुर्माना एक कारोबारी खंड से संबंधित है, जिसे पहले ही बंद कर दिया गया था।

### पंजाब सरकार ने पेश किया दो लाख करोड़ रुपये का बजट

**चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य का दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि बजट में मुख्य रूप से स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र पर ध्यान दिया गया है। चीमा ने बजट पेश करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप (आम आदमी पार्टी) सरकार ने दो साल में 40,000 से अधिक नौकरियां दी हैं। कहा कि दो लाख करोड़ से अधिक के कुल वार्षिक परिव्यय में 13,784 करोड़ कृषि क्षेत्र के लिए और 16,987 करोड़ रुपये शिक्षा क्षेत्र के लिए रखे गए हैं।

## क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द बनेंगी लखपति : सीतारमण

**छपरा, एजेंसी**

- बिहार में कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बोलीं वित्त मंत्री



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द लखपति बनेंगी। सीतारमण ने मंगलवार को बिहार के जिला मुख्यालय सारण में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में उनके द्वारा 61787 परिवार के बीच कुल 1349.52 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। इ

सके माध्यम से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना सृजन कार्यक्रम, स्टैंड अप योजना, कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रधानमंत्री स्वनिधि तथा जीविका सहित कुल नौ योजना के तहत लाभार्थियों को राशि वितरित की गई। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के तहत काम कर रहा है। इन योजनाओं से लाभान्वित होकर लखपति दीदी बहुत ही जल्द बन सकती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अभी तक महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए जितने भी काम प्रारंभ किया है पूर्व में किसी भी प्रधानमंत्री के द्वारा यह काम नहीं किया जा सका है। श्रीमती सीतारमण ने विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।



# वे लोग मुझे कहते हैं मेरा परिवार ही नहीं है: मोदी

### तेलंगाना की रैली में विपक्ष पर बरसे प्रधानमंत्री, 7,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**हैदराबाद, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि परिवारवाद की राजनीति के कारण प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान पहुंचता है जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष पर निशाना साधते हुए बोले कि वे (कांग्रेस) लोग मुझे कहते हैं, मेरा परिवार ही नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है। पीएम मोदी ने आगे कहा मैं घोटाले का खुलासा करता हूं। उन्होंने कहा कि आपके इस प्यार को मैं तेलंगाना के विकास के रूप में दोगुना करके दूंगा।



नरेंद्र मोदी तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पटानचेरु में एक सार्वजनिक बैठक के लिए पहुंचते ही समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

नरेंद्र मोदी आज संगारेड्डी जिले में 7,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद पटेलगुडा, पाटंचेरु स्थित एसआर इन्फिनिटी में आयोजित विजय संकल्प सभा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर अपने भ्रष्टाचार को छुपाने का आरोप लगाया और तीखी आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस की विरासत और परिवारवार की राजनीति की अवधारणा की निंदा करते हुए कहा कि इससे प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान उठाना पड़ता है, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है। उन्होंने परिवार-आधारित पार्टियों के भीतर भ्रष्टाचार को उजागर करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इन पार्टियों के नेताओं में असुरक्षा की भावना व्याप्त हो गयी है। उन्होंने कांग्रेस समेत अन्य दलों पर जनता के पैसों से खुद के लिए धनराशि के संचय की निंदा की। उन्होंने परिवारवाद की राजनीति करने वाली पार्टियों के पास लूट का लाइसेंस होने की वैधता पर सवाल उठाया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**चंडीखोल (ओडिशा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के जाजपुर जिले में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न पूर्वी भारत के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारी सरकार विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ वर्तमान और भविष्य के लिए काम करती है। प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया, उनमें तेल और गैस, रेलवे, सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग तथा परमाणु ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं बिश्वेश्वर टुडु भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### भाजपा विधायक पर अवैध शराब की दुकान चलाने का आरोप

**भोपाल।** भोपाल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लोकसभा सदस्य प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में अपनी पार्टी के विधायक सुदेश राय पर अवैध रूप से शराब की दुकान चलाने का आरोप लगाया और महिलाओं व लड़कियों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने राय की विधानसभा सदस्यता खत्म करने की मांग भी की। जब मीडियाकर्मियों ने इस संबंध में राय से संपर्क कर प्रतिक्रिया मांगी तो उन्होंने कहा कि वे खुद ठाकुर के आरोपों की पड़ताल करें। ठाकुर ने सोमवार की रात कहा कि वह विकास कार्यों की शुरुआत करने के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इलाकों के दौरे पर थीं, तभी खजुरिया कला में कुछ लड़कियां उनके पास आईं और शिकायत की कि उनके स्कूल के सामने शराब की दुकान चल रही है।

## जल्द ही टेलीविजन को पीछे छोड़ देगा डिजिटल मीडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की संयुक्त रिपोर्ट में जताई गई उम्मीद

मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में इस साल डिजिटल मीडिया 75,100 करोड़ रुपये के अनुमानित आकार के साथ जल्द ही टेलीविजन को पीछे छोड़ सकता है। उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की मंगलवार को जारी संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा गया है। देश के मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र में 2023 में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 2.32 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके 2024 में 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने और 2026 तक तीन लाख करोड़ रुपये को पार करने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि एम एंड ई क्षेत्र 2024 तक 10.2 प्रतिशत बढ़कर 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। वहीं 2026 तक संचयी रूप से 10 प्रतिशत




वृद्धि के साथ यह 3.1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। हालांकि, 2023 में टेलीविजन 69,600 करोड़ रुपये के साथ सबसे बड़ा खंड रहा। लेकिन 2022 में 70,900 करोड़ के मुकाबले इसमें 1.83% की गिरावट आई। जबकि, 2023 में डिजिटल मीडिया 65,400 करोड़ को पार कर गया और 2024 में लगभग 75,100 करोड़ रुपये पहुंच जाने की उम्मीद है। यह टेलीविजन मीडिया के 71,800 करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक है।

## एक नजर

### डिप्टी सीएम शिवकुमार को न्यायालय से राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ धनशोधन की एक जांच मंगलवार को खारिज कर दी। कांग्रेस नेता शिवकुमार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसने धनशोधन के एक कथित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को रद्द करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की एक पीठ ने शिवकुमार को राहत दी।

### एसबीआई को ढाल बना रही है सरकार: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने और चुनावी बॉण्ड से संबंधित उच्चतम न्यायालय के फैसले को नाकाम बनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक का ढाल के रूप में उपयोग कर रही है। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि बैंक को चुनावी बॉण्ड की जानकारी देने के लिये इतना समय क्यों चाहिए? एसबीआईने चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय देने का सोमवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया।

## केंद्र सेना की पदोन्नति की प्रक्रिया को करे स्पष्ट: उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया



उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह सेना में पदोन्नति संबंधी सूची में पुरुष एवं महिला अधिकारियों को शामिल किए जाने की प्रक्रिया स्पष्ट करे। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी को इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की स्थिति के संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

इससे पहले महिला सैन्य अधिकारियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने महिला अधिकारियों को सूची में शामिल करने में भेदभाव होने का आरोप लगाया। उन्होंने पिछले साल तीन नवंबर को शीर्ष अदालत द्वारा पारित एक पूर्व आदेश का हवाला दिया और कहा कि इसमें उन सभी महिला अधिकारियों पर विचार की आवश्यकता है, जिन पर पहले के विशेष चयन बोर्ड 3बी (कर्नल के रूप में पदोन्नति के लिए) द्वारा विचार किया गया है। वेंकटरमणी ने कहा कि सूची में शामिल किए जाने की अवधारणा एक ही बैच के अधिकारियों के बीच तुलनात्मक योग्यता पर आधारित है। इसके समर्थन में, उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा दायर नीति दस्तावेज पर भरोसा जताया और कहा कि जिन अधिकारियों को पहले ही पैनलबद्ध किया जा चुका है, उनके बारे में छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, जब नया विशेष चयन बोर्ड बुलाया गया है, तो पैनल में शामिल अधिकारियों और अन्य अधिकारियों का तुलनात्मक अध्ययन आवश्यक है। अहमदी ने उनकी दलीलों का विरोध किया और कहा कि पुरुष अधिकारियों को पैनलबद्ध करने के लिए इसी तरह की कवायद नहीं की गई थी। न्यायालय की पीठ ने दलीलों पर गौर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च के लिए सूचीबद्ध की और अटॉर्नी जनरल से एक हलफनामा भी दाखिल करने का निर्देश भी दिया है।

## गलत बयानबाजी के चक्कर में फंसे द्रमुक सांसद ए. राजा

**चेन्नई/नई दिल्ली, एजेंसी**

- भाजपा ने गिरफ्तारी की मांग की कांग्रेस ने की बयान की निंदा

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद ए. राजा के उस बयान से मंगलवार को विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा है कि भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा बल्कि यह एक उपमहाद्वीप है जहां विभिन्न प्रथाएं और परंपराएं हैं। इस पर न केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बल्कि द्रमुक की सहयोगी कांग्रेस ने भी निंदा की है।

भाजपा ने द्रमुक नेता की टिप्पणी को 'विभाजन' का आह्वान बताते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। कांग्रेस ने भी कथित टिप्पणियों के लिए द्रमुक सांसद की आलोचना की और कहा कि बोलते समय उन्हें संयम बरतना चाहिए। यह विवाद विपक्षी दलों द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो के बाद उपजा है जिसमें राजा कथित रूप से उक्त टिप्पणी करते दिख रहे हैं। राजा की रामायण और भगवान राम को लेकर की गई कुछ टिप्पणियां भी राष्ट्रीय पार्टियों को पंसद नहीं आईं। राजा एक वीडियो में पार्टी द्वारा आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए दिख रहे हैं।

### इस्तीफे के बाद अभिजीत ने भाजपा में शामिल होने का एलान किया

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद अभिजीत गंगोपाध्याय ने मंगलवार को एलान किया कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ''भ्रष्टाचार का पर्याय'' है और वह मजबूती से लड़ेंगे। गंगोपाध्याय ने कहा, ''मैं संभवतः सात मार्च को भाजपा में शामिल हो रहा हूं। मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं क्योंकि यह बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रही है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, गंगोपाध्याय इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया।

## माओवादी संबंध मामला : कोर्ट ने डीयू के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा को किया बरी

**नागपुर।** बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने मंगलवार को माओवादी संबंध मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी. एन. साईबाबा को बरी कर दिया। अदालत ने उनकी उम्रकैद की सजा रद्द कर दी। न्यायमूर्ति विनय जोशी और न्यायमूर्ति वाल्मीकि एस.ए. मेनेजेस की खंडपीठ ने मामले में पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया। पीठ ने कहा कि वह सभी आरोपियों को बरी कर रही है क्योंकि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ संदेह से परे मामला साबित करने में विफल रहा। इसने कहा-अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ कोई कानूनी साक्ष्य या आपत्तिजनक सामग्री पेश करने में विफल रहा है।

# सीबीआई करेगी ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच

**कोलकाता, एजेंसी**

**संदेशखालि मामला**

- कलकत्ता उच्च न्यायालय ने जांच सीबीआई को सौंपी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का मंगलवार को आदेश दिया। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि हमले के सिलसिले में 29 फरवरी को पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख की हिरासत केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाए।

मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने निर्देश दिया कि निर्देशों का पालन मंगलवार को ही शाम



4.30 बजे तक किया जाए। ईडी और राज्य सरकार दोनों ने एकल पीठ के 17 जनवरी के उस आदेश को चुनौती देते हुए अलग-अलग अपीलें दायर कीं, जिसमें ईडी अधिकारियों पर उग्र भीड़ के हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस की एक संयुक्त विशेष जांच टीम (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया गया था। यद्यपि ईडी चाहता था कि जांच केवल सीबीआई को हस्तांतरित की जाए, जबकि पश्चिम बंगाल सरकार ने अदालत से अनुरोध किया था कि इस मामले की जांच केवल राज्य पुलिस को दी जाए।

### सीबीआई ने बंगाल पुलिस से संपर्क किया

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर अपने हाथ में लेने के लिए मंगलवार को राज्य की पुलिस से संपर्क किया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। सीबीआई की टीम तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को हिरासत में लेने के लिए अर्द्धसैनिक बलों के साथ कोलकाता में सीआईडी के दफ्तर भी पहुंची है।

### बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

पश्चिम बंगाल सरकार ने पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने के लिये मंगलवार को शीर्ष अदालत का रुख किया। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया और तत्काल सुनवाई की मांग की।

# सात्विक और चिराग, त्रिसा और गायत्री ने फ्रेंच ओपन में किया जीत से आगाज

पेरिस, एजेंसी

फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी मंगलवार को मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के साथ फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 24-21 से जीत दर्ज की।

मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ सात्विक और चिराग की यह 8 मैचों में पांचवीं जीत है। 2022 की चैंपियन जोड़ी के सामने दूसरे दौर में मान वेई चोंग और काई वुन टी मलेशिया की एक और जोड़ी की चुनौती होगी। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हमवतन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो पर 16-21, 21-19, 21-17 से जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गईं। भारत की यह महिला जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में है। तनीषा और अश्विन की जोड़ी 11वें जबकि त्रिसा और गायत्री की जोड़ी 14वें स्थान पर हैं।

# मुंबई इंडियन्स को दिल्ली कैपिटल्स ने 29 रन से हराया

## कप्तान मेग लैनिंग और जेमिमा रोड्रिग्स के तूफानी अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली को मिली जीत

नई दिल्ली, एजेंसी



कप्तान मेग लैनिंग और जेमिमा रोड्रिग्स के तूफानी अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी-20 मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियन्स को 29 रन से हराया।

दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 192 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियन्स की पारी को 8 विकेट पर 163 रन पर रोक दिया। दिल्ली की यह 5 मैचों में चौथी जीत है और टीम 8 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। मुंबई की टीम की यह दूसरी हार है। लैनिंग ने 6 चौके और 2 छक्के की मदद से 38 गेंद में 53 रन की पारी खेली। मौजूदा सत्र में तीसरे अर्धशतक के साथ उन्होंने 3 साझेदारियां की। प्लेयर ऑफ द मैच जेमिमा ने इसके बाद 33 गेंदों में 8 चौके और 3 छक्के लगाकर नाबाद 69 रन बनाए और टीम को 200 रन के करीब पहुंचाया। शेफाली वर्मा (28) और ऐलिस कैप्सी (19) ने भी आक्रामक पारियां खेली। मुंबई के लिए पूजा वस्त्राकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहीं। उन्होंने 4 ओवर में 20 रन देकर 1 विकेट लिया। साइका इशाक, शबनीम इस्माइल और हेले मैथ्यूज विकेट लेने वाले अन्य गेंदबाज थे। मुंबई के लिए अमनजोत कौर ने 27 गेंद में 7 चौके की मदद से 42 रन बनाए। हेली ने 29 जबकि संजीवन सजना ने नाबाद 24 रन बनाए। दिल्ली के लिए जोस जेनासन ने 3 जबकि मरीजान कैप ने 2 विकेट लिए। शिखा पांडे, टिटास साधु और राधा यादव ने 1-1 विकेट चटकाए। लक्ष्य का बचाव करते हुए मरीजान कैप और शिखा पांडे ने शुरुआती दो ओवरों में क्रमशः यास्तिका भाटिया (6) और नैट सिवर ब्रंट (5) को चलता कर दिल्ली को शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे छोर से हेली ने 3 चौके जड़ मुंबई की रन गति को बढ़ाने की कोशिश की लेकिन मरीजान ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (6) को चलता किया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में जोनासन ने मैथ्यूज की 29 रन की पारी को खत्म किया। एमिलिया ने टिटास साधु के खिलाफ पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर जेमिमा ने कैच थमा बैठी जिससे मुंबई ने नौवें ओवर में 68 रन तक 5 विकेट गंवा दिए।

## खेल डायरी

### वेगनेर को संन्यास लेने पर मजबूर किया: रोस



वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के पूर्व स्टार बल्लेबाज रोस टेलर ने कहा है कि तेज गेंदबाज नील वेगनेर को संन्यास लेने को मजबूर किया गया। वेगनेर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में संन्यास का ऐलान किया। उन्हें बताया गया था कि उन्हें अंतिम एकादश में नहीं चुना जाएगा। वेगनेर हालांकि पहले टेस्ट में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे और ड्रिंक्स भी लेकर आए। टेलर ने कहा कि अब समझ में आ रहा है। उसे संन्यास लेने पर मजबूर किया गया। वेगनेर की प्रेस कांफ्रेंस सुने तो पता चलता है। वह संन्यास लेने वाला था लेकिन आखिरी टेस्ट के बाद। वह इस शृंखला के लिए उपलब्ध था। उसके बाद उसे चुना नहीं गया। भविष्य के लिए सोचना सही है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट शृंखला में हर हालत में जीत के लिए मैं नील वेगनेर पर भरोसा करता। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज चैन की सांस ले रहे होंगे कि वह टीम में नहीं है। वेगनेर को दो टेस्ट मैचों की घरेलू शृंखला के लिए चुना गया था लेकिन मुख्य कोच गैरी स्टीड ने उसे बता दिया था कि वह एक भी मैच नहीं खेलेगा।

### सुमित नागल इंडियन वेल्स में पदार्पण पर जीते

इंडियन वेल्स, एजेंसी। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने इंडियन वेल्स मास्टर्स में पहली बार खेलते हुए अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी स्टेफान डोस्टानिच को सीधे सेटों में हराया। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में जीत दर्ज की। आठवीं वरीयता प्राप्त नागल को जीतने में 68 मिनट लगे। उन्होंने आखिरी क्वालीफाइंग दौर में पहुंचकर दस रैंकिंग अंक और 14400 डॉलर पुरस्कार सुनिश्चित कर लिया। इस साल वह आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाले एक दशक में पहले भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने थे। उन्होंने चेन्नई चैलेंजर्स खिताब भी जीता, लेकिन पुणे और दुबई में हार गए। अब दूसरे दौर में उनका सामना कोरिया के सियोंग चान हांग से होगा।

### लक्ष्य चाहर भी ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर

बस्तो अर्सिज़ियो (इटली), एजेंसी। राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के पहले दौर में बाहर होने वाले चौथे भारतीय हैं। चाहर सोमवार को ईरान के गेश्लाघी मेसम से हार गए। भारत के अब तक जो 4 मुक्केबाज रिंग में उतरे हैं, उन्हें पहले दौर में ही हार मिली। दीपक भोरिया (51 किग्रा), नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) और जैस्मीन लाम्बोरिया (60 किग्रा) आगे नहीं बढ़ पाए। मोहम्मद हुसामुद्दीन और शिव थापा सहित 5 भारतीय मुक्केबाज अब भी ओलंपिक कोटे की दौड़ में हैं। भारत ने मुक्केबाजी में चार कोटा पाए हैं। इनमें निकहत ज़रीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) हैं। सभी ने एशियाई खेलों में ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

### नदीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेने वाले झारखंड के बाएं हाथ के गेंदबाज शहबाज नदीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। नदीम ने कहा कि मैं काफी समय से संन्यास पर विचार कर रहा था और अब मैं तीनों प्रारुपों से संन्यास ले रहा हूं। अब मुझे जब पता है कि भारतीय टीम में मुझे मौका नहीं मिल सकता तो यह बेहतर है कि मैं युवा क्रिकेटरों को मौका दूं। साथ ही अब मैं दुनिया भर की टी-20 लीग में खेलने का भी मन बना रहा हूं। नदीम ने भारत के लिए दो टेस्ट मैच खेले। उन्होंने 2019 में रांची में द. अफ्रीका के खिलाफ पर्दापण किया था। उन्होंने 4 विकेट लिए थे। उन्हें 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का मौका मिला था। आईपीएल में उन्होंने दिल्ली और हैदराबाद की टीम से 72 मैच खेले। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 140 मैचों में 542 विकेट लिए हैं। टी-20 में उनके नाम 125 विकेट हैं। नदीम 2015-16 और 2016-17 में रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। 2018 के विजय हजारे ट्रॉफी में भी ज्यादा विकेट लिए। इसी ट्रॉफी में उन्होंने राजस्थान को 10 रन देकर 8 विकेट लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। 2013 से 2020 तक उन्होंने इंडिया ए के लिए खेलते हुए 83 विकेट भी लिए थे।

# इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की शृंखला मेरे लिए निर्णायक मोड़ : अश्विन

## उस शृंखला से मिली सीख से वह ऐसे गेंदबाज बन सके जो वह आज हैं

धर्मशाला, एजेंसी

भारत के आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मंगलवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की शृंखला उनके करियर का निर्णायक मोड़ थी क्योंकि उससे मिली सीख से ही वह ऐसे गेंदबाज बन सके जो वह आज हैं। इंग्लैंड ने वह शृंखला 2-1 से जीती थी जो भारत में 1984-85 के बाद शृंखला में उसकी पहली जीत थी। अश्विन उस शृंखला में अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके और एलेस्टेयर कुक तथा केविन पीटरसन ने उन्हें आराम से खेला। 12 साल बाद अश्विन ने उस शृंखला को करियर का निर्णायक मोड़ बताया।

अश्विन ने अपने सौवे टेस्ट मैच से पहले कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की शृंखला मेरे लिए निर्णायक थी। इसने मुझे बताया कि मुझे कहां सुधार करना है। कुक ने यहां आकर आसानी से रन बनाए। लेकिन मेरे लिए वह शृंखला और उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई शृंखला ने बहुत कुछ बदला। मैंने पहले अच्छा खेला था तो मुझे समझ में नहीं आया कि ऐसा क्यो हुआ। अश्विन ने 4 टेस्ट में 14 विकेट लिए थे। उन्होंने कहा कि मेरे बारे में कई लेख लिखे गए और इसने मुझे सोचने पर मजबूर किया कि कहां गलती हुई।

इंग्लैंड के खिलाफ 7 मार्च से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट के जरिए अश्विन अपने सौ टेस्ट पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बड़ा मौका है। गंतव्य से ज्यादा सफर खास रहा है। मेरी तैयारी में इससे कोई बदलाव नहीं आया है। हमें टेस्ट मैच जीतना है। उन्होंने कहा कि बर्मिंघम में 2018-19 में मेरे टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ स्पेल रहा। मैने दोनों पारियों में गेंदबाजी की। तीसरे दिन सुबह गेंदबाजी करके 3 विकेट लिए। मैंने मैच में 7 विकेट लिए लेकिन हम वह मैच 31 रन से हार गए थे। उसके बाद बेंगलुरू टेस्ट मैच में मैंने दूसरे दिन सुबह गेंदबाजी की। सेंचुरियन में 2018-19 में पहले दिन 4 विकेट लिए। ये स्पेल खास रहे। अश्विन ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। रविंद्र जडेजा की बल्लेबाजी बेहतर होने से उन्हें विदेश में अक्सर तरजीह मिलती रही, लेकिन अश्विन ने कहा कि अब उन्हें अतीत से कोई गिला नहीं। कोई कप्तान या खिलाड़ी किसी ऐसे को बाहर नहीं रखना चाहता जो उपयोगी लगता हो। रविंद्र जडेजा एक अच्छा बल्लेबाज है। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की पिचों पर सिर्फ गेंदबाजी के आधार पर ही चयन नहीं किया जाता है।

### अश्विन बोले- स्मिथ, रूट को गेंद डालना पसंद



अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट मैच से दो दिन पहले उन खिलाड़ियों को याद किया जिनके साथ मैदानी जंग में उन्हें मजा आता है। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से पूर्व अश्विन की प्रशंसा की थी और अब भारतीय स्पिनर ने भी अपने इस प्रतिद्वंद्वी की सराहना की। अश्विन ने कहा कि रूट के अलावा स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुझे स्टीव, विलियमसन और रूट को गेंद डालना पसंद है। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में हैं। जब मैं प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलता था तो मुझे स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजी करने वालों को गेंदबाजी करने का मौका मिला। तमिलनाडु में मुझे एस बद्रीनाथ को गेंदबाजी करने का अवसर मिला और वह स्पिन को अच्छी तरह से खेलता है। मिथुन मनहास और रजत भाटिया भी इनमें शामिल हैं। ये सभी उन बल्लेबाजों में हैं जिनका मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सामना नहीं करना चाहता। मैं उनके सम्मान में सर झुकाता हूं क्योंकि इन्होंने मुझे बहुमूल्य सबक सिखाए।

## आंकड़ों का दुर्लभ संयोग

# अश्विन और बेयरस्टो पूरा करेंगे टेस्ट मैचों का सैकड़ा

धर्मशाला, एजेंसी



ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो गुरुवार को 5 मैचों की शृंखला के आखिरी मैच के लिए जब मैदान पर उतरेंगे तो यह चौथा मौका होगा जब दो खिलाड़ी एक साथ अपना 100वां टेस्ट खेलते दिखेंगे। पहली बार 2000 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में हुए मैच में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन और एलेक स्टीवर्ट ने इस उपलब्धि को पाया था। द. अफ्रीका के जैक्स कैलिस, शॉन पोलाक और न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग ने 2006 में सेंचुरियन में द. अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड मैच में अपना-अपना 100वां टेस्ट खेला था। यह इकलौता मौका था जब 3 खिलाड़ियों ने एक मैच में अपना 100वां टेस्ट खेला था। 2013 में पर्थ में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया एशेज शृंखला में एलिस्टर कुक और माइकल क्लार्क ने टेस्ट मैचों का सैंकड़ा एक साथ पूरा किया था। अश्विन और बेयरस्टो गुरुवार से अपनी-अपनी टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह दूसरा मौका होगा जब प्रतिद्वंद्वी टीमों के दो खिलाड़ी एक ही मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। भारत-इंग्लैंड मैच शुरू होने के एक दिन बाद न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी और उनके पूर्ववर्ती केन विलियमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। चौतीस साल के बेयरस्टो 100वीं टेस्ट कैप हासिल करने वाले इंग्लैंड के 17वें खिलाड़ी बनेंगे। उन्होंने 2012 में पदार्पण किया था। भारत मौजूदा शृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर चुका है।

### डोपिंग में ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना की सजा हुई कम

लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी। दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप की अपील पर खेल की सर्वोच्च अदालत ने डोपिंग के खिलाफ उनके प्रतिबंध को कम कर टेनिस में वापसी की मंजूरी दे दी। खेल पंचाट ने कहा कि उसके न्यायाधीशों ने हालेप की अपील को आंशिक रूप से बरकरार रखा और उनके 4 साल के प्रतिबंध को घटाकर नौ महीने कर दिया। उनका प्रतिबंध जुलाई में समाप्त हो गया। फैसले में कहा कि हालेप ने प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन सप्लीमेंट के माध्यम से किया है।

# मंधाना को दिल्ली में भी बेंगलुरु जैसे उत्साह की उम्मीद

## डब्लयूपीएल के दूसरे सत्र के बाकी मैच देश की राजधानी में होंगे, सोमवार को खेला गया बेंगलुरु सत्र का आखिरी मैच

नई दिल्ली, एजेंसी



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मौजूदा सत्र के पहले चरण में बेंगलुरु में दर्शकों ने जैसा उत्साह दिखाया वैसा माहौल टूदेश की राजधानी दिल्ली में भी देखने को मिलेगा।

डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र का आयोजन बेंगलुरु और दिल्ली में किया जा रहा है। बेंगलुरु चरण में सोमवार को सत्र का आखिरी मैच खेला गया, जिसमें आरसीबी ने यूपी वॉरियर्स को 23 रन से हराया। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस दौरान दर्शक बड़ी संख्या में मौजूद थे। मंधाना ने कहा कि हम देखेंगे कि क्या दिल्ली के दर्शक बैंगलोर के प्रशंसकों की ऊर्जा को टक्कर दे पाएंगे। हमने यहां पुरुषों का क्रिकेट देखा है, मैं 2016 में एक मैच देखने आई थी। उस समय स्टेडियम दर्शकों से भरा था और ऐसा ही (बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम की तरह) माहौल था। इस दौरान लोगों ने मेरा काफी समर्थन किया और यह देखना शानदार था।

भारतीय महिला टीम की इस सलामी बल्लेबाज ने कहा कि डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र में भी मुंबई के ब्रेबोर्न और डीवाई पाटिल स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शक मैच देखने के लिए पहुंचे थे। इससे यह पता चलता है कि महिला क्रिकेट की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। मंधाना ने कहा कि एक महिला खिलाड़ी के रूप में मुझे लगता है कि यह महिला क्रिकेट की जीत है। मैं यह सिर्फ स्मृति मंधाना या आरसीबी के बारे में नहीं कह रही हूं, मुझे लगता है कि महिला क्रिकेट जीत रही है। उन्होंने कहा कि पिछले साल मुंबई में हमें दर्शकों का साथ मिला, इस साल बेंगलुरु में दर्शकों का उत्साह चरम पर देखने को मिला। यह देखकर अच्छा लगा की दर्शक सिर्फ घरेलू टीम ही नहीं बल्कि दूसरी टीमों के मैच देखने के लिए स्टेडियम में आए।

## बॉलीवुड हलचल

### यश की फिल्म शादी एक रात की शूटिंग शुरू



मुंबई, एजेंसी। निर्माता-निर्देशक रुस्तम अली चिस्ती की भोजपुरी फिल्म शादी एक रात की की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म में यश कुमार मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर चिस्ती ने बताया कि यह फिल्म नाम के अनुसार ही बेहतरीन बन रही है। उम्मीद है दर्शकों को पसंद आएगी। फिल्म में यश कुमार अपने यूनिक अभिनय और सब्जेक्ट वाली फ़िल्में के लिए प्रसिद्ध हैं। वे इस फिल्म में भी एक अलग और नायाब अंदाज में नज़र आएंगे। फिल्म की कहानी से लेकर संवाद तक सभी दर्शकों को पसंद आने वाले हैं। वही, फिल्म को लेकर यश कुमार ने कहा कि फिल्म उन अच्छी फिल्मों में होगी, जिसे लोग बार बार देखना चाहेंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और सेट पर हम कहानी को टाइम लाइन पर उतार रहे हैं। फिल्म शादी एक रात की यश कुमार के साथ रक्षा गुप्ता, अनारा गुप्ता, पूजा सिंह, समर्थ चतुर्वेदी, अनिता रावत, राधे कुमार, हीरा यादव, संजीव सोलंकी, राजेश तोमड मुख्य भूमिका में हैं।



### करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' का गाना नैना जारी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का गाना नैना रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' का पहला ट्रैक 'नैना' रिलीज हो गया है। इस गाने में करीना, तब्बू और कृति अपने दिकलश अदाओं का जादू चलाती नजर आ रही हैं। गाने को दिलजीत दोसांझ और बादशाह ने गाया है। इस गाने को कम्पोज राज रन्जोध ने किया है। उन्होंने ही इसके लिरिक्स भी लिखे हैं। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है, जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज



मुंबई, एजेंसी। गायक नवरत्न पांडेय और अभिनेत्री लवली काजल का गाना रंग लहे लहे डाली' रिलीज हो गया है। नवरत्न पांडेय और नेहा राज ने इस गीत को आवाज दी है। यह भोजपुरी होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत में नवरत्न पांडेय और लवली काजल की जोड़ी है। इस गाने में दिखाया गया है कि नवरंग पांडेय दोस्तों के साथ भांग पीकर पूरे मूड दिख रहे हैं। उनके सामने जब उनकी पत्नी आती है तो वह होली खेलने के लिए कहते हैं कि... 'फगुआ में हमरो बनाई द मिजाज, सइयां जी से आपन काहे खातिर लाज, मन में बा बेचैनी कइसे संभाली हो कइसे संभाली...'लवली काजल रंग लगाने का ऑफर देते हुए कहती है कि... एको जगे छोड़ी जनि खाली, राजा जी रंग लहे लहे डाली... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीत विक्की वॉक्स ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं।

### अरविंद का गाना साली घरवाली रिलीज


मुंबई। भोजपुरी अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया होली स्पेशल गाना साली घरवाली टी-सीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हो गया है। कल्लू ने कहा कि यह गीत श्रोताओं की खुशियों को और भी गहरा करेगा। शिल्पी राज के साथ गया यह गाना बेहद खास है। टी-सीरीज के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सोनू श्रीवास्तव ने बताया कि कल्लू और शिल्पी राज का यह गाना बेहद खूबसूरत है।

### स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बनीं नयनतारा



मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों की अभिनेत्री नयनतारा स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बन गई है। आम के शौकीनों के लिए प्रमुख पेय के रूप में पिछले कुछ वर्षों में, स्लाइस ने संपूर्ण देश के घरों में अपनी जगह पक्की की है। स्लाइस ने नयनतारा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। नयनतारा ने कहा, मैं स्लाइस परिवार का हिस्सा बनकर और इस प्रतिष्ठित ब्रांड की विरासत में योगदान देकर रोमांचित हूं। मैं ब्रांड की आगामी परियोजनाओं का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि नया अभियान मेरे प्रशंसकों को अनोखे और मनमोहक तरीके से स्लाइस की रमणीय दुनिया में डुबो देगा। पेप्सिको इंडिया के स्लाइस एंड ट्रॉपिकाना के एसोसिएट डायरेक्टर, अनुज गोयल ने कहा, स्लाइस परिवार में नयनतारा का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है और हमें विश्वास है कि जनता के बीच उनकी व्यापक अपील ब्रांडों को हमारे मुख्य उपभोक्ताओं से जुड़ने में मदद करेगी। स्लाइस और नयनतारा दोनों ने परिवारों का मनोरंजन किया है और लोगों को एक प्यारे ढंग से एक साथ लाया है।

### फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज




मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा की आने वाली फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर' विनायक दामोदर सावरकर की बायोपिक है। वह एक क्रांतिकारी, समाजसुधारक और राजनेता थे। फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में रणदीप हुड्डा ने विनायक दामोदर सावरकर का किरदार निभाया है, वहीं अंकित लोखंडे ने उनकी पत्नी 'यमुनाबाई' की भूमिका निभाई है। ट्रेलर की शुरुआत रणदीप के डायलॉग से होती है, जिसमें वह कहते नजर आ रहे हैं कि 'हम सबने पढ़ा है कि भारत को आजादी अहिंसा से मिली है। यह वो कहानी नहीं है। ट्रेलर में दिखाया गया कि कैसे सावरकर ने अखंड भारत की लड़ाई लड़ी। किस तरह उन्होंने भारत को आजाद करवाने के लिए अपनी फौज खड़ी कर अग्रेजों को भागने पर मजबूर किया। इससे रणदीप हुडा अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म को ज़ी स्टूडियोज, आनंद पंडित, रणदीप हुडा, संदीप सिंह और योगेश राहर ने प्रोड्यूस किया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर 22 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### हिमाचलः भूस्खलन की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में भूस्खलन की चपेट में आने से बिहार के दो मजदूरों की मौत हो गई। बता दें, पिछले सप्ताह से हो रही ताजा बर्फबारी और बारिश से पहाड़ी हिस्सों में जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पुलिस ने मंगलवार को कहा- जिले में धरमपुर इलाके के गाहर गांव में सोमवार रात दोनों मजदूर घर में सो रहे थे, अचानक हुए भूस्खलन से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा- सुखारी मुखिया (31) और बासे मुखिया (46) मलबे के नीचे दबकर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### बर्फ के तूफान का कहर, कई इलाके 12 फीट तक बर्फ में दबे



**सेन फ्रांसिस्को।** तस्वीर अमेरिका में कैलिफोर्निया की है। वहां बर्फ का भीषण तूफान आया है।। हवा की रफ्तार 306 किमी प्रति घंटे तक रही। साथ ही हर घंटे 6 6 इंच से अधिक बर्फबारी हो रही है।। कुछ इलाकों में तो 12 फीट से अधिक ऊंचाई तक बर्फ जमा है। इससे यातायात बाधित है। मैमथ माउंटेन क्षेत्र में भारी बर्फबारी हुई। इस कारण वहां स्की रिजॉर्ट को बंद कर दिया गया। राज्य के करीब 2.3 लाख लोगों के यहां बिजली गुल है।

### यूक्रेन ने नष्ट किया अरबों की कीमत वाला रूस का युद्धपोत

**कीव।** यूक्रेन ने रूस के एक और युद्धपोत को समुद्र में डुबोने का दावा किया है। उसने मंगलवार को कहा कि उच्च तकनीक वाले समुद्री ड्रोन का उपयोग करके काला सागर में क्रीमिया के पास रूसी युद्धपोत को डुबो दिया गया। यूक्रेन की ओर से यह दावा ऐसे समय किया गया है, जब उसकी सेना अग्रिम मोर्चे पर लक्ष्यों को लगातार निशाना बना रही है। हालांकि रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन के इस दावे की पुष्टि नहीं की है। यूक्रेन ने फरवरी में भी दो रूसी युद्धपोतों को डुबोने का दावा किया था।

### लक्षद्वीपः मिनिकॉय द्वीप पर भारतीय नौसेना का नया बेस आज से शुरू

**नई दिल्ली।** हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने की कवायद के तहत भारतीय नौसेना लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप समूह में अगले सप्ताह एक नया बेस आईएनएस जटायु बनाने जा रही है। भारतीय नौसेना 6 मार्च को नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में मिनिकॉय में आईएनएस जटायु के रूप में नौसैनिक टुकड़ी को शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आईएनएस जटायु की स्थापना द्वीपों में भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमता और कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा।

# पराग समेत एक्स के कई पूर्व अफसरों ने मस्क पर किया केस

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- वेतन को लेकर हुआ विवाद, 12.8 करोड़ डॉलर न देने पर एक्स के मालिक पर लगाया आरोप



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल और एक्स के कई पूर्व शीर्ष अधिकारियों ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा किया है। विवाद नौकरी से निकाले जाने के बाद हर्जाने के तौर पर दिए जाने वाले वेतन को लेकर है।

पराग अग्रवाल के अलावा जिन अन्य लोगों ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा किया है, उनमें नेड सीगल, एक्स के पूर्व सीएफओ, विजया गड्डे, एक्स की पूर्व चीफ लीगल ऑफिसर और सीन एजेट, एक्स के पूर्व जनरल काउंसल का नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पराग अग्रवाल समेत चारों अधिकारियों ने एलन मस्क के खिलाफ 12.8 करोड़ डॉलर के विच्छेद वेतन (सेवेरेंस सैलरी) न देने के आरोप लगाए हैं।

इन अधिकारियों को एलन मस्क द्वारा एक्स का अधिग्रहण करने के बाद नौकरी से निकाल दिया गया था। मस्क ने अधिकारियों पर काम में लापरवाही बरतने और गलत आचरण के चलते नौकरी से निकाला था। हालांकि इन अधिकारियों ने मस्क के आरोपों से इनकार किया था।

## पाकिस्तानः मोदी ने शहबाज को प्रधानमंत्री बनने पर दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शहबाज शरीफ को दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शहबाज शरीफ को शुभकामनाएं दी है।

दरअसल, बीते सोमवार को शहबाज के पीएम पद की शपथ के बाद भारत की ओर से बधाई संदेश न मिलने पर कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं, लेकिन फिलहाल उन सभी अटकलों पर पूर्ण विराम लग गया है। 2022 में जब शहबाज शरीफ पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब भी पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी थी।




# 31 मार्च के पहले पूरे कर लें ये जरूरी काम

इस महीने वित्त वर्ष समाप्त हो रहा है। 31 मार्च से पहले अपने फाइनेंशियल और टैक्स प्लानिंग से संबंधित सभी जरूरी काम पूरे कर लेने चाहिए। आइये जानते हैं कौन से महत्वपूर्ण काम ये महीन खत्म होने से पहले निपटा लेना जरूरी है।

### चेक करें ईसीएस डेबिट



इंश्योरेंस प्रीमियम, एसआईपी, हाउसिंग लोन इंस्टॉलमेंट आदि आमतौर पर ईसीएस के द्वारा बैंक खाते से डेबिट होते हैं। अगर किसी तकनीकी कारण से ईसीएस डेबिट नहीं हो पाई हो या चेक से भुगतान की दशा में चेक बाउंस हो गया हो तो करदाता इनका क्लेम नहीं ले सकता है।




- पुरानी सैलरी डिटेल सबमिट करें वित्त वर्ष के दौरान अगर जॉब चेंज किया है तो मौजूदा नियोक्ता के पास फॉर्म 12बी में पुराने नियोक्ता से प्राप्त सैलरी की डिटेल सबमिट करें। नहीं तो हो सकता है कि दोनों नियोक्ता इनकम टैक्स बेसिक एक्सम्पशन लिमिट की छूट दे दें। ऐसी डिटेल नहीं देने पर रिटर्न दाखिल करते समय ब्याज सहित टैक्स का भुगतान करना पड़ सकता है।
- एक्सपेंस प्रूफ सबमिट करें कर्मचारी को हाउस रेंट अलाउंस या लीव ट्रैवल कंसेशन जैसी कुछ छूट खर्च करने पर ही मिलती हैं। 31 मार्च से पहले ऐसे बिल सबमिट कर इनका डिडक्शन क्लेम किया जा सकता है।
- यदि आपने अभी तक फास्टैग केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की है तो नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसकी डेडलाइन को बढ़ाकर 31 मार्च कर दी है। अगर आप 31 मार्च तक फास्टैग केवाईसी नहीं करते हैं तो बाद में आपका फास्टैग ब्लैकलिस्ट हो सकता है।



### पीपीएफ, एनपीएस खातों में न्यूतम राशि




यदि साल भर में पीपीएफ और एनपीएस खातों में कोई भी रकम जमा नहीं की है तो इस दशा में ये एकाउंट्स डोरमेट याने निष्क्रिय हो सकते हैं। ऐसे खाते सक्रिय बनाये रखने के लिए 31 मार्च के पहले इनमें 500 रुपए की न्यूनतम राशि जमा करा दें। बता दें, खाताधारक को नॉमिनेशन की प्रक्रिया को जरूर पूरा करना चाहिए। अकाउंट खोलने के लिए आपको फॉर्म-ए और नॉमिनेशन की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए फॉर्म-बी भरना जरूरी है। इससे बाद खाताधारक की मृत्यु हो जाने की स्थिति में खाते में जमा राशि को क्लेम करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी।

# हिंद-प्रशांत में नहीं चलेगी किसी की दादागिरी, रक्षा मंत्री का चीन को संदेश

## राजनाथ ने कहा- पड़ोसी देशों को उनकी संप्रभुता कायम रखने में दी जाएगी मदद

पणजी, एजेंसी


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के सैन्य शक्ति दिखाने के संदर्भ में परोक्ष संदेश देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी सशक्त आर्थिक और सैन्य ताकत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अन्य देशों पर अपना प्रभुत्व नहीं जमा पाए या उनकी संप्रभुता के लिए खतरा बन जाए।

नौसेना यह भी पक्का कर रही है कि कोई भी यहां पर वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश नहीं कर पाए। गोवा में मंगलवार को एक कार्यक्रम पर संबोधित करते हुए कहा कि हिंद-प्रशांत के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वयत्तता और संप्रभुता कायम रखने में मदद दी जाएगी। गोवा स्थित नेवल वार कालेज की नई इमारत के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना पूरी तरह तैयार है। वह हिंद महासागर के तटीय देशों को पूरी सुरक्षा प्रदान कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खतरों को आंकने और उनसे निपटने का तरीका बदल गया है। पहले सरकारों का पूरा फोकस जमीन पर स्थित सीमाओं को ही सुरक्षित करने पर पूरा जोर रहता था। लेकिन जल क्षेत्र के खतरों को इतना महत्व नहीं दिया जाता था।

नये भारत के रणनीतिक विचारों में बदलाव पर सिंह ने कहा कि एक समय में हमें चारों ओर से जमीनी सीमाओं से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब भारत को जमीनी सीमाओं के साथ समुद्र से घिरे देश के रूप देखा जाता है। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की बढ़ती ताकत का लक्ष्य हिंद महासागर में दबदबा कायम करना नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि का महौल बनाना है।" सिंह ने यह भी कहा कि अगर भारत प्रगति करता है तो उसके आसपास के क्षेत्र भी प्रगति करेंगे।

### भारत की प्रगति से आसपास के क्षेत्र की भी होगी उन्नति



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने सुनिश्चित किया है कि हिंद महासागर में किसी तरह का दबदबा न हो। उन्होंने आगे कहा, आज भारतीय नौसेना लगातार मजबूत होती जा रही है। हमारा नौसैनिक औद्योगिक आधार मजबू हो रहा है। हमारे शिपयार्ड का विस्तार हो रहा है। विमानवाहक पोत बढ़ रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की बढ़ती ताकत का लक्ष्य हिंद महासागर में दबदबा कायम करना नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि का महौल बनाना है। सिंह ने यह भी कहा कि अगर भारत प्रगति करता है तो उसके आसपास के क्षेत्र भी प्रगति करेंगे। राजनाथ सिंह ने कहा, जिस तत्परता के साथ भारतीय नौसेना सहयोगियों के साथ खड़ी है, वह देश के वैश्विक मूल्यों को पर्याप्त ताकत प्रदान करती है। नौसेना की तत्परता के कारण भारत अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है और हिंद महासागर में सहयोगी देशों की पूरी मदद कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, हिंद महासागर में हमारी नौसेना की मौजूदगी बाकी सहयोगियों पर आने वाले दबाव को रोकती है। उन्होंने कहा, हिंद महासागर क्षेत्र में पड़ोसी देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता सुरक्षित रहनी चाहिए।

## पीटीआई ने नई सरकार को बताया फर्जी, 10 को देशव्यापी प्रदर्शन



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने 'जनादेश की चोरी' के खिलाफ 10 मार्च को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। पार्टी पिछले महीने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। पीटीआई जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी है।

पीटीआई के वरिष्ठ नेता असद कैसर ने पत्रकारों से बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा, हम सभी राजनीतिक ताकतों को एकजुट करेंगे और कानून व संविधान के दायरे में आंदोलन शुरू करेंगे। मीडिया के मुताबिक, नेशनल असेंबली के पूर्व स्पीकर कैसर ने कहा कि वे सभी प्रांतों में सड़कों पर उतरने की योजना बना रहे हैं, ताकि उनकी मांगें पूरी हो सकें।" कैसर ने कहा, "हमारा आंदोलन जारी रहेगा। सभी राजनीतिक ताकतों को एक साथ लाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन करेंगे।

# 10 मई के बाद मालदीव में भारतीय सेना नहीं रहेगी मौजूद

माले (मालदीव), एजेंसी

- मुइज्जू बोले-कोई भी भारतीय सैनिक सादे कपड़ों में भी मौजूद नहीं रहेगा



भारत विरोधी बयानबाजी तेज करते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्य कर्मी मौजूद नहीं रहेगा, यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं। मीडिया में आई एक खबर में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

मुइज्जू का यह बयान तब आया है जब एक सप्ताह से भी कम समय पहले भारत की असैन्य टीम मालदीव में एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समयसीमा तय की थी।

मीडिया के अनुसार, उन्होंने द्वीप के इधाफुशी आवासीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने में उनकी सरकार की सफलता के कारण झूठी अफवाहें फैला रहे लोग स्थिति को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं। मीडिया ने चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के हवाले से कहा, यह कहना कि ये लोग (भारतीय सेना) देश छोड़कर जा नहीं रहे हैं, वे सादे कपड़े पहनकर अपनी वर्दी बदलने के बाद वापस लौट रहे हैं। हमें ऐसे विचार नहीं लाने चाहिए जो हमारे दिलों में संदेह पैदा करें और झूठ फैलाएं। उन्होंने कहा, ''10 मई के बाद देश में कोई भारतीय सैनिक मौजूद नहीं रहेगा। न ही वर्दी में और न ही सादे कपड़ों में। भारतीय सेना किसी भी तरह के कपड़ों में इस देश में नहीं रहेगी। मैं विश्वास के साथ यह कहता हूं। उन्होंने यह बयान ऐसे दिन दिया है जब उनके देश ने निशुल्क सैन्य सहायता हासिल करने के लिए चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले, मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत इस द्वीपीय देश में तीन विमानन प्लेटफॉर्म में अपने सैन्यकर्मियों को बदलेगा और इस प्रक्रिया का पहला चरण 10 मार्च तक पूरा किया जाएगा।

### बद्रीनाथ धाम ने ओढ़ी बर्फ की चादर...





**चमोली :** उत्तराखंड में पहाड़ों पर ताजा बर्फबारी हुई। इस दौरान चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट भी बर्फ की सफेद चादर से ढक गए। चमोली स्थित बद्रीनाथ धाम, पिथौरागढ़ व बागेश्वर समेत हिमालय की ऊंची चोटियों में ताजा बर्फबारी हुई है। ताजा बर्फबारी से बद्रीनाथ धाम में लगभग दो फीट तक बर्फ जम गईं। अन्य उंचाई वाले स्थान हिमपात के बाद बर्फ की मोटी सफेद चादर में लिपट गए जबकि निचले इलाकों में बर्फबारी से ठिठुरन और बढ़ गई है। ● एजेंसी

## देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होताः विदेश मंत्री जयशंकर

सियोल, एजेंसी

- दक्षिण कोरिया में भारतीय प्रवासियों से मिले विदेश मंत्री



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि वह युग जब कुछ ताकतों ने वैश्विक व्यवस्था को पुनर्निर्धारित करने में अत्यधिक प्रभाव का प्रयोग किया था, अब वह बीत चुका है इसलिए भारत और दक्षिण कोरिया की इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से योगदान करने की जिम्मेदारी बढ़ती जा रही है।

बता दें, विदेश मंत्री एस जयशंकर तीन दिनों के एशिया के दौरे पर हैं। इसी क्रम में वे दक्षिण कोरिया और भारत के बीच 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक में शामिल होने के लिए सियोल पहुंचे। जयशंकर ने दक्षिण कोरिया में रहने वाले भारतीय प्रवासियों से भी मुलाकात की। सियोल में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने देश की प्रगति में उनके योगदान को सराहा।

उन्होंने कहा कि अपने देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होता। जो लोग विदेश में रहते हैं वे जानते हैं कि उनके दिल और दिमाग का एक बड़ा हिस्सा हमेशा भारत में रहता है। विदेश मंत्री ने कहा कि आप सभी अलग-अलग तरीकों से हमारे देश की प्रगति में योगदान देते हैं।

# भारत द्विराष्ट्र समाधान का समर्थक :रूचिरा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- यूएन में स्थायी प्रतिनिधि रूचिरा ने गाजा में संघर्ष को लेकर जताई गहरी चिंता



इजराइल-हमास के बीच पिछले पांच महीने से चल रहे युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने गाजा की स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की। साथ ही उन्होंने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की।

भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां इजराइल की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए फिलिसतीनी एक स्वतंत्र देश में खुलकर जी सकें। वीटो के इस्तेमाल पर सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए कंबोज ने कहा कि संघर्ष पर भारत की स्थिति स्पष्ट रही है और कई मौकों पर यह कहा गया है। उन्होंने कहा, दोनों पक्षों के बीच सीधी और सार्थक बातचीत के जरिए हासिल किया गया केवल दो राष्ट्र समाधान ही स्थायी शांति ला सकेगा। भारत दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है जहां फिलिस्तीनी लोग इजराइल की सुरक्षा जरूरतों का सम्मान करते हुए सुरक्षित सीमाओं के भीतर एक स्वतंत्र देश में खुलकर रह सकें। उन्होंने सभी बंधकों को रिहा करने, उकसावे वाली कार्रवाइयों से बचने और सीधी शांति वार्ता जल्द शुरू करने की स्थितियां बनाने की दिशा में काम करने का आग्रह करते हैं।

### इजराइल में रहने वाले भारतीयों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की हिदायत

इजराइल में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को एक एडवाइजरी जारी की है। जिसमें सीमा क्षेत्रों में काम करने वाले अपने नागरिकों से मौजूदा परिस्थितियों के कारण देश के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने का आग्रह किया गया है। दूतावास ने अपनी एडवाइजरी में कहा, मौजूदा सुरक्षा स्थिति और स्थानीय सुरक्षा सलाह के मद्देनजर, इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से उत्तर और दक्षिण में सीमावर्ती क्षेत्रों में काम करने वाले या आने वाले लोगों को, इजराइल के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने की सलाह दी जाती है। एक दिन पहले एक भारतीय की मौत के बाद यह सलाह जारी की गई है।

## भारतीय सेना का प्रशिक्षु विमान खेत में गिरा, पायलट घायल

गया, एजेंसी



तकनीकी खराबी के कारण अचानक सेना का प्रशिक्षु विमान गांव के खेत में गिर गया। विमान के गिरते ही ग्रामीणों के बीच अफरातफरी का माहौल मच गया। कुछ ही देर में विमान को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई। घटना गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र अंतर्गत बगदाहा गांव की है।

इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि बगदाहा गांव में सेना का माइक्रो एयरक्राफ्ट का इंजन अचानक फेल हो जाने के कारण क्रैश होकर खेत में गिर गया। एयरक्राफ्ट पर दो पायलट सवार थे। लेकिन इस घटना में दोनों पायलटों को मामूली चोटें आईं हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विमान का प्रशिक्षण देने के लिए दो पायलट गया के ओटीए से उड़ान भरे थे। जैसे ही एयरक्राफ्ट बोधगया के बगदाहा गांव के पास पहुंचा, अचानक तेज आवाज के साथ जा गिरा। उस दौरान थोड़ी देर के लिए गांव के ग्रामीणों के बीच अफरातफरी मच गई। गिरने के बाद सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ लग गई। हालांकि घटना की सूचना के बाद घटनास्थल पर सेना के अधिकार पहुंच गए। फिलहाल क्षतिग्रस्त एयरक्राफ्ट को प्लास्टिक कवर से ढक कर वापस कैंप ले जाने की तैयारी में जुट गए है। घटनास्थल पर मौजूद सेना के एक अधिकारी ने ऑफ द रिकॉर्ड बताया कि माइक्रो एयरक्राफ्ट प्रशिक्षण के लिए उड़ान भरा था।

**विज्ञान** नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में जेम्स टेलिस्कोप की नजर, जुलाई से शुरू होगी खोज

# ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी के अब खुलेंगे रहस्य

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ब्रह्मांडीय खोज की दुनिया में खगोलविदों ने अपने लिए नए लक्ष्य निर्धारित किए हैं। जिसकी पूर्ति जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप से होगी। लक्ष्य में ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी को शामिल किया गया है। इस वर्ष जुलाई से अगले वर्ष जून के बीच खगोलीय खोज की दुनिया में नए आयाम स्थापित हो सकेंगे।

ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी ब्रह्मांड में छिपे वह रहस्य हैं, जिनके बारे में विज्ञान आज भी अनभिज्ञ है। हालांकि ब्लैक होल के बारे में काफी कुछ जानकारी है, जो वैज्ञानिक दृष्टि से पर्याप्त नही है। बड़ी बात यह है कि ब्लैक होल ब्रह्मांड की अदृश्य महाशक्ति है। लिहाजा इसके बारे में प्रत्येक जानकारी बेहद जरूरी है। जिस कारण ब्लैक होल को भी लक्ष्य में रखा गया है।

एक्सोमून (बाहरी ग्रहों के चंद्रमा) की बात करें तो अभी तक इस दिशा में खोज का आंकड़ा शून्य है। यह स्वाभाविक है कि दूसरे तारों के अपने ग्रह हैं तो उनके उपग्रहों की भी अलग दुनिया होगी। जिनके बारे में हम कुछ नही जानते। यह भी संभव है कि किसी ब्रह्मांड के किसी एक्सोमून में ही जीवन हो। जिसके चलते एक्सोमून की खोज को पहली बार लक्ष्य बनाया गया है। डार्क एनर्जी की बात करें तो यह वह शक्ति है जो ब्रह्मांड के बड़े हिस्से में अपना वर्चस्व रखता है। मगर आज तक इसके बारे में हम अंजान हैं। लंबे समय से इस महाशक्ति पर शोध किये जा रहे हैं। मगर इसकी वास्तविकता का पता नही लग सका है। मगर जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप इस दिशा में गूढ़ रहस्यों का पर्दाफाश कर पाएगी।



जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप के साथ ब्लैक होल व एक्सोप्लानेट की काल्पनिक तस्वीर।

### जुलाई से जून 2025 तक दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक होंगे शामिल

नासा के स्पेस टेलेस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट ने जुलाई 2024 से जून 2025 के बीच का समय निर्धारित किया है। यह टेलेस्कोप 5500 घंटे खोज करेगी। इस कार्य में दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक शामिल होने रहे हैं। जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप अंतरिक्ष में पृथ्वी से 15 किमी की दूरी पर स्थित है, जो आधुनिक खगोल विज्ञान की विशाल आंख है और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। यह टेलेस्कोप अभी तक कई कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है और अब इसकी अगली रोचकपूर्ण खोज को लेकर दुनिया के वैज्ञानिको की नजरें इस पर रहेंगी।

# भारत का पुनरुत्थान कायम रहेगा, यहां से पीछे नहीं हटेगा

वाशिंगटन, एजेंसी

- स्टैनफोर्ड विवि में छात्रों से बोले शीर्ष कोर्ट के वकील



सुप्रीम कोर्ट के एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों से कहा कि भारत का पुनरुत्थान, जो भूराजनीति, धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सहित कई कारकों का परिणाम रहा है, कायम रहने वाला है और देश यहां से पीछे नहीं हटने वाला है।

सुप्रीम कोर्ट के वकील और लेखक जे साई दीपक स्टैनफोर्ड इंडिया डायलॉगः द लीडर्स ऑफ टुमॉरो में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'सच्चाई यह है कि सत्तर, अस्सी और नब्बे के दशक की पीढ़ी भारत को एक रोमांचक कहानी के रूप में देख रही है। अब वे इसका हिस्सा बनना चाहते हैं, जो मुझे लगता है कि स्वागत योग्य है। यह शानदार है। मुझे निश्चित रूप से विश्वास है कि भारत के अतीत में पुनरुत्थान एक एकल परिवर्तनीय समीकरण नहीं है। यहां कई कारक हैं जैसे भू-राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और न जाने क्या-क्या। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन यह यहां रहने के लिए है और मुझे लगता है कि यह यहां से वापस नहीं जा रहा है।' बता दें, दिनभर चलने वाले सम्मेलन का आयोजन स्टैनफोर्ड इंडिया पॉलिसी एंड इकोनॉमिक्स क्लब (एसआईपीईसी) ने मोटवानी जडेजा फाउंडेशन के साथ साझेदारी में किया था।